राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 लॉर्ड्स के एमसीसी यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग...

गुरु पूर्णिमा पर सीएम योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशेष पूजन... 12



वर्ष : 13 | अंक : 91 | पटना, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, वोटर पुनरीक्षण पर तत्काल रोक लगाने से इंकार

**बिहार में जारी रहेगा वोटर लिस्ट पुनरीक्षण अभियान, 28 जुलाई को होगी अगली सुनवाई**

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में चुनाव से पहले कराये जा रहे वोटर पुनरीक्षण पर तत्काल रोक लगाने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में गुरूवार को दिन भर की बहस चली। इसके बाद कोर्ट ने कहा कि वह चुनाव आयोग जैसे संवैधानिक संस्था के काम पर रोक नहीं लगा सकता है। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से आग्रह किया है कि वह वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड जैसे दस्तावेज को शामिल करने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट में आज जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई।




कांग्रेस, टीएमसी, राजद, सीपीआई (एम) समेत कई विपक्षी पार्टियों ने बिहार में मतदाता गहन पुनरीक्षण पर रोक लगाने की मांग की। हालांकि, चुनाव आयोग ने याचिकाओं पर आपत्ति जताई और कहा कि चुनाव आयोग का सीधे मतदाताओं से रिलेशन है। पूर्व अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने चुनाव आयोग की तरफ से पक्ष रखा, जबकि कपिल सिब्बल और गोपाल शंकर नारायण ने याचिकाकताओं की ओर से दलील दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बिहार में चुनाव आयोग के मतदाता सूची को संशोधित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं एक ऐसे मुद्दे को उठाती हैं, जो लोकतंत्र की जड़ों को प्रभावित करता है, जिसमें वोट देने का अधिकार शामिल है। याचिकाकताओं के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा, इसमें कोई शक नहीं कि यह मुद्दा लोकतंत्र की जड़ों से जुड़ा है, वोट का अधिकार। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता न केवल चुनाव आयोग के विशेष गहन संशोधन की शक्ति को चुनौती दे रहे हैं, बल्कि इसकी प्रक्रिया और समय पर भी सवाल उठा रहे हैं। हालांकि, चुनाव आयोग का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने कोर्ट से इस स्तर पर एसआईआर प्रक्रिया में हस्तक्षेप न करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, संशोधन प्रक्रिया पूरी होने दें, फिर पूरी तस्वीर देखी जा सकती है। इस पर बेंच ने कहा कि एक बार मतदाता सूची संशोधित होकर विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी हो जाएगी, तो कोई भी कोर्ट इसे नहीं छुएगा। याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम सभी याचिकाओं पर नहीं जाएंगे। हम मूल कानूनी सवालों पर बात करेंगे। सबसे पहले एडीआर की तरफ से वकील गोपाल शंकर नारायण ने दलील रखी। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकर नारायण ने कहा कि मतदाता गहन पुनरीक्षण में 11 दस्तावेजों को अनिवार्य किया गया है। यह पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण है। एसआईआर का फैसला न तो आरपी एक्ट में है और न ही इलेक्शन रूल में है। आयोग कहता है कि एक जनवरी 2003 के बाद मतदाता सूची में नाम लिखवाने वालों को अब दस्तावेज देने होंगे। यह भेदभावपूर्ण है।नारायण ने कहा, 1 जुलाई 2025 को 18 साल की उम्र वाले नागरिक वोटर लिस्ट में शामिल हो सकते हैं। वोटर लिस्ट की समरी, यानी समीक्षा हर साल नियमित रूप से होती है। इस बार की भी हो चुकी है। लिहाजा अब इसे करने की जरूरत नहीं है। इस पर जस्टिस धूलिया ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि आप ये नहीं कह सकते कि चुनाव आयोग जो कर रहा है, वो कर नहीं सकता है। चुनाव आयोग तारीख तय कर रहा है, इसमें आपको आपत्ति क्या है? आप तर्कों के माध्यम से साबित करें कि आयोग सही नहीं कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने दी देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। गुरु पूर्णिमा का पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए मनाया जाता है। भारतीय परंपरा में गहराई से जुड़ा यह दिन गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सम्मानित करता है, जो लोगों को अज्ञान से ज्ञान की ओर ले जाते हैं। पीएम मोदी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, गुरु पूर्णिमा के विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री के अलावा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस शुभ दिन पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और भारतीय संस्कृति में गुरु-शिष्य के रिश्ते के महत्व को बताया।

### भाजपा नेतृत्व और सरकार उदासीनता की सारी हदें पार कर चुके हैं : खरगे

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात के वडोदरा में एक पुल ढहने की घटना का हवाला देते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सिर्फ भाषण और विज्ञापनबाजी में व्यस्त भाजपा नेतृत्व और सरकार उदासीनता की सारी हदें पार कर चुके हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि यह नेतृत्व संकट, चौतरफा भ्रष्टाचार और सरकार चलाने की क्षमता में कमी का नतीजा है। अधिकारियों ने बताया कि वडोदरा में बुधवार सुबह लगभग चार दशक पुराने एक पुल का कुछ हिस्सा ढह जाने के कारण 13 लोगों की मौत हो गई। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, देश में आए दिन दुर्घटनाएँ आम बात हो गई हैं। कभी रेल दुर्घटना, कहीं उद्घाटन के साथ ही पुल में दरार आना। अभी विमान दुर्घटना के हादसे से देश उबर नहीं पाया है कि कल गुजरात से पुल ढहने की खबर आ गई। 13 मासूम जानें चली गई। उन्होंने पीड़ितों के परिजन के प्रति संवेदना प्रकट की। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, खबरों के अनुसार तीन साल पहले ही पुल हिलने से खतरनाक स्थिति की बात कही गई थी। फिर भी कुछ नहीं किया गया। 2021 से यह गुजरात में पुल गिरने की सातवीं घटना है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूरे देश में शासन के नाम पर केवल भाषण और विज्ञापनबाजी में व्यस्त भाजपा नेतृत्व और सरकार उदासीनता की सारी हदें पार कर चुके हैं। खरगे ने दावा किया कि यह नेतृत्व संकट, चौतरफा भ्रष्टाचार और सरकार चलाने की क्षमता में कमी, और अक्षमता का नतीजा है।

### 15 अगस्त तक सभी 75 वार्डों में लगेंगे 3750 स्ट्रीट लाइट

पटना। पटना नगर निगम ने शहर भर में खराब स्ट्रीट लाइट्स की समस्या को दूर करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। एक तरफ जहां बरसात में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत के लिए प्रतिदिन टीम निकल रही है वहीं दूसरी तरफ सभी 75 वार्डों में नए 50-50 स्ट्रीट लाइट लगाए जाएंगे। गौरतलब है कि एएरछ के द्वारा जुलाई के अंत तक पटना नगर निगम के सभी 75 वार्डों के लिए स्ट्रीट लाइट उपलब्ध करवा दिया जाएगा। जिसे 15 अगस्त तक सभी वार्डों में सुविधा मिलने लगेगी। त्योहार के पूर्व तक सभी वार्डों में नए लाइट लगाए जाएंगे। इसके साथ ही नगर आयुक्त के निर्देश पर टीम द्वारा खराब स्ट्रीट लाइट का सर्वे सभी वार्ड में किया गया

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन की बढ़ी राशि 1100 रुपये आज लाभुको के खाते में आएगी

# हमारी प्राथकिमता समाज के हर तबके को मिले सम्मान : नीतीश

## बोलें-आज का दिन बड़ी आबादी के लिए अत्यंत खुशी का दिन है

**बिहार के 1.11 करोड़ लोगों के खाते में आज आएंगे 1227 करोड़ रुपये**



प्रात : किरण

पटना। बिहार के1.11 करोड़ पेंशनधारकों के खाते में शुक्रवार यानी आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 1227 करोड़ रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे जमा की जाएगी। सीएम नीतीश कुमार ने खुद इसकी जानकारी एक्स पर दी है। दरअसल, नीतीश सरकार ने दिव्यांग, विधवा और बुजुर्गों की पेंशन 400 रुपये प्रति माह से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी थी। यह पहली बार है जब बढ़ी हुई पेंशन लाभार्थियों के खातों में आएगी, जिसका उन्हें बेसब्री से इंतजार है। चुनावी वर्ष के मद्देनजर, सरकार इस कार्यक्रम को भव्य तरीके से आयोजित करने जा रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने इसकी पूरी तैयारियां कर ली हैं। पटना में शुक्रवार को राज्य स्तरीय समारोह होगा, जहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पेंशन राशि का वितरण करेंगे। इसके अलावा, सभी 38 जिलों के मुख्यालयों, 534 प्रखंड मुख्यालयों, 8053 पंचायतों और 43 हजार से अधिक राजस्व गावों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सरकार का दावा है कि इन कार्यक्रमों में पूरे राज्य से 60 लाख से अधिक लाभार्थी शामिल होंगे। सीएम ने गुरूवार को सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कहा कि राज्य में समाज के हर वर्ग और हर तबके के लोगों को उनका पूरा हक और सम्मान मिले, ये शुरू से ही हमारी प्राथमिकता रही है। आज का दिन राज्य की एक बड़ी आबादी के लिए अत्यंत खुशी का दिन है। आपको पता है कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 400 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए कर दी गई है और आज राज्य के 1 करोड़ 11 लाख से अधिक लाभार्थियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से बढ़ी हुई दर से 1227.27 करोड़ रुपए की राशि अंतरित कर दी जाएगी।

आज मैंने समाचार पत्र में बख्तियारपुर की सुशीला देवी, मोकामा के चंदवारी निवासी लक्ष्मी देवी, पालीगंज की बांदी खातून, मसौढ़ी के तारेगना डीह निवासी महेंद्र प्रसाद, बिक्रम प्रखंड के दिनारा निवासी भट्टू कुमार और उनकी पत्नी गीता कुमारी सहित कई अन्य लोगों की प्रतिक्रिया देखी। इन सभी का कहना है कि पेंशन की राशि बढ़ने से उनका मासिक खर्च आसानी से निकल जाएगा तथा अब उन्हें किसी के सामने हाथ नहीं फैलाना पड़ेगा। यह अत्यंत संतोष की बात है। हम चाहते हैं कि आप सभी स्वस्थ एवं सुखी रहें और इसीलिए मैंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया है कि आप सभी को आयुष्मान भारत कार्ड भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें ताकि अस्वस्थता की स्थिति में आपको निःशुल्क उचित उपचार मिल सके। वृद्धजन, विधवा महिलाएं एवं दिव्यांगजन समाज का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और उनका जीवन बेहतर करने के लिए हमलोग लगातार काम कर रहे हैं।

## नेपाल चाईना बॉर्डर के रसुआ में बांध टूटा, 18 लोग लापता

**● दो का शव गंडक बराज से नेपाल पुलिस ने बरामद किया**

प्रात: किरण/एजेंसी

बगहा।नेपाल चीन बॉर्डर के रसुआ में 8 जुलाई की अहले सुबह घटी हृदय विदारक विनाशकारी घटना में लापता 18 लोगों में से दो का शव गुरुवार को गंडक बराज से बरामद कर लिया गया है।बतादें, चीन बॉर्डर से सटे नेपाल के रसुआ के समीप मुसलाधार बारिश के बाद चाईना का बांध टूटने से तेज धार के साथ आई पानी की सैलाब ने 5 चाईनीज, एक नेपाल पुलिस एएसआई सहित चार नेपाल पुलिस के जवान एवं 9 नेपाली नागरिक लापता हो गए। जिसकी सूचना नेपाल प्रशासन द्वारा हर जिले में दी गई। नेपाल प्रशासन द्वारा त्रिवेणी चौकी को मिली सूचना के बाद नेपाल पुलिस बुधवार शाम से गंडक बराज के सभी फाटकों पर निगरानी करने लगी। नेपाल के त्रिवेणी चौकी इंचार्ज महेश राय माझी के नेतृत्व में नेपाल एपीएफ व नेपाल पुलिस के जवान गंडक बराज के एक नंबर फाटक नियंत्रण कक्ष के पास पहुंच दो शवों को देखा। नेपाल पुलिस द्वारा दो शवों अपने कब्जे में लेकर जिला अस्पताल नवल परासी भेज दिया। जहां उसकी पहचान की जाएगी।

चौकी इंचार्ज महेश राय माझी ने बताया कि नेपाल चीन बॉर्डर के रसुआ में यह घटना उस समय घटी जब सब लोग सोए हुए थे। अचानक चीन सीमा पर बने बांध के टूट जाने से पानी का सैलाब नेपाल सीमा में प्रवेश करने लगा। जिसमें 5 चीन नागरिक सहित नेपाल पुलिस का एक सहायक उपनिरीक्षक व चार जवान लापता हो गए। साथ हीं स्थानीय 9 नेपाली नागरिक भी लापता हो गए। जिसकी सूचना नेपाल पुलिस को मिली।

अधिकारियों के तरफ से गंडक बराज पर निगरानी रखने का आदेश मिला। 2 शव बरामद हो चुके हैं। बाकी शवों के लिए निगरानी की जा रही है। लापता लोगों के शवों के बरामदगी को लेकर नेपाल पुलिस द्वारा गंडक नदी तथा नेपाल के अन्य नदियों के तटीय क्षेत्र में लापता लोगों के बरामदगी को लेकर मॉक ड्रिल किया जा रहा है।

## पीएम मोदी पांच देशों की यात्रा कर स्वदेश लौटें

# चार देशों ने दिया मोदी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान

प्रात: किरण




नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह आठ दिवसीय विदेश यात्रा के बाद स्वदेश लौट आए। उन्होंने 2 से 9 जुलाई तक अफ्रीका और दक्षिण अमेरिका के पांच देशों-घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया-का दौरा किया। इस दौरान उन्हें चार देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया। पीएम मोदी की यह यात्रा ग्लोबल साउथ के साथ भारत के संबंधों को और प्रगाढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रही। पीएम मोदी ने तीन अफ्रीकी देशों-घाना, त्रिनिदाद और नामीबिया-का दौरा किया, जिनकी भौगोलिक और रणनीतिक स्थिति भारत के वैश्विक दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी का दौरा घाना से शुरू हुआ। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य तय किया। पीएम मोदी को घाना का सर्वोच्च नागरिक सम्मान द ऑफिसर ऑफ द ऑर्डर ऑफ द स्टार ऑफ घाना प्रदान किया गया। त्रिनिदाद एवं टोबैगो की 1999 के बाद यह पहली भारतीय प्रधानमंत्री की द्विपक्षीय यात्रा थी। यहां भी उन्हें देश का सर्वोच्च सम्मान ह्यद ऑर्डर ऑफ द रिपब्लिक ऑफ त्रिनिदाद एंड टोबैगो से नवाजा गया। प्रधानमंत्री मोदी की अर्जेंटीना यात्रा 57 वर्षों बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली द्विपक्षीय यात्रा रही है। उन्होंने राष्ट्रपति जेवियर माइली से मुलाकात कर कृषि, ऊर्जा, व्यापार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। ब्राजील के रियो डी जनेरियो में पीएम मोदी ने 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लिया और ब्रासीलिया में राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा से द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और व्यापार सहयोग पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी के इस विदेशी दौरे का अंतिम चरण नामीबिया रहा। राष्ट्रपति नेटुम्बो नांदी-न्डैतवाह ने प्रधानमंत्री मोदी को ऑर्डर ऑफ द मोस्ट एंशिएंट वेल्वित्चिया मिराबिलिस से सम्मानित किया। पीएम मोदी ने इस सम्मान को भारत-नामीबिया मित्रता को समर्पित किया। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा न केवल कूटनीतिक दृष्टिकोण से सफल रही, बल्कि भारत की सॉफ्ट पावर और वैश्विक नेतृत्व की भूमिका को भी सुदृढ़ करती है।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की अहम बैठक

प्रात: किरण

रांची। पूर्वी क्षेत्रीय अंतरराज्यीय परिषद की 27वीं बैठक गुरुवार को रांची में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुरू हो गई है। होटल रेडिशन ब्लू में चल रही इस बैठक में झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओडिशा के बीच अंतरराज्यीय समन्वय से जुड़े कुल 20 एजेंडों पर चर्चा हो रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री पार्वती परिदा और मंत्री मुकेश महालिंग, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं मंत्री विजय चौधरी और पश्चिम बंगाल के वित्त मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के अलावा चारों राज्यों के कई वरिष्ठ अधिकारी



बैठक में उपस्थित हैं। विभिन्न विषयों पर झारखंड का पक्ष रखने के लिए 15 वरिष्ठ आईएएस-आईपीएस की टीम बैठक में मौजूद है।

बैठक में भाग लेने के लिए पहुंचने पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वागत किया। बैठक में झारखंड-पश्चिम बंगाल के बीच मयूराक्षी डैम जल विवाद, अपर महानंदा जल योजना के तहत फुलबारी डैम की कॉस्ट शेयरिंग, बिहार में इंद्रपुरी जलाशय परियोजना का निर्माण, व्यापक गाद प्रबंधन नीति, बैंक शाखाओं की गांवों में पहुंच, बच्चों-महिलाओं से दुष्कर्म, पोक्सो अधिनियम आदि के मामले में त्वरित अनुसंधान, राज्यों में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट की अद्यतन स्थिति, इमरजेंसी रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम 112 की अद्यतन स्थिति, पश्चिम बंगाल में जमीन अधिग्रहण में विलंब के चलते बीएसएफ के बटालियन और इसके सेक्टर मुख्यालय की स्थापना में हो रहे विलंब जैसे मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।

## मुख्यमंत्री ने राजगीर में चल रहे कई विकास कार्यो का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

# राजगीर में चल रहें विकास कार्यों को शीघ्र करें पूरा : नीतीश

प्रात: किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को प्रस्तावित सालेपुर-राजगीर बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ निर्माण के एलायनमेंट एवं निमाणार्धीन राजगीर क्रिकेट स्टेडियम का स्थलीय निरीक्षण के दौरान संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर खेल परिसर में निमाणार्धीन क्रिकेट स्टेडियम का स्थल निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने निमाणार्धीन क्रिकेट स्टेडियम का निरीक्षण करने के पश्चात राजगीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को राजगीर में चल रहे विकास कार्यों, राजगीर को सम्पर्कता



प्रदान करने वाले वैकल्पिक पथों के निर्माण तथा राजगीर क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां चल रहे विकास कार्यों एवं राजगीर को वैकल्पिक सम्पर्कता प्रदान करने वाले पथों के निर्माण कार्य में तेजी लायें ताकि यथाशीघ्र कार्य पूर्ण हो सके। इससे पूर्व पटना से राजगीर जाने के क्रम में मुख्यमंत्री ने नालंदा जिला अन्तर्गत प्रस्तावित सालेपुर से राजगीर बुद्ध सर्किट फोर लेन पथ निर्माण के एलायनमेंट का सालेपुर मोड़ एवं बेलऊआ में स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रस्तावित पथ के एलायनमेंट में पड़ने वाले रेलवे लाइन के ऊपर एलिवेटेड पथ बनाया जायेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस पथ का कायारंभ जल्द शुरू करायें। इसके बन जाने से पटना से राजगीर जाने वाले लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी, समय की भी बचत होगी। साथ ही मुख्यमंत्री ने हसनपुर में निमाणार्धीन डाइवर्सन का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्माण कार्य जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। इससे पहले निरीक्षण के क्रम में मुख्यमंत्री ने निमाणार्धीन राजगीर क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण कार्य की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से पूरी जानकारी ली।

अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि राजगीर क्रिकेट स्टेडियम में 40 हजार दर्शकों के बैठने की व्यवस्था रहेगी।

इस क्रिकेट स्टेडियम में खिलाड़ियों तथा दर्शकों की मूलभूत सुविधाओं, मीडिया गैलरी के साथ ही हर प्रकार की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य सुनिश्चित कराया जा रहा है।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक कौशल किशोर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी डॉ गोपाल सिंह, आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ चन्द्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, नालंदा के जिलाधिकारी कुन्दन कुमार, पटना के जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिहार चुनाव के पहले खुद को बेहतर साबित करने की होड़, जदयू-राजद में पोस्टर वॉर

प्रात: किरण

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल मतदाताओं को लुभाने में जुट गए हैं। दोनों पार्टियां पोस्टरों के जरिए खुद को एक-दूसरे से बेहतर बता रही हैं। बिहार की राजधानी पटना की कई सड़कों पर लगे इन पोस्टरों में दोनों दलों के अपने-अपने दावे दिख रहे हैं। राजधानी पटना में राजद और जदयू की ओर से पोस्टर लगाए गए हैं। राजद के पोस्टरों में महागठबंधन की 17 महीने की सरकार के कामों का श्रेय लिया गया है, जब नीतीश कुमार के नेतृत्व में जदयू और राजद की सरकार थी। दूसरी ओर, जदयू के पोस्टरों में नीतीश सरकार की तारीफ की गई है और नारों के जरिए खुद को दूसरों से बेहतर बताने की कोशिश की गई है। साथ ही, फिर से एनडीए सरकार बनाने की बात कही गई है। मजेदार बात यह है कि दोनों दलों के पोस्टर पटना की सड़कों पर कई जगहों पर पास-पास ही लगे हैं। जदयू की ओर से लगाए गए पोस्टरों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तस्वीरें हैं। इनमें लिखा है, महिलाओं की जय-जयकार, फिर से एनडीए सरकार, नौकरी, रोजगार, खुशहाल बिहार, फिर से एनडीए सरकार और लग रहे उद्योग, मिल रहा रोजगार, फिर से एनडीए सरकार। दूसरी तरफ, राजद की ओर से लगाए गए पोस्टरों में तेजस्वी यादव की तस्वीर है। इनमें लिखा है, 2025-2030 बिहार मांगे 17 महीनों वाली तेजस्वी सरकार और तरक्की, खुशहाली, शांति, 2025-2030 तेजस्वी क्रांति, जिसमें राजद ने एनडीए से बेहतर होने का दावा किया है। बहरहाल, चुनाव में अभी समय है, लेकिन इन पोस्टरों से साफ है कि आने वाला चुनावी मुकाबला बहुत जोरदार होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### भगवान जगन्नाथ की निकाली भव्य शोभा यात्रा

फतुहा। सबलपुर में श्री ठाकुर विष्णु भगवान मंदिर न्यास समिति द्वारा गुरूवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा में हाथी-घोड़े, गाजे-बाजे के साथ निकली आकर्षक झांकी के साथ श्रद्धालुओं ने कच्ची दरगाह से दीदारगंज तक पूरे नगर का भ्रमण किया। इसके बाद पूरे अनुष्ठान के साथ पूजा-अर्चना की गई और भंडारे के साथ प्रसाद वितरण किया गया। मौके पर जयपाल यादव, शशिकांत सिंह, मुकेश सिंह, अर्जुन पांडेय, सचिव नरेशचन्द्र, पटना सदर प्रमुख नीलम देवी, दिलीप सिंह, मंसूर आलम, उपमुखिया अजीत कुमार, सुजय कुमार लल्लू जयपाल कुमार, राजीव सुमन, श्यामबाबू यादव समेत कई मौजूद थे।

### दो दिवसीय साई उत्सव भंडारा व साई मंत्र जाप के साथ सम्पन्न

दानापुर नगर के अंतर्गत बृहस्पतिवार को गुरू पुर्णिमा पर साई अंगना द्वारा आयोजित दो दिवसीय साई उत्सव भव्य भंडारा व साई मंत्र जाप के साथ सम्पन्न हो गया। गुरूवार के अहले सुबह श्रद्धालु महिला नासरीगंज गंगा घाट से कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां गंगा जल से बाबा का अभिषेक व मंगल स्नान के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। जिसके बाद बाबा का श्रृंगार व पूजन किया गया। मुख्य यजमान के रूप में लक्ष्मण प्रसाद पत्नी अनीता देवी शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रक्षा मंत्रालय के एडीजी संजीव कुमार, छोटे लाल, संजय सेठ, संजय पाठक, संजय सिंह, अमन सोनी, आशीष सान्याल,पंकज कोहली, सोनू ठाकुर, रोहित मालाकार, विक्की कुमार, राम बाबू गुप्ता, दिलीप गुप्ता आदि शामिल थे।पुजारी दयानंद पांडेय ने पुरे विधान से गुरूपुर्णिमा का पूजन व यज्ञ सम्पन्न कराया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। दो दिवसीय साई उत्सव में मध्याहन आरती के साथ बाबा का भंडारा की शुरूआत हुई। इससे पूर्व बाबा को 56 छप्पन भोग लगाया गया। जिसमें तरह तरह के व्यांजन लेकर श्रद्धालु पहुंचे। भंडारा में हजारो की संख्या में स्थानीय व दूर दराज के श्रद्धालुओ भंडारा मे प्रसाद लेने के पहुंचे। भंडारा की शुरूआत मुख्य अधिशासी अधिकारी सपन कुमार ने किया। श्रद्धालुओ के लिए विशेष रूप से प्रसाद का पैकट की भी व्यवस्था की गयी थी। गुरूवार को दोपहर से शुरू हुआ भंडारा देर रात तक चलता रहा लोग प्रसाद ग्रहण करते रहे।

### अखंड हरिकीर्तन को लेकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई

दानापुर नगर के अंतर्गत लक्ष्मी नारायण शिव पंचमंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव पर आयोजित अखंड हरिकीर्तन को लेकर गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। मैनपुरा स्थित शंकर स्थान से 651 कलश लिए महिला व कन्याएं रंगबिरंगे परिधानो में सुसज्जित होकर निकली। भक्ति गीतो पर झुमते व जयकारा लगाते श्रद्धालु मैनपुरा से सैनिक चौक बस पड़ाव गोलापर तकियापर होते हुए नासरीगंज के फक्कड़महतो घाट पर पहुंची। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलश में जल भराया गया। वहां से मुख्य मार्ग होते हुए कलश यात्रा पूजा स्थल पर जाकर सम्पन्न हुआ। कलश यात्रा में मुख्य रूप से भाजपा नेता शंकर सिंह, पूनम देवी, भानु सिंह, धीरज कुमार यादव, जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, बंटी गुप्ता, दयानंद महतो समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग व श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजको ने बताया कि तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के प्रथम दिन कलश यात्रा के बाद संध्या बेला में विष्णू सहस्त्र नाम पाठ, दूसरे दिन वेदी पूजन व अंखड हरिकीर्तन होगा। तीसरे दिन हरिकीर्तन का समापना पूणार्हूति व भंडारा होगा।

### अश्लील वीडियो वायरल करने की बात सामने आयी

दानापुर। नगर केअंतर्गत एक पति द्वारा पत्नी के साथ मारपीट प्रताडना व अश्लील वीडियो वायरल करने की बात सामने आयी है। इस संबंध में विवाहिता ने दानापुर थाना में लिखित शिकायत की है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। दानापुर की रहने वाली विवाहिता थाना में दिये आवेदन में बताया है कि दो वर्ष पूर्व उसकी शादी मीर गुलाबी बाग निवासी सूरज कुमार से हुआ था। विवाहिता ने पति सूरज व ससुराल वालो पर शादी के कुछ दिन बाद से ही दहेज के लिए मारपीट व प्रताड़ना करने का आरोप लगाते हुए आवेदन में बताया है कि पति ने जबरन उसे मैके के पास लाकर छोड़ दिया और मेरा अश्लील वीडियो फेसबुक पर वायरल कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि महिला द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। जिसे छानबीन के लिए महिला डेस्क को दिया गया है।

# महिलाओं के लिए सार्वजनिक स्थलों पर बनेंगे पिंक टॉयलेट

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुल 16 निकायों में 100 पिंक टॉयलेट सीट का होगा निर्माण

- नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री ने कहा- राज्य में महिलाओं को स्वच्छता एवं सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पिंक टॉयलेट एक नवीन पहल
- पिंक टॉयलेट का उपयोग और संचालन दोनों ही दायित्व निभाएंगी महिलाएं




प्रात:किरण संवाददाता

पटना। सार्वजनिक क्षेत्र से कार्यस्थल तक महिलाओं की सुरक्षा एवं संरक्षा के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा निकायों में पिंक टॉयलेट का निर्माण शुरू कर दिया गया है, जिसका संचालन एवं उपयोग महिलाओं के द्वारा ही किया जाएगा। सरकार ने महिलाओं को सार्वजनिक स्थलों पर यौन उत्पीड़न एवं हिंसा से सुरक्षा प्रदान करने और उनके स्वास्थ्य व गरिमा को अक्षुण्ण रखने के लिए सुरक्षित और निजी स्वच्छता सुविधाओं से युक्त पिंक टॉयलेट उपलब्ध कराने की पहल की है। वित्त वर्ष 2025-26 के बजट भाषण में राज्य सरकार ने महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट स्थापित करने की घोषणा की थी। उक्त घोषणा के तहत महिलाओं के लिए राज्य के विभिन्न शहरों में स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 के तहत कुल 10 निकायों में 70 सीटों के पिंक टॉयलेट की स्थापना की जा रही है। इसके अतिरिक्त राज्य योजना से भी 06 नगर निकायों में 30 सीटों की पिंक टॉयलेट बनाई जाएगी। पिंक टॉयलेट के निर्माण के लिए कुल 2.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर उच्च कोटि की स्वच्छता और अन्य सुविधाओं से युक्त पिंक टॉयलेट स्थापित किए जा रहे हैं, जिसका पिंक रंग केवल महिलाओं के उपयोग हेतु उपलब्ध टॉयलेट को पहचानने में सहायक होगा। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जिवेश कुमार ने कहा कि महिलाओं के स्वास्थ एवं गरिमा को अक्षुण्ण रखने और महिला सशक्तीकरण के लिए सुरक्षित, निजी सुरक्षा और स्वच्छता का होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं और लड़कियों को उच्च कोटि की निजी स्वच्छता सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में पिंक टॉयलेट एक नवीन पहल है। इस पिंक टॉयलेट में सभी जरूरी सुविधाएं यथा बिजली, पानी, साफ-सफाई के साथ-साथ मुख्य रूप से सेनेटरी पैड की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि जिन नगर निकायों मे पिंक टॉयलेट की स्थापना की जानी है उनमें गयाजी नगर निगम, मुजफ्फरपुर नगर निगम, बिहारशरीफ नगर निगम, पूर्णिया नगर निगम, सासाराम नगर निगम, सीतामढ़ी नगर निगम, राजगीर नगर परिषद, बोधगया नगर परिषद, सुल्तानगंज नगर परिषद, भभुआ नगर परिषद और बड़हिया नगर परिषद, बक्सर नगर परिषद, जाले नगर परिषद, सिंहवाड़ा नगर पंचायत, कमतौल-अहियारी नगर पंचायत और देव नगर पंचायत शामिल हैं। इन टॉयलेट में उपयोग किये गए सेनेटरी पैड के निस्तारण की भी सुविधा होगी। पिंक टॉयलेट के लिए हेल्पलाईन नम्बर भी जारी किए जाएंगे और इसमें महिला केयर टेकर की तैनाती की जा रही है।

# गुरु पूर्णिमा पर अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने दी शुभकामनाएं, बताया गुरु का महत्व



प्रात:किरण संवाददाता

पटना। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ ने गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर समस्त शिक्षकगण, विद्यार्थियों एवं प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर उन्होंने गुरु के जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु केवल ज्ञान के प्रदाता नहीं, बल्कि व्यक्ति के चरित्र, दृष्टिकोण और आत्मबल के निमार्ता भी होते हैं। डॉ. सिद्धार्थ ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा स्थान दिया गया है। ह्लगुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पायह्व जैसी पंक्तियाँ इस परंपरा की गहराई को दशार्ती हैं। एक सच्चा गुरु अपने शिष्य को केवल किताबी ज्ञान नहीं देता, बल्कि उसे जीवन के हर मोड़ पर नैतिकता, अनुशासन और मूल्य आधारित सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि आज के बदलते समय में शिक्षकों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। डिजिटल युग में जहाँ सूचनाएं उपलब्ध हैं, वहीं उन्हें दिशा देने वाला गुरु ही होता है जो ज्ञान को चरित्र निर्माण ।

# श्रावणी मेला के ले और 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

प्रात:किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा कई श्रावणी मेला स्पेशल टेज्न का परिचालन किया जायेगा । इसी कड़ी में और 04 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी सं. 03270/03269 आरा-जसीडीह-आरा श्रावणी मेला स्पेशल (पटना-झाझा के रास्ते ) (सप्ताहिक) :- गाड़ी सं. 03270 आरा-जसीडीह श्रावणी मेला स्पेशल 13.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रत्येक रविवार को आरा से 00.15 बजे खुलकर सभी स्टेशनों एवं हाल्टों पर रूकते हुए 12.10 बजे जसीडीह पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 03269 जसीडीह-आरा श्रावणी मेला स्पेशल 13.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रत्येक रविवार को जसीडीह से 12.30 बजे खुलकर सभी स्टेशनों एवं हाल्टों पर रूकते हुए 23.45 बजे आरा पहुंचेगी । 2. गाड़ी सं. 05716/05715 कटिहार-देवघर-कटिहार श्रावणी मेला स्पेशल (पूर्णिया-अररिया-फारबिसगंज-सरायगढ़-सुपौल-सहरसा-मानसी-सब्दलपुर-मुंगेर- सुलतानगंज-भागलपुर के रास्ते ) (सप्ताहिक) :- गाड़ी सं. 05716 कटिहार-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 10.07.2025 से 07.08.2025 तक प्रत्येक गुरूवार को कटिहार से 14.20 बजे खुलकर अगले दिन 04.15 बजे देवघर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05715 देवघर-कटिहार श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 08.08.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को देवघर से 05.45 बजे खुलकर उसी दिन 21.10 बजे कटिहार पहुंचेगी । गाड़ी सं. 05926/05925 डिब्रूगढ़-देवघर-डिब्रूगढ़ श्रावणी मेला स्पेशल (गुवाहाटी-कामाख्या-न्यू जलपाईगुड़ी-कटिहार-मानसी-सब्दलपुर-मुंगेर-सुलतानगंज- भागलपुर के रास्ते ) (सप्ताह में पांच दिन) :- गाड़ी सं. 05926 डिब्रूगढ़-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 10.07.2025 से 09.08.2025 तक प्रत्येक गुरूवार, शुक्रवार, शनिवार, सोमवार, एवं मंगलवार को डिब्रूगढ़ से 09.40 बजे खुलकर अगले दिन 20.25 बजे देवघर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 05925 देवघर-डिब्रूगढ़ श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 10.08.2025 तक प्रत्येक शुक्रवार, शनिवार, रविवार, मंगलवार एवं बुधवार को देवघर से 21.55 बजे खुलकर तीसरे दिन 08.30 बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी । गाड़ी सं. 08646/08645 रांची-भागलपुर-रांची श्रावणी मेला स्पेशल (बरकाकाना-कोडरमा-तिलैया-नवादा-किउल-सुलतानगंज के रास्ते ) (सप्ताह में तीन दिन):- गाड़ी सं. 08646 रांची-भागलपुर श्रावणी मेला स्पेशल 10.07.2025 से 10.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - रविवार, मंगलवार एवं गुरूवार को रांची से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 12.05 बजे भागलपुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 08645 भागलपुर-रांची श्रावणी मेला स्पेशल 11.07.2025 से 11.08.2025 तक सप्ताह में तीन दिन - सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को भागलपुर से 13.10 बजे खुलकर अगले दिन 03.30 बजे रांची पहुंचेगी ।

# डेयरी स्थापित करने के लिए 75 प्रतिशत तक का अनुदान दे रही है बिहार सरकार

## गाय या भैंस पालन के लिए ऋण और अनुदान के लिए 25 जुलाई तक करें आवेदन

प्रात:किरण संवाददाता




पटना। बिहार सरकार राज्य के बेरोजगार युवक-युवतियों और किसानों को डेयरी की स्थापना कर अपने लिए स्वरोजगार पाने का सुहनरा मौका दे रही है। इसके लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने गाय और भैंस पालन से संबंधित कई योजनाओं में अनुदान का लाभ उठाने के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इन योजनाओं में देशी गौपालन योजना, समग्र भैंस पालन योजना और समग्र गव्य विकास योजना शामिल है। इनमें डेयरी की लागत का 75 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। इन सभी योजना का लाभ उठाने के लिए 25 जुलाई 2025 तक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। माना जा रहा है कि बिहार सरकार की इन योजनाओं से राज्य में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने और बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार दिलाने में बड़ी मदद मिलेगी। समग्र भैंस पालन योजना समग्र भैंस पालन योजना 2025-26 योजना के तहत 1 या 2 उन्नत नस्ल की दूध देने वाली भैंस खरीदने के लिए किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना में अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए 75% और अन्य समूहों के लिए 50% तक की अनुदान देने की घोषणा की गई है। एक भैंस के लिए 1,21,000 रुपये और 2 भैंस के लिए 2,42,000 रुपये की लागत निर्धारित की गई है, जिसपर पर अनुदान राशि उपलब्ध होगी। इसमें अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लिए क्रमशः 90,750 रुपये और 1,81,500 रुपये, जबकि अन्य वर्गों के लिए 60,500 रुपये और 1,21,000 रुपये का अनुदान दिया जाएगा। देशी गौपालन प्रोत्साहन योजना देशी गौपालन योजना और समग्र गव्य विकास योजना के अंतर्गत दो, चार उन्नत नस्ल के दुधारू मवेशियों /बाछी- हीफर की डेयरी इकाइयों की स्थापना के लिए ऋण-सह-अनुदान की सुविधा दी जा रही है। दो मवेशियों की इकाई के लिए 1.74 लाख रुपए, चार मवेशियों के लिए 3.90 लाख रुपए की लागत निर्धारित की गई है, जिसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति को 75% और अन्य को 50% अनुदान मिलेगा। समग्र गव्य विकास योजना समग्र गव्य विकास योजना के अंतर्गत दो, चार, पंद्रह और बीस उन्नत नस्ल के दुधारू मवेशियों/बाछी- हीफर की डेयरी इकाइयों की स्थापना के लिए ऋण-सह-अनुदान की सुविधा दी जा रही है। दो मवेशियों की इकाई के लिए 1.74 लाख रुपए, चार मवेशियों के लिए 3.90 लाख रुपए की लागत निर्धारित की गई है, जिसमें अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति/जनजाति को 75% और अन्य को 50% अनुदान मिलेगा। वहीं पंद्रह और बीस मवेशियों की इकाइयों पर सभी वर्गों को 40% अनुदान मिल रहा है। जिसमें पंद्रह मवेशियों/बाछी -हीफर के लिए 15.34 लाख रुपए और बीस मवेशियों/बाछी -हीफर के लिए 20.22 लाख रुपए की लागत निर्धारित की गई है। अब तक आ चुके है 6321 आवेदन देशी गौपालन प्रोत्साहन योजना के तहत डेयरी स्थापित करने के लिए अब तक 02 दुधारू मवेशी श्रेणी में 1128 आवेदन आ चुके हैं। वहीं 04 दुधारू मवेशी के श्रेणी में 871 आवेदन आए हैं। इस तरह से इस योजना के तहत कुल 1999 आवेदन आ चुके हैं। समग्र गव्य विकास योजना के तहत डेयरी स्थापित करने के लिए अब तक 2 दुधारू मवेशी श्रेणी में 2201 आवेदन आ चुके हैं। वहीं 4 दुधारू मवेशी श्रेणी में 911, 15 दुधारू मवेशी श्रेणी में 161, 20 दुधारू मवेशी श्रेणी में 116 आवेदन आ चुके हैं। इस तरह से अब तक इस योजना के तहत कुल 3389 आवेदन आ चुके हैं। समग्र भैंस पालन योजना के तहत डेयरी स्थापित करने के लिए 01 दुधारू मवेशी की श्रेणी में अब तक 113 आवेदन आ चुके हैं। जबकि 02 दुधारू मवेशी की श्रेणी में 820 आवेदन आ चुके हैं। इस तरह से अब तक इस योजना के तहत कुल 933 आवेदन आ चुके हैं। वहीं गाय और भैंस पालन योजना से स्वरोजगार पाने वाले अब तक कुल 6321 आवेदन आ चुके हैं जिसमें महिलाओं के आवेदन की संख्या 2238 है।

# बिहार को मिला एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड 2025

## मत्स्य पालन क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बिहार को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान

पटना। बिहार ने एक बार फिर कृषि क्षेत्र में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान स्थापित की है। एग्रीकल्चर लीडरशिप अवार्ड 2025 बिहार राज्य को आंतरिक मत्स्य पालन (अंतदेर्शीय मात्स्यिकी) के क्षेत्र में परिवर्तनकारी नेतृत्व, तेजी से विकास, तथा सतत जलकृषि के माध्यम से ग्रामीण आजीविका सशक्तिकरण के लिए प्रदान किया गया है। यह सम्मान देश के कृषि और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान देने वाले राज्यों को दिया जाता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को बिहार की ओर से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयलक्ष्मी ने प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान बिहार के मत्स्य कृषकों, विभागीय कर्मियों तथा सरकार के निरंतर प्रयासों का फल है, जिसने राज्य को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया है। समय के साथ बिहार में मत्स्य क्षेत्र के विकास में आने वाली कई प्रशासनिक, तकनीकी तथा भूमि संबंधी समस्याओं और चुनौतियों का सफलतापूर्वक समाधान किया गया है। राज्य सरकार द्वारा योजनाबद्ध तरीके से मछली उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न नीतियों व कार्यक्रमों को लागू किया गया। मत्स्य कृषकों को प्रशिक्षण, अनुदान, तकनीकी सहायता तथा आधुनिक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, जिससे उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। एक समय था जब बिहार को अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अन्य राज्यों से मछली का आयात करना पड़ता था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल गई है। बिहार अब मत्स्य उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गया है और अपनी मछली का निर्यात देश के विभिन्न राज्यों में कर रहा है। यह परिवर्तन न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहा है, बल्कि लाखों मत्स्य कृषकों की आजीविका को भी स्थायित्व प्रदान कर रहा है। बिहार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में मछली उत्पादन के क्षेत्र में 101 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करते हुए 9.5 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हासिल किया है। यह उपलब्धि राज्य की जलवायु, संसाधनों और तकनीकी नवाचारों के समुचित उपयोग के माध्यम से संभव हो सकी है। वर्तमान में बिहार न केवल अपनी आंतरिक मांग को पूरा कर रहा है, बल्कि अन्य राज्यों को मछली निर्यात भी कर रहा है, जिससे राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है। यह पुरस्कार एग्रीकल्चर टुडे ग्रुप द्वारा आयोजित 16वें एग्रीकल्चर लीडरशिप कॉन्क्लेव 2025 में प्रदान किया गया, जो नई दिल्ली में भव्य रूप से आयोजित हुआ। इस कॉन्क्लेव में देशभर से कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्यों, संस्थाओं और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया।सम्मान समारोह में भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल, भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एवं पुरस्कार समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति पी. सथशिवम तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। इस अवसर पर वक्ताओं ने बिहार की उपलब्धियों की सराहना की और मत्स्य क्षेत्र में इसकी अग्रणी भूमिका को अन्य राज्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। यह पुरस्कार न केवल बिहार के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह राज्य सरकार की मत्स्य क्षेत्र में नीति, नवाचार और निष्पादन क्षमता को दशार्ता है।

# भाजपा कार्यालय में धूमधाम से मना राजनाथ सिंह का जन्मदिन



प्रात:किरण संवाददाता

पटना। भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का 73वां जन्मदिन आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस मौके पर भाजपा कार्यकताओं के बीच मिठाइयां बांटी गईं और उनके पार्टी में दिए गए योगदान की चर्चा की गई। इस मौके पर वक्ताओं ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के पार्टी में योगदान पर चर्चा करते हुए कहा कि विधायक, लोकसभा सांसद, राज्यसभा सांसद, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, भाजपा अध्यक्ष, केंद्र में कई बार मंत्री पद संभालने वाले राजनाथ सिंह वर्तमान में देश के रक्षा मंत्री हैं। वक्ताओं ने इस मौके पर ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा करते हुए कहा कि राजनाथ सिंह के रक्षा मंत्रालय काल में हम सैन्य शक्ति के मामले में इतने मजबूत हो गए हैं कि सीमा पार भी देश के शत्रुओं का भी संहार कर रहे हैं। अपने अलग अंदाज और जीवनशैली के कारण राजनाथ सिंह को राजनीति में एक दिग्गज के तौर पर ख्याति प्राप्त है। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि वे हम सबके प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। पार्टी में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज भी वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कठोर परिश्रम करते हैं। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजनाथ सिंह के जन्मदिन के मौके पर प्रदेश कार्यालय में आम के पौधों का रोपण भी किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक चन्दन सिंह भारद्वाज, राष्ट्रीय मीडिया सह प्रभारी संजय मयूख, प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा, राजेश वर्मा, श्री विनोद शर्मा, प्रेम रंजन पटेल, पंकज सिंह, धर्मवीर सिंह, योगेंद्र शर्मा, युवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनीष सिंह, प्रवीण यादव एवं रितेश रंजन सहित प्रदेश के अन्य पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिक्रम में बालू कारोबारी रमाकांत यादव की दिनदहाड़े हत्या, इलाके में दहशत

## घर के बाहर बगीचे में घूम रहे कारोबारी पर अपराधियों ने बरसाई अन्धाधुन्ध गोलियां



प्रात:किरण संवाददाता

बिक्रम : बिहार के राजधानी पटना में अपराधियों के हौसले बुलन्द हैं जिले में आपराधिक घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं` पुलिस एक मामले की गुत्थी सुलझा नहीं पा रहीं कि बेखौफ अपराधी दूसरी बड़ी घटना को अंजाम दे दे रहे ` इधर गुरुवार को बेखौफ अपराधियों ने पटना के बिक्रम प्रखंड के रानीतालाब थाना क्षेत्र के धाना गाँव निवासी बालू कारोबारी रमाकांत यादव की दिन दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी. रमाकांत यादव गुरुवार के शाम करीब 5 बजे अपने घर के बाहर बगीचे में टहल रहे थे कि पहले से घात लगाए अपराधियों ने उनपर अन्धाधुन्ध गोलियां बरसा दी` जानकारी के मुताबिक रमाकांत यादव को छाती में दो गोलियां लगी है, आनन फानन में परिजनों ने उन्हें बिहटा अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया` इधर चर्चित बालू कारोबारी रमाकांत यादव की मौत के बाद इलाके में दहशत व परिजनों में कोहराम मचा हुआ है घटना का कारण नहीं हो सका है स्पष्ट, जांच में जुटी पुलिस। उक्त बाबत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय धाना गाँव निवासी बालू कारोबारी रमाकांत यादव की गोली मारकर हत्या की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच कर रहीं है, घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है` खबर लिखे जाने तक परिजनों ने थाने में लिखित शिकायत नहीं की है` थानाध्यक्ष ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई करेगी।

# पुनरीक्षण रोकवाने की विपक्ष की मंशा पर सुप्रीम कोर्ट ने फेरा पानी: मंगल

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बिहार में चुनाव आयोग द्वारा कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्य के जारी रखने के सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण कार्य रोकवाने की विपक्ष की मंशा पर सुप्रीम कोर्ट के निर्देश से पानी फिर गया है। बिहार में फिलहाल करीब 7 करोड़ 89 लाख वोटर हैं। करीब 65 फीसदी वोटर का सत्यापन हो चुका है। इसमें से करीब 4 करोड़ 96 लाख वोटर 2003 के वोटर लिस्ट में भी शामिल थे। उनका वेरिफिकेशन नहीं करना है। यानी बाकी बचे 2 करोड़ 93 करोड़ वोटरों का ही वेरिफिकेशन किया जाना है। श्री पांडेय ने कहा कि विपक्ष की असली चिंता घुसपैठिए और डुप्लीकेट वोटरों को बचाने की है। जब पूर्व से ही तय था कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनाई करेगा, तब फिर एक दिन पहले बुधवार को बिहार की सड़कों पर उपद्रव मचाने का क्या औचित्य था? दरअसल सभी संवैधानिक संस्थाओं से लेकर न्यायालयों तक पर अविश्वास करने वाला विपक्ष सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाना चाहता था। श्री पाण्डेय ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने विपक्ष के तमाम बे-सिर पैर की दलीलों को दरकिनार कर यह माना है कि चुनाव आयोग अपने संवैधानिक दायित्यों के तहत ही मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्य कर रहा है। अब अगर विपक्ष में नैतिक बल हो तो उसे घुसपैठिए और फर्जी वोटरों को हटाने के इस अभियान में चुनाव आयोग का साथ देने की घोषणा करनी चाहिए।

# शहर में जल संचय एवं हरियाली के मॉडल बनेंगे पटना के 40 पार्क

- अमृत 2.0 योजना के तहत पार्कों एवं तालाबों का किया जाएगा जीर्णोद्धार

प्रात:किरण संवाददाता

पटना। शहर में हरियाली एवं जल संचय हेतु पार्क एवं तालाब का निर्माण किया जाएगा। शहर के 40 पार्कों को इसके लिये चयनित किया गया है जो मॉडल पार्क के रूप में न सिर्फ आमजनों को आकर्षित करेंगे बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देंगे। नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा अमृत 2.0 योजना के तहत कुल 40 पार्कों एवं पार्क परिसर में स्थित तालाबों का निर्माण किया जाएगा। आवास बोर्ड एवं पीआरडीए के पार्कों को किया गया है चिन्हित गौरतलब है कि चीर्णोद्धार के लिए वार्ड का सर्वे कर कुल 40 जगहों को चिन्हित किया गया है। कंकड़बाग में आवास बोर्ड की भूमि एवं श्री कृष्णा पुरी एवं राजेन्द्र नगर में पीआरडीए की भूमि, पाटलिपुत्र कॉलोनी पार्क एवं सरकारी भूमि को चिन्हित किया गया है। जहां न सिर्फ पर्यावरण के संरक्षण के लिए विभिन्न पौधे लगाए जाएंगे बल्कि जल संचय के लिए तालाब का भी निर्माण किया जाएगा। इसके साथ ही आम जनों की सुविधा हेतु बेंच, बच्चों के लिए झूले, ओपन जिम, फाउंटेन इत्यादि की भी व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही विभिन्न रंगीन रोशनियों से इसे सुसज्जित किया जाएगा। जिससे शाम के समय भी इसका उपयोग किया जाए।

# बापू सभागार एवं ज्ञान भवन में स्वास्थ्य मेला का आगाज आज से

# दिखेगी विभागीय सुविधाओं की बेमिसाल झलक : मंगल

## 50 ओपीडी काउंटर रहेंगे उपलब्ध जांच व रिपोर्ट की सुविधा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रति जन -जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में 2005 के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। इसी कड़ी में 11 एवं 12 जुलाई 2025 को ज्ञान भवन एवं बापू सभागार में दो दिवसीय राज्य स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जा रहा है। मेला में राज्य में मिल रही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधओं की झलक दिखेगी। इस दौरान विभागीय योजनाओं, नई तकनीकों और स्वास्थ्य सुधार के लिए किए गए पहलों का प्रदर्शन किया जाएगा। स्वास्थ्य मेला में एलोपैथी, आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी, योग जैसी सभी प्रमुख चिकित्सा पद्धतियों के अलग-अलग काउंटर स्थापित किए जाएंगे। दो दिवसीय इस मेले में लगभग विभिन्न विभागों के 50 ओपीडी काउंटर उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण, परिचर्चा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी दौर चलेगा। जिसमें 12 जुलाई की संध्या विश्व विख्यात शास्त्रीय गायक ऋषभ रिखीराम द्वारा सितार फॉर मेंटल हेल्थ, की अद्भुत प्रस्तुति दी जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य मेले में लोग टेली मेडिसिन, एआई आधारित उपकरण, एबीडीएम प्लेटफॉर्म, विजन सेंटर, एनसीडी क्लिनिक, फिजियोथेरेपी, एचपीवी टीकाकरण, वेलनेस रूम, डेटा एनालिटिक सेंटर, लाईव पैथेलॉजी, अल्ट्रासाउंड, नेत्र जांच, कार्डियोलॉजी, विजन, ओरल हेल्थ, बाल चिकित्सा, ईसीजी, फिजियोथेरेपी, एचआईवी, इकोकारियोग्राफी, फीडिंग कॉर्नर, पैथोलॉजी, परिवार नियोजन, युवा क्लिनिक, त्वचा एवं स्त्री रोग, मानसिक स्वास्थ्य, किशोर स्वास्थ्य, दवा वितरण, स्तन कैंसर, मौखिक कैंसर एवं ग्रीवा कैंसर की स्क्रीनिंग आदि जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। मेला में प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण, किशोर स्वास्थ्य, दंत चिकित्सा, शिशु स्वास्थ्य, परामर्श सेवाएं, डीबीटी पोस्टल, ममता किट वितरण, और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्रों की जानकारी से संबंधित स्टॉल भी लगाए जाएंगे ताकि समग्र स्वास्थ्य सुविधा की समझ विकसित हो। मेला में स्वास्थ्य विभाग की ओर से दोनों दिन स्वास्थ्य संबंधित परिचर्चा भी विशेष आकर्षण का केंद्र होगा। जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक शामिल होंगे। दो पालियों 11 और 2 बजे से यह परिचर्चा होंगे। वहीं शाम 7 बजे से दोनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का दौर चलेगा। श्री पांडेय ने कहा कि दो दिवसीय स्वास्थ्य मेला की दूसरी संध्या 12 जुलाई को बापू सभागार के मंच पर विश्व विख्यात सितार गायक ऋषभ रिखीराम शर्मा द्वारा सितार फॉर मेंटल हेल्थ, को सुनने का मौका मिलेगा। ऋषभ रिखीराम शर्मा द्वारा शुरू की गई सितार फॉर मेंटल हेल्थ,एक पहल है, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के लिए सितार वादन का उपयोग करना है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो भारतीय शास्त्रीय संगीत के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और उपचार को बढ़ावा देता है। यह पहल भारतीय शास्त्रीय संगीतकार ऋषभ रिखीराम शर्मा द्वारा शुरू की गई है, जो प्रसिद्ध सितार वादक पंडित रविशंकर के सबसे कम उम्र के शिष्यों में से एक हैं। इसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों से जूझ रहे लोगों के लिए सितार वादन को एक उपकरण के रूप में उपयोग करना है। वहीं 11 जुलाई को सांस्कृतिक संध्या की पहली शाम को मशहूर सुफी एवं गजल गायिका सुश्री कविता सेठ अपनी गायिकी की सुरमयी प्रस्तुति देंगी।

# हर पंचायत में होगा कस्टम हायरिंग सेन्टर : विजय

## कहा- छोटे किसानों को मिलेगा उन्नत कृषि यंत्रों का लाभ

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लघु एवं सीमांत किसानों को सशक्त बनाने और आधुनिक कृषि यंत्रों की सुलभ उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि कृषि रोड मैप के अंतर्गत राज्य के प्रत्येक पंचायत में कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के छोटे और सीमांत किसानों के पास स्वयं के आधुनिक कृषि यंत्र खरीदने की क्षमता नहीं होती है, जिससे उन्हें खेती के विभिन्न कार्यों को समय पर करने में कठिनाई होती है। कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना से वे रियायती दरों पर उन्नत यंत्र किराए पर ले सकेंगे। इससे खेती की लागत में कमी आएगी और फसलों की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना के लिए 10 लाख रुपये तक की लागत निर्धारित की गई है। स्थानीय फसल चक्र के अनुसार ट्रैक्टर चालित या स्वचालित यंत्र जैसे जुताई, बुआई/रोपनी, कटाई (हार्वेस्टिंग) और मड़ाई (थ्रेसिंग) के लिए कम-से-कम एक-एक यंत्र की उपलब्धता अनिवार्य होगी। 35 इल्ढ या उससे अधिक क्षमता वाले ट्रैक्टर पर अधिकतम 1 लाख 60 हजार रुपये तक तथा अन्य यंत्रों पर 40 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। हालांकि, कुल अनुदान 4 लाख रुपये से अधिक नहीं होगा। यह योजना प्रगतिशील किसान, जीविका समूह, ग्राम संगठन, कल्सटर फेडरेशन, एफआईजी, नबार्ड/राष्ट्रीयकृत बैंक से संबद्ध किसान क्लब, एफपीओ, एफपीसी, स्वयं सहायता समूह एवं पैक्स के लिए लागू होगी।

इससे ग्रामीण क्षेत्र में कृषि यंत्रीकरण को गति मिलेगी और किसानों की आय में वृद्धि होगी। श्री सिन्हा ने कहा कि अब तक राज्य में 950 कस्टम हायरिंग सेन्टर की स्थापना की जा चुकी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 267 नए कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार का यह प्रयास कृषि क्षेत्र को तकनीकी रूप से सशक्त बनाकर किसानों को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी आय में वृद्धि करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

# पटना में बनेगा भव्य हाट, दिखेगी बिहार की लोक कला और संस्कृति

## 48.96 करोड़ की लागत से गांधी मैदान के पास बनेगा आधुनिक हाट

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। राजधानी पटना को जल्द ही एक नया सांस्कृतिक और व्यापारिक पहचान मिलने जा रही है। गांधी मैदान के सभ्यता द्वार के पश्चिमी हिस्से में अत्याधुनिक हाट का निर्माण किया जा रहा है। 48.96 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस हाट को तीन मंजिला इम्पोरियम के रूप में विकसित किया जाएगा। इस आधुनिक हाट में अंडरग्राउंड और सर्फेस पार्किंग की सुविधाएं होंगी। यह हाट तीन मंजिले का इंपोरियम, दो रेस्टोरेंट, बच्चों और युवाओं के लिए गेम जोन, आग से बचाव के लिए फायर फाइटिंग सिस्टम और फायर अलार्म, लिफ्ट, जल टंकी, सीसीटीवी निगरानी, सोलर पावर जेनरेशन सिस्टम और स्ट्रीट लाइट जैसी सुविधाओं से लैस होगा। पूरी संरचना के चारों ओर चहारदीवारी का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना को बिहार राज्य पर्यटन निगम लिमिटेड क्रियान्वित करेगी, और इसे 24 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। यह परियोजना जो प्राचीन मगध की विरासत को प्रदर्शित करेगी। मधुबनी जिले के मिथिला हाट की तर्ज पर बन रहे इस हाट में बिहार की प्रसिद्ध कलाओं जैसे मधुबनी पेंटिंग, भागलपुर की मंजूषा कला, पटना की टिकुली पेंटिंग और सिक्की शिल्प का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके अलावा समस्तीपुर के बांस-बेंत शिल्प, दरभंगा की मिट्टी और चीनी मिट्टी की कलाएं, चमड़े के जूते, बेल्ट और बैग, मुजफ्फरपुर की सुजनी कढ़ाई, गया का पत्थर शिल्प और नालंदा की बूटी कला भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। पुर्णिया की घटना मानवता को कलंकित करने वाली घटना है।

# कई राज्यों की सरकारें कर रही है नीतीश कुमार की नीतियों का अनुकरण : शीला

## जनता का अटूट विश्वास हमारे नेता नीतीश कुमार पर है

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। परिवहन मंत्री शीला मंडल ने कहा कि 2025 में 225 और फिर से नीतीश अब केवल एक नारा नहीं, बल्कि जन-जन की बुलंद आवाज बन चुका है। बिहार की जनता का अटूट विश्वास हमारे नेता नीतीश कुमार पर है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा योजनाओं की नकल के लगाए गए आरोप पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि यह आरोप न सिर्फ तथ्यहीन है, बल्कि हास्यास्पद भी है। सच्चाई यह है कि नीतीश सरकार की नीतियों का अनुकरण आज अन्य राज्यों की सरकारें भी कर रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जब राजद को 15 वर्षों तक शासन करने का मौका मिला, तब न तो स्कूली बालिकाओं के लिए साइकिल योजना लाई गई, न जल-जीवन-हरियाली जैसी दूरदर्शी सोच दिखाई दी और न ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस पहल की गई। मंत्री ने उक्त बातें जदयू के प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।

### प्रधानमंत्री जब भी बिहार आते हैं, विकास की नई सौगात साथ लाते हैं : रत्नेश

कार्यक्रम में मद्य निषेद्य मंत्री रत्नेश सदा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बिहार आगमन समस्त राज्यवासियों के लिए हर्ष का विषय है। वे जब भी आते हैं, प्रदेश के लिए विकास नई सौगात लेकर आते हैं। मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठ, छल और दुष्प्रचार की राजनीति करने वालों को प्रदेश की जनता करारा जवाब देगी। आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा। इससे पहले बिहार सरकार के मद्य निषेध मंत्री एवं परिवहन मंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम में विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी तथा प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।

# बिहार एसआईआर: 66.16 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म संकलित; 15 दिन शेष

पटना। चुनाव आयोग का दावा है कि बिहार के मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी, 77,895 बीएलओ की अथक मेहनत, 20,603 नव नियुक्त बीएलओ, चुनाव कर्मियों और वृद्ध, दिव्यांग, बीमार एवं असहाय मतदाताओं की सहायता कर रहे चार लाख से अधिक स्वयंसेवकों तथा सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.56 लाख बूथ लेवल एजेंट्स ( के सक्रिय प्रयासों से विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत अब तक 66.16 प्रतिशत एन्यूमरेशन फॉर्म संकलित किए जा चुके हैं। मतदाताओं को फॉर्म जमा करने के लिए अब भी 15 दिन शेष हैं। गुरूवार को निर्वाचना आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक शाम 6.00 बजे तक 5,22,44,956 एन्यूमरेशन फॉर्म संकलित किए जा चुके हैं, जो बिहार के कुल 7,89,69,844 (करीब 7.90 करोड़) पूर्ववर्ती मतदाताओं का 66.16 प्रतिशत है। यह फॉर्म 24 जून 2025 को एसआईआर निर्देश जारी होने के बाद बीते 16 दिनों में संकलित किए गए हैं। यदि यह गति फील्ड में बनी रही।

# राम जी के देश में झूठ और भ्रम पनप नहीं सकता : ऋतुराज

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। वोटर पुनरीक्षण के सवाल पर बिहार में छिड़ी सियासी जंग के बीच भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने तेजस्वी यादव और उनकी टीम पर जोरदार हमला बोला है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा है कि तेजस्वी यादव , कांग्रेस और उनके सहयोगी दल जनता के बीच जो भ्रम और भय की स्थिति बना रहे हैं उससे उनको कोई फायदा नहीं होने वाला है बल्कि जनता उनकी चाल को समझ रही है और इस चुनाव में उन्हे जवाब जरूर देगी। ऋतुराज सिन्हा ने कहा की विपक्षी दलों की एक आदत बन गई है कि पहले कहते हैं कि संविधान खतरे में है , फिर सुप्रीम कोर्ट, चुनाव आयोग या अन्य सरकारी एजेंसियों के निर्णयों को नकार देंगे ये कहां का लोकतंत्र है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि देश के सर्वोच्च न्यायालय के फैसले ने भी विपक्षी दलों के झूठ और भ्रम फैलाने की नीति पर चोट किया है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के रकफ यानी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के फैसले पर कोई अंतरिम आदेश देने से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम कोई अंतरिम आदेश जारी नहीं कर रहे है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा की अब देखना यह है कि क्या राहुल बाबा और तेजस्वी यादव जी सुप्रीम कोर्ट जिसकी कल तक वो दुहाई दे रहे थे, अब उस सुप्रीम कोर्ट के फैसले को मानेंगे कि उसको भी असंवैधानिक सिद्ध करने के लिए लग जाएंगे। यह तो वही बात हुई कि मेरे मन का हुआ तो ठीक है और अगर मेरे मन के विपरीत कुछ हुआ तो वो गैर कानूनी हो गया। हमारा संविधान हम सबको अभिव्यक्ति की पूरी आजादी देता है पर संविधान किसी को भी अराजकता फैलाने की आजादी नहीं देता, यह बात हमारे विपक्ष को समझना पड़ेगा।

# प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों की हुई बैठक

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में राष्ट्रीय प्रवक्ता और बिहार के एआईसीसी मीडिया कॉर्डिनेटर अभय दुबे के नेतृत्व में पार्टी के प्रवक्ताओं, पैनलिस्टों की अहम परिचर्चा, बैठक, प्रशिक्षण संपन्न हुई। इस मौके पर नेशनल मीडिया पैनलिस्ट प्रेमचंद मिश्र और मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने भी सभी प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों को विस्तार से समसामयिक मुद्दों और बिहार के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें सभी के सवालों और सुझावों को शामिल किया गया।इस दौरान प्रवक्ताओं और पैनलिस्टों को वरिष्ठ नेताओं ने अहम सुझाव और निर्देश भी दिए। प्रवक्ताओं को प्रमंडलों की जिम्मेदारी देने के साथ उन्हें संबंधित प्रमंडलों में अहम मुद्दों पर संवाददाता सम्मेलन भी करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी जिलों से विभिन्न वर्गों से चुने गए सम्भावित प्रवक्ताओं के प्रशिक्षण को लेकर अहम निर्णय ली गई। मंथन बैठक में प्रवक्ता आनन्द माधव, अमिता भूषण, डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, शिशिर कौंडिल्य, सौरभ सिन्हा आदि थे।

# सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां विपक्ष के भावनाओं के अनुरूप : गगन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने कहा है कि विशेष गहन पुनरिक्षण पर दायर याचिका पर आज सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की है उससे चुनाव आयोग बेनकाब हो गई है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता पुनरीक्षण के लिए आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और राशन कार्ड को भी शामिल करने के लिए कहा है जिसकी मांग विपक्ष लगातार करता आ रहा है। इससे जो लोग गरीब-गुरबों , दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाने की मंसुबे पाले हुए थे उन्हें गहरा सदमा लगेगा। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुनवाई के दौरान माननीय न्यायालय की यह टिप्पणी कि जो डाक्यूमेंट चुनाव आयोग द्वारा मांगा जा रहा है, वो मेरे पास भी नहीं मिलेगा चुनाव आयोग के असली चेहरे को उजागर करने के लिए काफी है। विपक्ष लगातार इस सवाल को उठाते रहा है। जिसे माननीय न्यायालय ने भी स्वीकार किया है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कुछ सवालों पर स्पष्टीकरण मांगा गया है और अगली सुनवाई के लिए 28 जुलाई का डेट निश्चित किया है। इस पर भाजपा और एनडीए नेताओं की प्रतिक्रिया अपने आप मुंह चीढाने वाली कहावत को हीं चरितार्थ कर रहा है।

# मेगा जॉब फेयर में पहले दिन 35 हजार से अधिक युवाओं ने किया रजिस्ट्रेशन

■ 80 से अधिक कंपनियाँ और हजारों युवाओं की सहभागिता

पटना। बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित मेगा जॉब फेयर 2025 का उद्घाटन श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनन्द ने पटना स्थित दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान में फीता काटकर किया। इस अवसर पर विभाग के विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रमायुक्त सह अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजेश भारती, मिशन निदेशक मनीष शंकर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बिहार के युवाओं को सीधे रोजगार के अवसरों से जोड़ना है ।सचिव दीपक आनन्द ने कहा कि राज्य सरकार के सात निश्चय-2 कार्यक्रम के तहत 20 लाख नौकरियों और रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें अब तक लगभग 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और 35 लाख से अधिक को विभिन्न रोजगार मिल चुके हैं। इसी दिशा में यह मेगा जॉब फेयर भी एक निर्णायक कदम है।

# पटना वीमेंस कॉलेज में स्वाहा: इन द नेम ऑफ फायर की स्क्रीनिंग

## बिहार की महिलाओं को समर्पित ऐतिहासिक आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार की सांस्कृतिक और सामाजिक चेतना को उजागर करने वाली पहली पूर्णतः मगही भाषा में बनी फिल्म स्वाहाः इन द नेम ऑफ फायर की विशेष स्क्रीनिंग आज पटना वीमेंस कॉलेज के प्रतिष्ठित वेरोनिका ऑडिटोरियम में हुई। यह आयोजन बिहार में इस फिल्म की पहली औपचारिक प्रदर्शनी थी और खासतौर पर राज्य की कामकाजी महिलाओं को समर्पित किया गया था। स्क्रीनिंग का विधिवत शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त श्री त्रिपुरारी शरण के साथ, गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में श्री परवेज अख्तर वरिष्ठ थिएटर डायरेक्टर, स्मिता कुमारी, डीन आर्ट्स एंड ह्यूमेनिटीज, पटना वीमेंस कॉलेज के द्वारा संयुक्त रूप से की गयी। उक्त अवसर पर बिहार के मुख्य सूचना आयुक्त श्री त्रिपुरारी शरण ने कहा कि सिनेमा कला के एक माध्यम के रूप में समाज को प्रतिबिम्बित करता है। यह एक सशक्त माध्यम है किसी फिल्म को कहने का। उन्होंने कहा कि फिल्म स्वाहाः इन द नेम ऑफ फायर, मुंबईया सिनेमा नहीं है, मगर इसे बेहद गहराईयों से बहुत सोच-समझ कर बनाया गया है। यह आम फिल्मों से हट कर है, जिसमें आज हमारे समाज में औरतों का स्टेट्स क्या है, इस लाइन पर यह फिल्म केन्द्रित है। सबों को यह फिल्म देखनी चाहिए। फिल्म का निर्माण बिहार में किया गया है और यह एक ऐसी महिला की मार्मिक कहानी को बयां करती है जो भय, चुप्पी और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष करती है।

फिल्म की पृष्ठभूमि बिहार की आत्मा से जुड़ी हुई है और यह महिला सशक्तिकरण की मजबूत आवाज बनकर उभरी है। इसको लेकर निर्देशक अभिलाष शर्मा ने बताया कि इस फिल्म की प्रेरणा मुझे उत्तर प्रदेश में बनी एक शार्ट एनिमेशन फिल्म देख कर मिली थी। इसमें बिहार के कलाकारों ने काम किया है। हमें उम्मीद है कि हमारी फिल्म को बिहार सरकार से भी प्रोत्साहन मिलेगी।

# साजिश को समय रहते सर्वोच्च न्यायालय ने विफल कर दिया : एजाज

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा जो फैसले लिए गए हैं यह पहले से ही नेता प्रतिपक्ष के तेजस्वी प्रसाद यादव और इंडिया गठबंधन की ओर से मांग की जा रही थी, कि आखिर आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी कार्ड को विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्य से क्यों अलग कर दिया गया है, क्या यह उचित है ? साथ ही साथ विपक्ष का सवाल था की नागरिकता का प्रमाण क्यों मांगा जा रहा है जिस पर सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी के नागरिकता पर चुनाव आयोग सवाल नहीं खड़ा कर सकती है । यह काम गृह मंत्रालय है और वो भी न्यायिक प्रक्रिया के तहत, यह कहीं से उचित नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से बिहार के सभी लोगों ने राहत की सांस ली है और इससे स्पष्ट हुआ कि गरीबों शोषितों, वंचितों, अतिपिछड़ों दलितों आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के वोट के अधिकार को छीनने की जो भाजपा ने साजिश की थी उस साजिश को समय रहते सर्वोच्च न्यायालय ने विफल कर दिया।

## श्रावणी मेला के विशेष टॉल फ्री नंबर 18003037677 पर मिलेगी सभी जरूरी सूचनाएं

# सुल्तानगंज से दुम्मा और पहलेजा से बाबा गरीबनाथ के बीच आवासन व मनोरंजन की होगी सुविधा

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। विश्वप्रसिद्ध श्रावणी मेला में सुल्तानगंज से दुम्मा सीमा तथा पहलेजा घाट से बाबा गरीबनाथ मुजफ्फरपुर तक श्रद्धालुओं को पर्यटन विभाग सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान करेगा। पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं व कांवरियों को आवासन, शौचालय, पेयजल, कांवर स्टैंड आदि के साथ मनोरंजन तक की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों को पूरी कर चुका है। 11 जुलाई से पवित्र श्रावण मास की शुरूआत हो रही है जो 7 अगस्त तक चलेगी। श्रावणी मेला में सुल्तानगंज से बिहार सीमा दुम्मा के मध्य कांवरियों, श्रद्धालुओं के आवासन के लिए सुल्तानगंज में 200 बेड, बांका जिलान्तर्गत अबरखा में 600 बेड, मुंगेर के खैरा में 200 बेड, धोबई में 200 बेड के टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है, जिसमें पेयजल, शौचालय, कांवर स्टैंड, साफ-सफाई, बिजली आदि सुविधा होगी। पूरे मेला अवधि में टेंट सिटी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही पर्यटन विभाग इस वर्ष पहली बार पहलेजा से बाबा गरीबनाथ मंदिर के मध्य सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। पहलेजा घाट के पास 500 लोगों की बैठने की क्षमता वाला एक जर्मन हैंगर टेंट सिटी तथा बाबा गरीब नाथ मंदिर, मुजफ्फरपुर के पास आरडीएस कॉलेज में 1000 लोगों के बैठने की क्षमता वाला जलरोधी जर्मन हैंगर टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है। साथ ही वैशाली के गोरौल व बिठौली तथा तुर्की, मुजफ्फरपुर में प्रत्येक स्थान पर 200 लोगों के बैठने की क्षमता की टेंट सिटी का निर्माण किया गया है।

सभी टेंट सिटी में पंखे, कूलर, कुर्सियाँ, टेबल, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा और संरक्षा के उपाय किए गए हैं। वहां बांस के कांवर स्टैंड भी लगाए गए हैं। पर्यटक सूचना केंद्र में एलईडी टीवी पर बिहार पर्यटन के बारे में लाइव और रिकॉर्डेड संदेशों के प्रसारण के साथ सार्वजनिक घोषणा प्रणाली की व्यवस्था होगी। पहलेजा टेंट सिटी, बाबा गरीबनाथ मंदिर टेंट सिटी और अस्थायी पर्यटक सूचना केंद्र पर चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। बाबा गरीबनाथ मंदिर टेंट सिटी में कांवरियों के मनोरंजन हेतु जिला प्रशासन द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी टेंट सिटी में टेंट सिटी प्रभारी की नियुक्ति की गयी है। उनके मोबाइल नंबर इसके साथ ही स्थानीय पुलिस प्रशासन के साथ टॉल फ्री नंबर भी प्रदर्शित किए गए हैं। बिहार पर्यटन ने श्रावणी मेला के लिए विशेष टॉल फ्री नंबर 18003037677 जारी किया है, जिसपर मेला से जुड़ी सभी जरूरी सूचनाएं मिलेगी, मोबाइल नंबर और सुविधाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं। सुल्तानगंज से दुम्मा तक कुल 12 अस्थायी पर्यटक सूचना केंद्रों में सभी आवश्यक जानकारियां, ब्रॉशर मुफ्त में मुहैया कराए जाएंगी। सुल्तानगंज में गंगा आरती होगी और


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्या एवं तिथि:**
**ई.एल.–टी.आर.डी–ई.टी.-10-2025-26**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि./पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है:– **1. कार्य का नाम तथा स्थान:** समस्तीपुर मण्डल अंतर्गत SKI, HPO, KVC, SRGR, SHC, SGL और NKE सेक्शन में OHE डिपो के अंतर्गत 01 (एक) वर्ष के लिए OHE अनुरक्षण कार्य। **2. समापन अवधि:** 01 वर्ष। **3. कार्य की अनुमानित लागत:** ₹1,89,88,804.25/-. **4. बयाने की राशि:** ₹2,45,000.00/-. **5. निविदा बंद होने की तारीख तथा समय:** ई–निविदा बंद होने की तारीख 30.07.2025 को समय 12:00 बजे। **6. वेबसाईट का विवरण जहां से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** http://www.ireps.gov.in, मंडल रेल प्रबंधक (वि.–क.वि.)/कार्यालय/समस्तीपुर। **नोट:** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइट पर अपलोड कर दिया जायेगा।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/क.वि.**
**पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**

पीआर/0559/एसपीजे/टी/25–26

**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई–निविदा सूचना**

**निविदा संख्या एवं तिथि:**
**ई.एल.–जी–एसपीजे–01–ईटी–25–26(खुली)**

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा०/पूर्व मध्य रेल, समस्तीपुर के द्वारा नीचे लिखे हुए कार्य के संपादन हेतु सक्षम, अनुभवी, वैध एवं वर्तमान विद्युत कन्ट्रेक्टर लाईसेन्स, तकनीकी योग्यता एवं वित्तीय क्षमता धारक संवेदक से निम्न कार्य के लिए भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेब पोर्टल पर ई–निविदा के रूप में खुली ई–निविदा आमन्त्रित किया जाता है। **1. कार्य का नाम तथा स्थान:** समस्तीपुर मंडल के विभिन्न गुड्स टर्मिनलों पर हाईमास्ट के माध्यम से प्रकाश व्यवस्था का विस्तार हेतु। **2. कार्य की अनुमानित लागत:** ₹3,92,95,751.57/- **3. बयाने/निविदा सुरक्षा की राशि:** ₹3,46,500/-. निविदि प्रपत्र का मूल्य: 0/–(शून्य) **4. प्रस्ताव की वैधता (दिन):** 90 दिन। **5. निविदा बन्द होने एवं खुलने की तिथि एवं समय:** ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय:–30.07.2025 को 12:00 बजे तक। ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–30.07.2025 को 12:30 बजे। **6. वेबसाईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:** वेबसाईट–www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक(वि0)/कार्यालय/समस्तीपुर **नोट:**–उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जाएगा बल्कि वेबसाइट: पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**कृते वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सा0.**
**पूर्व मध्य रेलवे, समस्तीपुर**

पीआर/0562/एसपीजे/टी/25–26



**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई–निविदा संख्या: एस एण्ड टी–सी–150**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/पूर्व मध्य रेल/महेंद्रुघाट/पटना निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन ई–निविदा के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं। **कार्य का नाम:** पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल में सहरसा स्टेशन पर दूरसंचार कार्यों के साथ–साथ वितरित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम (इनडोर और आउटडोर) (एक केंद्रीकृत + दो अंत केबिन) का डिजाइन, विनिर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। **अनुमानित लागत :** रुपया 36,72,18,276.44 **अमानत राशि:** रुपया 19,86,100.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य **कार्य निष्पादित करने का समय :** 12 महीना **ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने का अंतिम दिन एवं समय:** 06.08.2025 को 12:30 बजे तक। विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज़ भारतीय रेल की वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर देखने के लिए उपलब्ध है।

**उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता/निर्माण/उत्तर पूर्व मध्य रेलवे, महेन्द्रूघाट, पटना**

पीआर/0564/एमएचएक्स/टी/25–26

## संक्षिप्त खबरें

### पिकअप की ठोकर से बाईक सवार युवक की हुई मौत

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ के कल्याणपुर हाई स्कूल के समीप पिकअप की ठोकर से बाईक सवार युवक की मौत हो गया ।मृतक युवक की पहचान धुवगामा गांव निवासी एकल महतो के 24 वर्षीय पुत्र विजय कुमार के रूप में हुई है। लोगों के मुताबिक वह अपने बाईक से ससुराल जा रहा था। इसी दौरान समस्तीपुर की ओर रहीं ई रिक्शा में बाईक सट जाने के कारण सड़क पर गिर गया। इसी दौरान समस्तीपुर की ओर से दरभंगा की ओर जा रही पिकअप कुचल दिया जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गया ।रिक्शा भागने में सफल रहा। पिकअप चालक छोड़कर भागने में सफलता ।घटना से आक्रोशित होकर लोगों ने समस्तीपुर दरभंगा मुख्य पथ के हाई स्कूल के समीप सड़क जाम कर दिया ।सड़क जाम होने के कारण लोगों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा,अपर थाना अध्यक्ष दीपक कुमार झा,एस आई मनोज कुमार सहित पुलिस बल पहुंचकर मामला शांत कराया गया। वहीं पुलिस ने समझा बूझकर सड़क जाम समाप्त कराया। सड़क जाम समाप्त होने के बाद पुलिस ने शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर अस्पताल भेजा दिया। मृतक के परिजन को बीडीओ ने बीस हजार रुपए चेक दिया। वहीं थानाध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा मिरतक के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### पर्यावरण सुदृढ़ीकरण के लिए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

विभूतिपुर /समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत शिवनाथपुर स्थित अभिषेक नर्सरी परिसर से बिहार सरकार वन विभाग द्वारा चलाए जा रहे वृक्षारोपण सह हरियाली अभियान के तहत आज किसानों को लाभकारी योजनाओं के तहत पर्यावरण सुदृढ़ीकरण के लिए बिहार सरकार का वन विभाग लगातार कार्यक्रम चला रही है ।जिससे किसानों को लाभ भी पहुंच रही साथ ही पर्यावरण प्रदूषण भी कम हो रहा तथा किसानों तीन साल बाद चौथे साल 10 रुपया के बदले 70 रुपया पौधा लगाने के बड़ी प्रोत्साहन राशि भी दिया जा रहा है ।इसी को और गति देने के लिए आज सिंघिया बुर्जुर्ग दक्षिण पंचायत के अभिषेक नर्सरी परिसर से प्रचार गाड़ी को वन विभाग के रोसड़ा क्षेत्रीय पदाधिकारी राजेश राम, विभूतिपुर प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी, पूर्व प्रमुख रूपांजली कुमारी, पंचायत के मुखिया अरविन्द कुमार , पूर्व आत्मा अध्यक्ष रामनाथ सिंह, प्रखंड बीस सूत्री सदस्य मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर कर प्रचार वाहन को रवाना किया। इस कार्यक्रम में वन पाल मोहू इंसाफ काजमी, वन रक्षी रितिक कुमार, चन्दन कुमार, पूजा कुमारी, मंजू देवी, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, राम उचित पासवान, कमल कुमार सिंह, सुनिल कुमार, अवध कुमार सिंह, दीपक कुमार आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने विभिन्न तीन मामलों के घर चिपकाया इश्तेहार

कल्याणपुर समस्तीपुर एस आई धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बरहेता गांव के फूलो देवी उर्फ बदन देवी एवं दूसरे गांव चकबेगम के मोहम्मद कुलदीप एवं मोहम्मद सदीक के घर पर इश्तिहार चिपकाया गया है ।वहीं उन्होंने बताया कि तीनों के घर इश्तिहार आरोपियों के घर कोर्ट के आदेश पर चिपकाए गया है।

### 4 लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

कल्याणपुर समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मासूम नगर चकमेहसी थाना क्षेत्र के मासूम नगर चकमेहसी कोठी गांव निवासी उपेंद्र सहनी के पुत्र धर्मेंद्र कुमार एव दरभंगा जिला के सिमरी थाना क्षेत्र के हरपुर लदौर गांव के राजा कुमार, हीरा पासवान , हीरा पासवान के पुत्र राजा कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं थानाध्यक्ष संतोष कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के पास से चार लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है जिसे उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

### दरभंगा न्याय मंडल के प्रधान न्यायाधीश पद पर गोपाल मिश्र ने किया योगदान

दरभंगा। पटना उच्च न्यायालय के आदेशानुसार दरभंगा न्याय मंडल के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद पर गुरुपूर्णिमा के दिन शिव गोपाल मिश्रा ने योगदान कर न्यायिक कार्य प्रारंभ किया। 1906 में स्थापित जिला न्याय मंडल के 82 वें जिला जज श्री मिश्रा हुए है। श्री मिश्रा दरभंगा में योगदान करने से पूर्व मधेपुरा जिला के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदस्थापित थे। पटना उच्च न्यायालय ने वर्ष 2010 में श्री मिश्रा को बिहारशरीफ न्यायालय में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के पद पर पदस्थापित किया था। बिहार वरीय न्यायिक सेवा के माध्यम से अधिवक्ता से न्यायिक सेवा में श्री मिश्रा का प्रवेश वर्ष 2010 में हुई थी।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रगति का लिया जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने तथा अधिकारियों एवं कर्मियों को प्रेरित कर विधानसभावार अद्यतन स्थिति का जायजा लेने हेतु बुधवार को कुढ़नी, कांटी तथा मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथों का जायजा लिया। बूथों के निरीक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ एवं , पर्यवेक्षकों के साथ कुढ़नी, कांटी एवं मुजफ्फरपुर में बैठक कर बुधवार प्रगति की समीक्षा की । इस संबंध में बीएलओ से भी उनके अच्छे एवं बुरे प्रदर्शन संबंधी फीडबैक/ जानकारी प्राप्त की गई। सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओव पर्यवेक्षक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का निर्देश दिया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बीएलओ व पर्यवेक्षक ने मीटिंग में अपने अनुभव एवं विचार साझा किये तथा अन्य उपस्थित बीएलओ को अपने बेहतर कार्य एवं उपलब्धि प्राप्त करने की पद्धति से अवगत कराया । जिलाधिकारी ने अपेक्षाकृत बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ से अन्य बीएलओ को प्रेरणा लेने एवं बेहतर प्रदर्शन करने की सीख दी। जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ के कार्य की सराहना की तथा उन्हें प्रेरित करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने का निर्देश संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को दिया। तदनुसार निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कांटी सह अपर समाहर्ता आपदा ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी से 6 बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देने की अनुशंसा की है। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता पश्चिमी, मुजफ्फरपुर ने चार बीएलओ के उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए प्रशस्ति पत्र से सम्मानित करने की अनुशंसा की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने उक्त बीएलओ की कार्यपद्धति, समर्पण एवं निष्ठाभाव से प्रेरणा लेने का सुझाव अन्य बीएलओ को दिया है। समीक्षा के दौरान कई बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों की कार्यपद्धति एवं उपलब्धि असंतोषजनक पाया गया तथा कार्य के प्रति उनकी उदासीनता एवं लापरवाही स्पष्ट परिलक्षित हुई। यद्यपि सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षक को आवश्यक सुविधा एवं संसाधन उपलब्ध कराया गया है तथा उन्हें समुचित प्रशिक्षण देकर आयोग के दिशा निर्देश एवं टाइमलाइन से लगातार अवगत कराया जा रहा है। किंतु इसके बावजूद भी कई बीएलओ के कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा की गई समीक्षा के दौरान कई बीएलओ एवं पर्यवेक्षक की कार्यपद्धति एवं उपलब्धि असंतोषजनक पाया गया तथा कार्य के प्रति उनकी उदासीनता एवं लापरवाही स्पष्ट परिलक्षित हुई। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने वैसे लापरवाह बीएलओ को चिन्हित कर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। इस निर्देश के बाद निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कांटी सह अपर समाहर्ता आपदा ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए तीन बीएलओ को निलंबित करने की अनुशंसा जिला निर्वाचन पदाधिकारी से की है। इसमें बूथ संख्या 84 के बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका, बूथ संख्या 103 के बीएलओ सह आंगनबाड़ी सेविका तथा बूथ संख्या 312 के बीएलओ सह प्रखंड शिक्षक के निलंबन व चयनमुक्ति की अनुशंसा की गई है। इसके अतिरिक्त निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कुढ़नी सह भूमि सुधार उप समाहर्ता ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी से तीन बीएलओ पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। जिलाधिकारी ने कार्य में कोताही एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## युवा आयोग के गठन से नौजवानों का होगा विकास : अजीत



प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । राज्य के पूर्व मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार गुरुवार को कांटी क्षेत्र के बगाहीं, मुस्तफापुर , सलेमपुर ,मिठन सराय , कोठीया पुर गौसी छपरा, साइन भेड़िया एवं साइन राम राय गांव में किसान-मजदूर -युवा जन संवाद कार्यक्रम चलाया। इस क्रम में उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्या भी सुनीं । लोगों ने स्वास्थ्य , सिंचाई, बिजली , राशन कार्ड व सामाजिक सुरक्षा पेंशन का मुद्दा श्री कुमार के समक्ष गंभीरता से उठाया। मौके पर श्री कुमार ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बात कर कई समस्याओं का निदान कराया। उन्होंने ने उपस्थित लोगों से केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा गरीबों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी भी लिया। जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित गरीबों ने श्री कुमार से बताया कि मोदी सरकार द्वारा मुफ्त में राशन व नगदी राशी दिए जाने, बीमार व लाचार गरीबों को को मुफ्त में 5 लाख का इलाज की सुविधा , किसान सम्मान निधि, विश्वकर्म योजना के तहत लघु उद्योग लगाने के लिए पूंजी व औजार की सुविधा, 11 सौ रुपया सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बेटियों को पढ़ने के लिए आर्थिक मदद, गांव के लोगों को पर्याप्त बिजली की सुविधा एवं बेघर को पक्का मकान देने की योजना ने समाज के गरीब तबके के लोगों को व्यवस्थित जीवन जीने के लिए एक बड़ा अवसर दिया है। ऐसे में समाज के कमजोर तबके के लोगो में मोदी व नीतीश जी के प्रति काफी विश्वास जगह है। इस मौके पर श्री कुमार ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज मै जिस गांव में जा रहा हू वहां के कार्यक्रम में लोगों का बड़ा जूटान यह साबित करता है कि समाज के गरीब तबके के लोगों का मोदी व नीतीश जी के प्रति विश्वास बड़ा है, आने वाले विधानसभा के चुनाव में वे हर हालत में फिर से बिहार में एनडीए की सरकार बनाएगा। उन्होंने राज्य के युवा एवं महिला के लिए नौकरी में 35% आरक्षण एवं नौजवानों के उत्थान के लिए युवा आयोग का गठन किए जाने को ऐतिहासिक बताते हुए कहा की सरकार के इस कदम से महिला एवं युवा वर्ग को काफी लाभ मिलेगा ।जन संवाद कार्यक्रम में स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व मुखिया अशोक पासवान, रमेश कुशवाहा ,संजीत यादव, राम जपु यादव ,श्री किशून राम, विजय राम , विनोद मेहरा, राम ईश्वर राम ,अजय कुशवाहा, शिवजी कुशवाहा , राजदेव साह, जगबीर पटेल , शत्रुघ्न सिंह, अजीत सिंह, राजा बाबू सिंह, अमित सिंह, सुमन कुमार सिंह, रामसागर चौधरी , प्रभाकर चौधरी, बैद्यनाथ ठाकुर, सुबोध कुशवाहा, सिकंदर राय ,कपिल साह ,मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र साह, पैक्स अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा , उपेंद्र राय, अमित पटेल, चंदन पटेल , शिव शंकर रजक, संजय यादव ,डॉ विनोद राम , उप मुखिया कपिल सहनी , संजीव कुशवाहा उर्फ संजू , राम सोमारी देवी आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री शुक्रवार को भेजेंगे बढ़ी पेंशन की राशि,1.11 करोड़ लोगों के खाते में आएगी तीन गुना राशि




प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय के समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में जिला पदाधिकारी लखीसराय मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में 11 जुलाई को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा पेंशनधारियों के खातों में जून माह से बढ़ी हुई पेंशन की राशि (400 से बढ़ाकर 1100 ) का डीबीटी के माध्यम से वितरण कार्यक्रम की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। 11 जुलाई को पेंशनधारियों के खातों में जून माह से बढ़ी हुई पेंशन की राशि (400 से बढ़ाकर 1100) का डीबीटी के माध्यम से वितरण लखीसराय जिला के कुल-1 लाख 12 हजार पेंशनधारियों को जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड स्तर, पंचायत स्तर एवं राजस्व ग्राम स्तर तक कार्यक्रम का आयोजन कर किया जाना है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत कुल छः प्रकार की सुरक्षा पेंशन दी जाती है। पेंशन की राशि को माह जून 2025 से 400 प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु जिला पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारियों, कल्याण विभाग इत्यादि के जिला स्तर, सभी प्रखंड एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया है।

## बीलीस सत्र-2024-25 का पंजीयन बीस जुलाई तक निर्धारित



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा स्थानीय ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में संचालित बैचलर ऑफ लाइब्रेरियन ईनफोरमेशन साईस सत्र -2024-25 में नामांकित छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन पंजीयन हेतु मौलाना मजरूल हक आरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अनवारुल अंसारी द्वारा जारी पत्रांक के आलोक में ईस्ट एन वेस्ट कॉलेज समुह के चेयरमैन डॉ रजनीश रंजन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा विश्वविद्यालय अधिसूचना के अनुरूप महाविद्यालय में पंजीयन फार्म भरने की अंतिम तिथि बीस जुलाई निर्धारित किया गया है एवं मुल कागजात के साथ विश्वविद्यालय में पच्चीस जुलाई तक अंतिम रूप से जमा किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में एग्यारह जुलाई से पंजीयन फार्म भरने की प्रकिया प्रारंभ होगी। जिसमें छात्र सी एल सी एवं माइग्रेशन की मुल प्रतिक साथ सभी शैक्षणिक प्रमाण-पत्र एवं आधार कार्ड की छाया प्रति स्व अधिप्रमाणित जमा करना अवश्यक है। उक्त जिम्मेदारी के निर्वहन हेतु नामांकन प्रभारी श्रीनिवास कुमार एवं वित्तीय प्रभारी रंजन कुमार को अधिकृत किया गया है।

## एक भी मतदाता छूटे नहीं, फर्जी मतदाता जुटे नहीं : संजय सरावगी

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। मतदाता पुनरीक्षण अभियान को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने दरभंगा सदर विधानसभा के चार मंडलों में भाजपा के बीएलए 2 एवं प्रमुख कार्यकताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि हर मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ना सुनिश्चित हो और किसी भी तरह के फर्जी कार्यों पर सख्त नजर रखी जाए। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सरावगी ने कहा कि यदि मतदाता पुनरीक्षण के दौरान किसी भी मतदाता को कोई कठिनाई होती है, तो उसकी समस्या का समाधान करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार द्वारा किए गए जनकल्याणकारी कार्यों पर जनता की मुहर तभी लगेगी, जब उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज होगा। इसलिए यह आवश्यक है कि पहले से जुड़े मतदाताओं को जागरूक किया जाए और उनका नाम सूची में बना रहे, इस कार्य को गंभीरता लेना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि नए मतदाताओं के नाम भी मतदाता सूची में शामिल कराने पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र में पारदर्शिता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बूथ स्तर पर घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करने की अपील करते हुए कहा कि फॉर्म भरने में कोई गलती न हो, या कोई छूट ना जाय। इस कार्य में कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर आम जनता की मदद करें। राजस्व मंत्री ने आगाह किया कि विपक्ष द्वारा भ्रांतियाँ फैलाने की साजिशें की जा रही हैं। इसलिए कार्यकर्ता सजग रहें और अगर कहीं किसी प्रकार की गलत गतिविधि होती है तो उसकी तुरंत सूचना दे। बैठकों में भाजपा कार्यकताओं ने मंत्री श्री सरावगी का गर्मजोशी से स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष विकास चौधरी, राजकुमार तिवारी, महामंत्री संतोष पोद्दार, पूनम देवी, अंकुर गुप्ता, नरेश राम, कामोद राय, शिवजी राय, लक्ष्मण चौधरी, शिलानाथ प्रसाद, बबलू पंजियार, राकेश झा, प्रदीप मंडल, जगन्नाथ, रमण महतो, राममनोहर साह, कन्हैया महतो, प्रमोद शरण सत्संगी, अरूण झा, अशोक राम, शंभू साह, रंधीर दास, रूपा चौधरी, पिंकी देवी, आकांक्षा सिंह, सीमा विक्टोरिया, प्रीति शर्मा, अर्जून सहनी, राजकुमार राय, संतोष साह, मुन्ना राम, रंजीत पासवान, विक्की सहनी, अनिल शर्मा, मनोज कुमार झा, विशाल महासेठ, अर्पणा सिंह, सोनी देवी, रामबाबू साह सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मारपीट कर महिला की हत्या करने वाले दो आरोपी 12 घंटे में गिरफ्तार



समस्तीपुर प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर पुलिस ने मुसरीघरारी थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव में हुई एक हत्या मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 9 जुलाई 2025 की शाम लगभग 5:30 बजे की है, जब ग्राम गंगापुर निवासी फुलकुमारी देवी (पति रामनंदन महतो) की आपसी विवाद में मारपीट के दौरान गंभीर रूप से जख्मी हो जाने के कारण मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मुसरीघरारी थाना अध्यक्ष ने वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। घटनास्थल पर चलंत विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम को बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य एकत्र किए गए। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, रामरतीपुर भेजा गया। परिजनों के आवेदन के आधार पर मुसरीघरारी थाना में कांड संख्या 108/25, दिनांक 09.07.2025 को भारतीय दंड संहिता की धाराओं 103(1), 127(2), 115(2), 352, 351(2) तथा 3(3) नालिश न्याय संगत (ना०न्या०स०) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक समस्तीपुर के निर्देश पर तथा अपर पुलिस अधीक्षक सदर-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर तत्काल कार्रवाई शुरू की गई। तकनीकी और मानवीय दोनों पहलुओं से जांच करते हुए पुलिस टीम ने घटना में संलिप्त दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान दोनों अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि जमीन के मेड़ को लेकर विवाद हुआ था, जिसके चलते मारपीट हुई और इसी दौरान महिला को लगी चोट के कारण उसकी मृत्यु हो गई। फिलहाल पुलिस द्वारा प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## इंडियन एक्सप्रेस समूह ने की स्क्रीन अकादमी की शुरूआत

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारत के अगली पीढ़ी के फिल्म निमार्ताओं को सशक्त बनाने के लिए इंडियन एक्सप्रेस समूह ने स्क्रीन अकादमी की शुरूआत की है, जो एक गैर-लाभकारी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में सिनेमाई प्रतिभाओं की अगली पीढ़ी की खोज और पोषण करना है। लोढ़ा फाउंडेशन द्वारा समर्थित यह अकादमी शीर्ष फिल्म संस्थानों के उन होनहार छात्रों को प्रतिवर्ष स्नातकोत्तर फेलोशिप प्रदान करेगी, जिनके पास वित्तीय संसाधन नहीं हैं। समूह के कार्यकारी निदेशक अनंत गोयनका ने इसे उत्कृष्टता को संस्थागत रूप देने की दिशा में एक साहसिक कदम बताया। वहीं अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि अकादमी 2047 तक भारत की रचनात्मक महाशक्ति बनने की महत्वाकांक्षा के अनुरूप है। अकादमी प्रतिष्ठित स्क्रीन अवाड्र्स का भी आयोजन करेगी, जो सिनेमाई उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को और पुख्ता करेगा। एफटीआईआई, एसआरएफटीआई और व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल जैसे संस्थानों ने इस पहल का स्वागत किया है और विविध क्षेत्रों के महत्वाकांक्षी कहानीकारों के लिए शैक्षिक अंतराल को पाटने में इसकी भूमिका का हवाला दिया है।

## शिकायतकर्ता की पुलिस हाजत में पिटाई का मामला पहुंचा मानवाधिकार आयोग

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । मुजफ्फरपुर पुलिस अपने कारनामों को लेकर हमेशा सुर्खियों में रहती है। ताजा मामला जिले के रामपुर हरि थाना का है, जहाँ लूट की शिकायत करने गये युवक को ही पुलिस द्वारा थाना में बंद कर काफी बेरहमी से मारपीट व गाली-गलौज किया गया। पूरा मामला यह है कि विशुनदेव नारायण सिंह इंटर महाविद्यालय, नरमा, मुजफ्फरपुर में लेखापाल के पद पर कार्यरत विशाल कुमार के साथ दिनांक 8 जुलाई 2025 को रुपये बैंक में लेकर जाने के दौरान अपराधियों के द्वारा लूट-पाट की गई। पीड़ित विशाल कुमार ने बताया कि अपराधियों द्वारा उनसे कुल 2,11,200 (दो लाख ग्यारह हजार दो सौ) रुपये की लूट की गई। इसकी शिकायत दर्ज कराने जब विशाल कुमार रामपुर हरि थाना पहुँचे, तो थानाध्यक्ष सुजीत मिश्रा उनके आवेदन के आलोक में कार्रवाई करने के बजाये उन्हें ही बेरहमी से मारने - पीटने लगे और थाना हाजत में बंद कर दिया। थाना में उनके साथ काफी गाली गलौज व बेरहमी से मारपीट की गई। थानाध्यक्ष सुजीत मिश्रा द्वारा पीड़ित का मोबाइल भी छीन लिया गया और उन्हें नजरबंद कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि थानाध्यक्ष सुजीत मिश्रा द्वारा उन पर लगातार यह दबाव बनाया जा रहा था कि पीड़ित यह स्वीकार करें कि उसी ने स्वयं पैसे को लुटा है। नहीं मानने पर थानाध्यक्ष द्वारा लगातार उनके साथ मारपीट की गई और रात्रि के करीब 10:30 बजे थाना से मारपीट कर भगा दिया गया। अगले दिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों द्वारा उन्हें सदर अस्पताल, मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया, जहाँ वर्तमान में उनका ईलाज चल रहा है। मामले को लेकर पीड़ित विशाल कुमार द्वारा मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के. झा के माध्यम से राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग परिवाद दर्ज कराया गया है। मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने मामले को मानवाधिकार उल्लंघन के अतिगंभीर कोटि का मामला बताते हुए कहा कि मुजफ्फरपुर पुलिस रक्षक के जगह भक्षक की भूमिका में ज्यादा दिखलाई पड़ रही है। आये दिन पुलिस द्वारा ऐसी घटनाओं को लगातार अंजाम दिया जाना मानवाधिकार के लिए खतरे का संकेत है। उन्होंने माननीय आयोग से मामले में उच्च स्तरीय जाँच करने की माँग की है।

## सिद्धि विद्यापीठ गलमा धाम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पादुका पूजन महोत्सव आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

अलीनगर(दरभंगा) ।गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दरभंगा पूर्वी जिला भाजपा संगठन की तरफ से क्षेत्र के गणमान्य शिक्षकों को उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया गया। कुर्सो ग्राम में सेवानिवृत शिक्षक सह पूर्व मंडल अध्यक्ष मुक्ति नारायण चौधरी को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कैथवार गांव के उदय चंद्र झा, कैथवार गांव के ही मोद नारायण झा को भी संगठन की तरफ से सम्मानित किया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनय पासवान और महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह, जगदीश नारायण ब्रह्मचर्य आश्रम में कृष्ण मोहन दास उर्फ बउआ भगवान जी को सम्मानित किया। वहीं सिद्धि विद्यापीठ गलमा धाम में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित श्री श्री 108 पादुका पूजन महोत्सव में शामिल हुए। जगतगुरु आदरणीय जीवेश्वर मिश्र बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया। विनय पासवान ने कहा कि हम सभी के व्यक्तित्व निर्माण में गुरु का स्थान सर्वोच्च होता है। वहीं जिला महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में गुरु को ही ब्रम्हा, गुरु को ही विष्णु और गुरु को ही महेश्वर माना गया है। इसका मतलब ये हुआ को जो शिष्य अपने गुरु की सच्चे मन से सेवा करेगा उसके साथ परमात्मा का आशीर्वाद सदैव बना रहेगा। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर हम अपने गुरु के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और उनसे प्रार्थना करते हैं कि वे अपना स्नेह और आशीर्वाद सदैव बनाए रखें। मौके पर मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम झा,सुधीर सिंह,ब्रजेश झा, लालकांत झा,शंभु पासवान,सिंटू झा,माधव झा आजाद,हुकुमदेव यादव,सुभाष कुमार,सुमित नारायण चौधरी आदि लोग मौजूद रहे।

## दरभंगा रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन बनाना मोदी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।मिथिला के सर्वांगीण विकास को देश ही नही वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्र की एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है यही कारण है कि अमृत भारत योजना के तहत दरभंगा रेलवे स्टेशन को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में आधुनिकीकरण किए जाने को लेकर 335 करोड़ से निर्माण किया जा रहा है जिसमें तेजी लाने की आवश्यकता है ।गुणवत्ता तथा पारदर्शिता के साथ निर्माण कार्यों की समय से पूरा किए जाने किए जाने के मुद्दे पर किसी भी प्रकार की उदासीनता तथा लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। स्थानीय सांसद सह रेलवे स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य डा गोपाल जी ठाकुर ने रेलवे अधिकारयों के साथ रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने के बाद उपरोक्त बातें कही ।उन्होंने निरीक्षण के क्रम में समस्तीपुर रेल मंडल के डीआरएम को दूरभाष पर निर्माण कार्यों की मंद गति के लिए असंतोष प्रकट करते हुए कहा कि वे इसके निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देशित करें अन्यथा संबंधित निर्माण एजेंसी व इस निर्माण कार्य के जिम्मेदार रेलवे अधिकारियों पर करवाई के लिए मंत्रालय स्तर पर पहल की जाएगी। सांसद डा ठाकुर ने निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों एवं अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि मिथिला के केंद्रबिंदु माने जाने वाले दरभंगा रेलवे स्टेशन को 335 करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा स्टेशन के दोनों दिशा में प्रवेश द्वार बनाया जा रहा है तथा इस स्टेशन का मेन बिल्डिंग विश्वस्तरीय लुक का रहेगा लेकिन जिस मंद गति से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं उससे समय पर पूरा नहीं किया जा सकता जिसके लिए अधिकारी तत्पर होकर एजेंसी से मानव बल की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें निर्देशित करें। सांसद डा ठाकुर ने बताया की समस्तीपुर में सम्पन्न रेल मंडल की बैठक में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दरभंगा सहित मिथिला क्षेत्र की निमार्णाधीन रेल परियोजनाओं को समय से पूरा किए जाने के लिए अधिकारियों व अभियंताओं को सख्त निर्देश दिए हैं। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य उदयशंकर चौधरी सहित रेलवे के अधिकारी व अभियंता मौजूद थे।

## विशेष अभियान की बड़ी सफलता: मधुबनी पुलिस ने 16 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी पुलिस महानिदेशक बिहार पटना के आदेश तथा पुलिस अधीक्षक, मधुबनी के निदेर्शानुसार जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु चलाए गए विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई। दिनांक 10 जुलाई 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हत्या, डकैती, लूट, बलात्कार और पुलिस पर हमले जैसे गंभीर कांडों में संलिप्त अपराधियो के विरुद्ध प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की गई ।इस अभियान में कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 37 वारंट, 58 सम्मन, 5 इश्ते हार तथा 19 कुर्की का निष्पादन करते हुए कानूनी प्रक्रिया को गति दी गई। साथ ही 5 वारंटियों को विशेष रूप से गिरफ्तार किया गया ।अभियान के दौरान 901 लीटर देशी/विदेशी शराब, एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। वहीं, यातायात नियमों के उल्लंघन पर 99 वाहनों से कुल 1,64,000/- का जुमार्ना वसूला गया ।मधुबनी पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप है और आम जनता में सुरक्षा की भावना को बल मिला है। पुलिस अधीक्षक, मधुबनी ने इस अभियान को आगे भी जारी रखने का संकेत देते हुए कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जिले में कड़ा रुख अपनाया जाएगा।

# जिला पदाधिकारी के निर्देश पर अजगैबीनाथ धाम सज धज कर तैयार

## डीएम, जिला व प्रखंड के अधिकारी के साथ मेला क्षेत्र का लिया जायजा

प्रात: किरण/ संतोष राज



भागलपुर । सुल्तानगंज "विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला को लेकर अजगैबीनाथ धाम सज धज कर तैयार, आपको बताते चलें कि जिला प्रशासन के द्वारा सारी तैयारी पुर्ण कर ली गई/11जुलाई से श्रावणी मेला आरंभ होना है इसके लिए गुरुवार को भागलपुर डीएम नवल किशोर चौधरी, भागलपुर एसपी हृदयकांत ने जिला एवं प्रखंड के तमाम पदाधिकारियों के साथ अजगैबीनाथ गंगा घाट, नमामि गंगे घाट, उदघाटन स्थल,बस पड़ाव स्थल, सरकारी धर्मशाला, सहित अन्य कांवरियों की सुविधा को लेकर स्थल निरक्षण करते हुए जायजा लिये/और अधिकारियों को ससमय सारी तैयारी पुर्ण करने का भी दिशा-निर्देश दिए/इस दौरान डीएम नवल किशोर चौधरी ने मिडिया से बातचीत करने के दौरान बताया कि कांवरियों को बेहतर सुविधा को लेकर तैयारी की गई है जो गंगा घाट में एसडीआर टीम को लगाया गया, उदघाटन मंच भी तैयार हो चुका है, कांवरियों को सुविधा के लिए सरकारी धर्मशाला, पानी, शौचालय, बिजली की सुविधा,बस रुठ के लिए इस बार अलग जगहों को निर्धारित किया गया है, सुरक्षा व्यवस्था के लिए भी पुलिस बल, महिला पुलिस बल की भी तैनाती कर दी गई है/ कांवरियों को इस बार बेहतर सुविधा दि जाएगी,खान पान के लिए भी मुल्य तालिका भी बनाया गया है कि बात कही/इस दौरान डीएसपी चन्द्र भूषण कुमार, एसडीओ विकास कुमार,नगर सभापति राज कुमार गुड्डू, थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, विडिओ संजीव कुमार,सीओ रवि कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार सहित इत्यादि सभी विभाग के अधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे ।

# श्रावणी मेले को लेकर लखीसराय पुलिस ने की है अभूतपूर्व सुरक्षा व्यवस्था : एसपी

## कांवरियों व डाक बम के लिए की गई है खास सुरक्षा व्यवस्था

- तीसरी आंख से भी रहेगी पुलिस की पैनी नजर
- असामाजिक व उपद्रवी तत्वों की खैर नहीं

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय !श्रावणी मेला को लेकर लखीसराय जिले की पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौकस और एक्टिव मोड में है !पूरे एक महीने तक चलने वाला श्रावणी मेला में कांवरियों और डाक बम की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से एहतियात बरतते हुए उनकी खास इंतजाम पुलिस प्रशासन द्वारा किया जा रहा है !इस संदर्भ में खास बातचीत करते हुए जिले के तेजतर्रार पुलिस कप्तान अजय कुमार ने कहा कि श्रावणी मेले को लेकर कांवरियों और डाक बम जो लखीसराय जिला होते हुए बाबा नगरी देवघर जलाभिषेक करने जाते हैं उनकी सुरक्षा के लिए,जिले की पुलिस प्रशासन द्वारा खास इंतजाम किए गए हैं ! साथ ही साथ लखीसराय जिला स्थित बाबा नगरी के नाम से प्रसिद्ध अशोक धाम के इंद्रदमनेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कांवरियों,डाक बम तथा श्रद्धालुओं के लिए भी सुरक्षा की विशेष व्यवस्था की गई है !जिले के सभी थानों को विधि -व्यवस्था संधारण के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं !एसपी अजय कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से भी अशोक धाम सहित जिले के विभिन्न प्रमुख स्थानों की मॉनिटरिंग की जाएगी !उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि श्रावणी मेले के दौरान उचक्के और सामाजिक तत्वों पर भी लखीसराय पुलिस की पैनी नजर रहेगी !कांवरियों,डाक बम और श्रद्धालुओं के लिए लखीसराय जिले की पुलिस 24 घंटे उनकी सेवा व सुरक्षा में तत्पर रहेगी !एसपी ने लखीसराय के व्यावसायिक वर्ग के साथ भी सुरक्षा को लेकर बड़ी बैठक की !उन्होंने व्यवसाइयों को भरोसा दिलाया कि जिले की पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है !

# गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आयोजित हुई सत्संग समारोह




- एक जन्म मां बाप देते है दूसरा जन्म गुरु के द्वारा प्राप्त होता है : साध्वी यशो बाई जी

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व के शुभ अवसर पर मां राजेश्वरी कीर्ति आश्रम, मानव उत्थान सेवा समिति, हटिया गाछी में गुरु पूजा का पवन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सदगुरुदेव श्री सतपाल जी महाराज के शिष्या साध्वी यशो बाई जी तथा मधुलता बाई जी के द्वारा प्रेमी आत्मिक सज्जनों को गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिस तरह अंधकार में दीपक रास्ता दिखाता है उसी प्रकार गुरु एक शिष्य को आत्मा का ज्ञान देकर उसके जीवन में प्रकाश भर देते है। हमारे भीतर छिपे हुए द्वंद, भ्रम और मोह को हटाकर सत्य का साक्षात्कार करते है। एक जन्म मां बाप देते है दूसरा जन्म गुरु के द्वारा प्राप्त होता है। आज के सोशल मीडिया के जमाने में जहां लोग बहिमुर्खी हो रहे है ऐसे में आध्यात्मिक ज्ञान के नित्य अभ्यास से उन्हें सच्ची शांति, सच्चा आनंद प्राप्त होता है। सत्संग के पश्चात प्रेमी भक्तों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के समस्त कार्यकताओं का सहयोग सराहनीय रहा।

# जिला शिक्षा विभाग ने16 करोड़ से अधिक राशि खर्च का कोई हिसाब सरकार को नहीं दिया

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर) । स्कूली बच्चों पर 12 अरब रुपए से अधिक का खर्च कर दिए गए लेकिन उसका हिसाब विभाग को आज तक नहीं मिल पाया है। मुंगेर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय सूत्र केअनुसार यह मामला तब उजागर हुआ जब एसीडीसी एवं उपयोगिता को संघ के अवर सचिव सह प्रभारी पदाधिकारी सियाराम प्रसाद केसरी ने मुंगेर सहित बिहार के 38 जिला के डीईओ और डीपीओ से इस पर जवाब मांगा है। सूत्रों के अनुसार सूवे में छात्रवृत्ति एवं पोशाक की सबसे अधिक राशि का हिसाब वर्ष 2011-2012 से 2018-19 सरकार को नदारत है। पोशाक में 73 करोड़ और छात्रवृत्ति में 98 करोड़ से अधिक का खर्चा उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इसके अलावा किशोरी स्वास्थ्य योजना साइकिल योजना के खर्च का हिसाब भी गायब है। बिहार में सामान्य छात्रवृत्ति मध्य में 98 करोड़ से अधिक की राशि कहां खर्च की गई है या 5 साल में भी नहीं ढूंढा जा सका है। इसमें मुंगेर और दरभंगा मुजफ्फरपुर में सबसे अधिक राशि का हिसाब बकाया है।

# मध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियान के अंतर्गत 1 जुलाई से 90 दिवसीय मध्यस्थता ड्राइव शिविर के सफलता के लिए जिला जज ने की बड़ी बैठक

## मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु न्यायिक दंडाधिकारियों को दिए गए निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



लखीसराय !जिला विधिक सेवा प्राधिकार लखीसराय के तत्वावधान में ॿमध्यस्थता राष्ट्र के लिए अभियानॿ के अंतर्गत 1 जुलाई से 90 दिवसीयॿ मध्यस्थता ड्राइव शिविरॿ का आयोजन किया जा रहा है 'यह शिविर बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार पटना के निदेर्शानुसार व्यवहार न्यायालय परिसर स्थित मध्यस्थता केंद्र में संचालित किया जा रहा है 'इसके सफल संचालन एवं अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार शर्मा के प्रकोष्ठ में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण के साथ एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया जिसमें मध्यस्थ योग्य वादों का निपटारा हेतु व्यापक प्रचार प्रसार एवं त्वरित निष्पादन पर बल दिया गया' जिला विधिक सेवा प्राधिकार लखीसराय के सचिव राजू कुमार ने बताया कि यह विशेष अभियान तालुका न्यायालय ,जिला न्यायालय तथा उच्च न्यायालय में लंबित उन वादों के निष्पादन हेतु समर्पित है जो मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाया जा सकते हैं 'इसमें प्रमुख रूप से वैवाहिक विवाद, दुर्घटना दाबा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस,वाणिज्यिक विवाद,सेवा संबंधी मामले,आपराधिक सुलहनीय वाद,उपभोक्ता विवाद, कर्ज वसूली, बटवारा विवाद, बेदखली विवाद, भूमि विवाद जैसे महत्वपूर्ण दीवानी और अपराधिकवाद शामिल है' मध्यस्थितों के द्वारा 90 दिनों तक मामलों का निष्पादन किया जाएगा' इसका मुख्य उद्देश्य पक्षकार को आपसी सहमति से त्वरित न्याय प्राप्त करवाना है' बैठक में प्रधान न्यायाधीश पवन कुमार झा ,जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम रजनी कुमारी ,जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय शुभनंदन झा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश तृतीय राजीव कुमार मिश्रा, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ नरेंद्र कुमार यादव ,मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आशीष कुमार अग्निहोत्री ,अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम रंजीत कुमार सोनू, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी द्वितीय विद्यानंद सागर, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी तृतीय ज्योत्सना कुमारी,न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी आकांक्षा कुमारी,मोङ्क फहद हुसैन ,मनीष कुमार,सुमित कुमार सुमन, महाजबी नाज सहित कई लोग उपस्थित थे !

# जॉब कैंप में निजी कंपनियों ने अभ्यर्थियों का शॉर्ट लिस्ट बनाकर किया चयन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय, मुंगेर में बुधवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में निजी कंपनी एयरटेल पेमेंट बैंक के प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार, जोन मनेजर कुमार सहायक मैनेजर एवं दो अन्य प्रतिनिधि के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित, वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 35 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 18 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर संक्षिप्त लिस्ट तैयार किया गया। जॉब कैंप में कुल 41 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर यंग प्रोफेशनल उज्जवल सिंह भंडारी, बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है, जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है साथ ही बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा निःशुल्क लाभ ले सकते है।जॉब कैंप में जिला कौशल प्रबंधक, मुंगेर, कन्हैया केशरी द्वारा बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन (बीएस डी एम ) द्वारा संचालित कार्यक्रमों और बी एस डी द्वारा पटना में आयोजित रोजगार मेला के बारे में विस्तार से बताया गया।

# कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार के ठिकानों पर ईओयू की छापेमारी, पटना, सहरसा, सीतामढ़ी में एक साथ रेड



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ आर्थिक अपराध इकाई की बड़ी कार्रवाई हुई है। बुधवार सुबह सहरसा से लेकर पटना और सीतामढ़ी तक एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई है। कार्रवाई का निशाना बने हैं–बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम के कार्यपालक अभियंता प्रमोद कुमार। आर्थिक अपराध इकाई ने आय से 309.61% अधिक संपत्ति रखने के आरोप में प्रमोद कुमार के ठिकानों पर रेड की है। यह छापेमारी आर्थिक अपराध थाना कांड संख्या 13/2025 के तहत दर्ज एफआईआर के आधार पर की गई। ईओयू की टीमें सहरसा, पटना और सीतामढ़ी स्थित आवासीय और व्यावसायिक परिसरों में एक साथ पहुंचीं और तलाशी शुरू की। छापेमारी के लिए माननीय न्यायालय से तलाशी अधिपत्र प्राप्त किया गया था। सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में भ्रष्टाचार के कई गंभीर प्रमाण सामने आए हैं। टीम को कई अहम दस्तावेज, प्रॉपर्टी डिटेल्स, बैंक रिकॉर्ड और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सबूत मिलने की बात सामने आ रही है। फिलहाल कार्रवाई जारी है, और विस्तृत जानकारी ईओयू की ओर से औपचारिक प्रेस नोट के माध्यम से साझा की जाएगी।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विवाह भवन में आयोजित की गई गुरूदक्षिणा कार्यक्रम समारोह

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा गुरू पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार को शंकर चौक स्थित विवाह भवन में गुरुदक्षिणा समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक सुभाष अग्रवाल व नगर कार्यवाह श्रवण कुमार के निर्देशन मे सामूहिक गीत, सुभाषित, अमृत वचन, एकल गीत के पश्चात उत्तर बिहार के सह प्रांत प्रचारक प्रवीर कुमार नें बौद्धिक देते हुए कहा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तत्व रूपी भगवा ध्वज का गुरूपूजन अपने स्थापना काल सें करता है। संघ का मानना है कि राष्ट्र का गुरू सजीव नही हो सकता है क्योंकि व्यक्ति का मानसिक संतुलन, नैतिक पतन या स्खलन कभी भी हो सकता है।इसलिए तत्व के रुप में भगवा ध्वज को स्थापित किया।उन्होने कहा कि सत्ययुग में भगवान सूर्य की उपासना की गई जिसका रंग भगवा है। वही वर्तमान वैज्ञानिकों के गॉड पार्टिकल में जो पहला प्रकाश निकला वह भी भगवा रंग का था। भारतीय संस्कृति सदैव यज्ञमय रहा है।

# लेट सैयद निसार अली मेमोरियल कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। लेट सैयद निसार अली मेमोरियल कैरम प्रतियोगिता 2025 का आयोजन शाह जुबेर रोड में किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और फाइनल मुकाबले में मुकेश कुमार ने सैयद सरफराज अली को सिंगल्स में हराया, जबकि डबल्स में सैयद सरफराज अली और मोहम्मद विक्की की जोड़ी ने मोहम्मद राजा और मोहम्मद छोटू को हराया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि यातायात डीएसपी प्रभात रंजन को वार्ड नंबर 25 की वार्ड पार्षद इशरत बेगम ने बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि यातायत डीएसपी प्रभात रंजन ने खिलाडियों को संदेश देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को कैरम खेल को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रयास करना चाहिए उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया इसके बाद खिलाड़ियों के बीच उन्होंने पुरस्कार वितरण किया प्रतियोगिता के विजेता:: सिंगल्स : मुकेश कुमार डबल्स : सैयद सरफराज अली और मोहम्मद विक्की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः सिंगल्सः मोहम्मद इम्तियाज डबल्सः मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद अरमान फाइनल मैच का उद्घाटनः डॉक्टर उदय शंकरः चर्चित लोकप्रिय डॉक्टर उदय शंकर ने फाइनल मैच का उद्घाटन किया। अनिकेत कुमार झाः पूरब सराय थाना के अनिकेत कुमार झा ने भी फाइनल मैच का उद्घाटन किया।ः सामाजिक कार्यकर्ता आमिर भाई ने आंखों देखा हाल सुना रहे थे। सैयद इरफान अली उर्फ पिंटू मोहम्मद अकीब ने निभाया प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका सैयद उमर अली सैयद ओवैस अली सैयद इरफान अली उर्फ पिंटू मोहम्मद फैज मंसूर मोहम्मद नसीम उर्फ नससू मोहम्मद अकीब टिपू कुमार अमित कुमार मिथुन कुमार मोनू कुमार मोहम्मद शकेब निर्णायक की भूमिका निभा रहे थे इस पट्टी को सांप को देखने के लिए खेल प्रेमी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित



प्रात किरण संवाददाता

सहरसा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्थानीय प्रेक्षागृह में गुरुवार को संत शिरोमणि रविदास सम्मेलन सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता साजन शर्मा, संचालन अमीर राम, कार्यक्रम संयोजक महेंद्र राम के द्वारा की गई। वहीं विशिष्ट अतिथि बिहार सरकार के मंत्री मंत्री जनक राम, पूर्व मंत्री डॉ आलोक रंजन एवं महामंत्री शिवेश राम के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। वहीं उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर वक्ताओं ने संत रविदास के इतिहास को उजागर किया। वक्ताओं ने कहा कि राम समाज के लोगों नें नीच से नीच कर्म करना स्वीकारा जबकि हिन्दु धर्म को नही छोड़ा। इसके लिए घोर अपमान पीड़ा एवं जिल्लत की जिन्दगी जीना स्वीकार किया किन्तु सनातन धर्म में आज तक बनें हुए है। आज समाज को झूठ व प्रलोभन के सहारे तोड़ने की साजिश चल रही है। वही राम समाज को हिंदू समाज से अलग करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए नाना प्रकार के षड्यंत्र रचे जा रहे हैं। संत रविदास किसी जाति विशेष के संत नहीं थे बल्कि वह संपूर्ण समाज के संत शिरोमणि थे। इस प्रकार डॉक्टर अंबेडकर किसी विशेष जाति के नेता नहीं बल्कि सभी जातियों तथा सभी समाज के नेता थे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम आक्रांताओं ने देश को बर्बाद कर विखंडित करने के लिए उच्च नीच छुआछूत एवं भेदभाव का आवरण खड़ा किया। वही 13वीं से 16वीं शताब्दी तक के समय को भक्ति काल का समय माना गया है। जिसके अंतर्गत संत शिरोमणि रविदास, संत तुलसीदास, कबीर दास, सूरदास, गुरु नानक, रहीम जैसी सहित अन्य प्रमुख संत हुए हैं। बिहार सरकार के मंत्री जनक राम एवं डॉ आलोक रंजन ने कहा कि बाबा साहब का कहना था यदि गुलाम को गुलामी का एहसास करा दे तो वह स्वयं गुलामी की बेरी को तोड़ देगा। इसके शिक्षा बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उसे कालखंड में बहुत छुआछूत था, मरने के बाद भी शव को जलाने के लिए मुगलों को टैक्स देना पड़ता था। लेकिन संपूर्ण हिंदू समाज ने एक सम्मेलन विशाल सम्मेलन कर संत रविदास को संत शिरोमणि की उपाधि दी। संत रविदास के भजन बाणी अमृत तुल्य है। उन्होंने भक्ति के माध्यम से साबित कर दिखाया मन चंगा तो कठौती में गंगा। संत शिरोमणि ने अपने वाणी से समाज को नई दिशा दी।उन्होंने कहा कि यही कारण रहा की संत रविदास ने अपना गुरु रामानंद को बनाया जबकि क्षत्रिय रानी झाला बाई ने गुरु मान चित्तौड़ में उनका भव्य मंदिर बनाया। वहीं कृष्ण भक्त मीरा ने भी उन्हें अपना गुरु बनाया। मुगलों एवं अंग्रेजों ने गुलाम बनाकर छुआछूत इर्ष्या द्वेष शोषण उत्पन्न किया। उन्होंने कहा कि जिसके पुरखे संविधान को तोड़ मरोड़ दिया। आज उसके वंशज संविधान को दिखाकर लोगों को बरगलाया जा रहा है। आज संविधान को कमजोर जातियों के बीच डायरी की तरह दिखाई जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान प्रदत अधिकार एनडीए ही दिला रही है। एनडीए शासन काल में कमजोर जाति के लोगों के उत्थान के लिए दिन रात प्रयास किया जा रहा हैं। देश के प्रधानमंत्री मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने संत शिरोमणि रविदास एवं बाबा साहब अंबेडकर को उचित सम्मान देते हुए समाज के निचले पायदान पर खड़े लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास कर रहे है।

# जीवन में समाधि तक पहुंचाने का रास्ता गुरु पर निर्भर करता है : स्मिता देवी

प्रात: किरण संवाददाता



हवेली खडगपुर (मुंगेर)। गुरु पूर्णिमा की पूर्व संध्या पर महिला पतंजलि योग समिति मुंगेर के तत्वाधान में बुधवार को नगर के गायत्री शक्तिपीठ में गुरु परिचर्चा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला प्रभारी स्मिता देवी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मानव के जीवन में गुरु का बहुत बड़ा महत्व है गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है स्वास्थ्य के जीवन में विश्व योग गुरु स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण ने विश्व में योग आयुर्वेद प्राकृतिक चिकित्सा से मानव को दीघार्यु बना रहे हैं उन्होंने कहा कि निःशुल्क योग शिविर गायत्री शक्तिपीठ में नियमित चलाया जा रहा है जिसमें दर्जनों महिलाएं को स्वास्थ्य लाभ मिला है उन्होंने कहा कि गुरु के प्रति आस्था निष्ठा एवं समर्पण का भाव बनाए रखना चाहिए मानव के जीवन में समाधि तक पहुंचाने का रास्ता गुरु पर निर्भर करता है ।मीरा देवी ने कहीं की योग साधना से मानव का शरीर लचीला बनता है इंदु भगत ने कहा कि योग एवं प्राणायाम से मनुष्य के आंतरिक ऊर्जा में विकास होता है प्रतिमा भारती ने कहीं की योग के साथ आहार बिहार मनुष्य को बनाए रखना चाहिए इस अवसर पर मीणा केसरी शालिनी टिंबडेवाल बीना देवी प्रेमलता देवी आशा प्रसाद रानी देवी रश्मि कुमारी पिंकी देवी उषा गोस्वामी प्रीति देवी उषा देवी रूबी देवी रिंकी देवी सीमा केसरी आदि उपस्थित थे। शांति पाठ से कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गुरु हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है : शर्मिला

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। मुंगेर नगर निगम के छोटी मिजार्पुर स्थित सूर्या विवाह भवन में महिला पतंजलि योग समिति मुंगेर के द्वारा गुरु पूर्णिमा पर्व महोत्सव मनाया गया महामंत्री शर्मिला ने कहा कि मनुष्य के जीवन में गुरु की महिमा अपरंपार है गुरुवार हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है गुरु के ज्ञान से मानव का आत्मविश्वास बढ़ता है सद चिंतन एवं आध्यात्मिक ऊर्जा बढ़ती है बिहार दक्षिणी महिला पतंजलि समिति कार्यकारिणी के मीडिया प्रभारी पूनम विजय ने कहा कहीं की मानव को गुरु के प्रति आस्था एवं निष्ठा बनाए रखना चाहिए। विश्व योग गुरु स्वामी रामदेव एवं आचार्य बालकृष्ण के प्रति कृतज्ञता जाहिर किया। उन्होंने कहा की आज घर-घर योग और यज्ञ को स्थापित करने का संकल्प के भाव से कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। दर्जनों साधकों ने विश्व कल्याण के लिए यज्ञ में आहुति दी इस उपलक्ष पर दीपा शर्मा रीता शर्मा प्रगति यूटीआई कुमारी सुनीता केसरी बिंदु कुमारी आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

# अपदा प्रबंन्धन विभाग ने एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाकर लोगों को किया जगरुक

प्रात: किरण संवाददाता

बरियारपुर ((मुंगेर)। अपदा प्रबंन्धन बिभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया ।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचलाधिकारी रविना गुप्ता ने किया। मंच संचालन अपदा प्रबंन्धन बिभाग के सहायक निरिक्षक के द्वारा किया गया ।इस अवसर पर उन्होंने कहा की अपदा किसी को कहकर नही आता है। प्रथम आप अपने घरों के कचरा रुपी ठण्डे पेयजल वोतल को आत्मरक्षा के रुप मे उपयोग कर सकते है। उसका उपयोग कर अपदा की सहायता ले सकते है इस प्रकार पांच से सात बोतलों को एक रस्सी के सहारे बॉध कर उपयोग में ला सकते है। उन्होंने कहा की दूसरी उपाय नारियल के छः से सात फलों को बाध कर उपयोग कर सकते है। तीसरा उपाय लाइफ जैकेट का उपयोग कर सकते है। यह उपयोग लंबे अवधी तक के लिए आप उपयोग कर सकते है इसके बाद आप आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सहायता 72 घंटे तक आपको सहायता कर सकती हैं।

# गांधी पथ स्थित संतमत सत्संग मंदिर में धूम धाम से मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा शहर के गांधी पथ स्थित संतमत सत्संग मंदिर में धूम धाम से गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए स्वामी महेशनंद जी महाराज ने कहा कि हिंदू पंचांग के अनुसार यह पर्व आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि को पड़ता है, जिसे पूर्णिमा के दिन के रूप में भी जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा अपने गुरुओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने के लिए मनाई जाती है, जो ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करके किसी व्यक्ति के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। स्वामी रविंदनाथ बाबा ने कहा कि गुरु पूर्णिमा का मूल उद्देश्य ही होता है, गुरु के प्रति श्रद्धा और आत्मा का शुद्धिकरण। स्वामी सिंगेश्वरनाथ बाबा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गुरु का बहुत ऊंचा और आदर का स्थान है. माता-पिता के समान गुरु का भी बहुत आदर रहा है और वे शुरू से ही पूज्य समझे जाते रहे हैं। गुरु को ब्रह्मा, विष्णु, महेश के समान समझकर सम्मान करने की पद्धति पुरातन है इस अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

# विचार मंथन

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
पटना, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025

सम्पादकीय

## रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाः नौकरियों, आर्थिक विकास और औपचारिकीकरण की एक उत्प्रेरक


सुश्री ज्योति विज



अब जबकि दुनिया स्वचालन की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, भारत सरकार ने हाल ही में रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को स्वीकृति दी है। यह एक बेहद ही सामयिक और सोचा-समझा कदम है। लगभग एक लाख करोड़ रुपये के परिव्यय वाली यह योजना भारत के उभरते रोजगार परिदृश्य, विशेषकर मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र, में एक साहसिक नीतिगत हस्तक्षेप है। अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को समर्थन देने के उद्देश्य से तैयार की गई यह ईएलआई योजना महज एक आर्थिक उपाय भर नहीं है - यह भारत की श्रमशक्ति के भविष्य में एक ऐसा रणनीतिक निवेश है, जो सीधे तौर पर सरकार के विकसित भारत@2047 के विजन का समर्थन करता है। ईएलआई देश में रोजगार सृजन का एक प्रमुख उत्प्रेरक बनने जा रहा है। कई अन्य ऐसे देशों के उलट, जहां आबादी शीघ्र ही घटने लगेगी या घट चुकी है, भारत में अभी भी कार्यशील आयु वर्ग की एक ऐसी बड़ी आबादी है, जिसे रोजगार के अधिक अवसरों की जरूरत है। ईएलआई योजना का उद्देश्य नौकरी चाहने वालों और नौकरी देने वालों के बीच ही नहीं बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण रूप से अनौपचारिक कार्य एवं औपचारिक रोजगार के बीच की खाई को पाटना है। रोजगार संबंधी तात्कालिक नतीजों से परे जाकर, इस बात पर गौर करना महत्वपूर्ण है कि ईएलआई योजना विभिन्न सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की दिशा में भारत की प्रगति को मजबूत करती है। खासतौर पर, औपचारिक व दीर्घकालिक रोजगार को प्रोत्साहित करके एसडीजी 8 (सभ्य कार्य तथा आर्थिक विकास) और कम वेतन पाने वालों एवं पहली बार नौकरी चाहने वालों को लक्षित वित्तीय सहायता प्रदान करके एसडीजी 1 (गरीबी उन्मूलन) तथा एसडीजी 10 (असमानताओं में कमी) के संदर्भ में। आधार-समर्थ प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण प्रणाली (डीबीटी सिस्टम) के जरिए ईपीएफओ पंजीकरण एवं संवितरण के साथ इस योजना का जुड़ाव न केवल रोजगार सृजन बल्कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार भी सुनिश्चित करता है, जोकि एक न्यायसंगत और समावेशी अर्थव्यवस्था के निर्माण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। भारत द्वारा किए गए ऐसे प्रयासों को मान्यता देते हुए, अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) ने हाल ही में भारत की इस उपलब्धि को स्वीकार किया और आधिकारिक तौर पर अपने डैशबोर्ड पर इस तथ्य को प्रकाशित किया कि भारत की 64.3 प्रतिशत आबादी (2015 में 19 प्रतिशत की तुलना में), यानी 94 करोड़ से अधिक लोग अब कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में हैं। मैन्यूफैक्चरिंग पर जोर खासतौर पर स्वागत योग्य है। जैसे-जैसे वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएं नए सिरे से बदल रही हैं, भारत भी कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल, उपभोक्ता वस्तुओं और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्रों में एक विश्वसनीय विकल्प के रूप में तेजी से उभर रहा है। इन क्षेत्रों में दीर्घकालिक रोजगार सृजन का समर्थन करके, ईएलआई योजना पीएलआई योजनाओं, ह्यमेक इन इंडियाह्ल तथा ह्यस्किल इंडियाह्ल जैसी मौजूदा पहलों का पूरक बनने के साथ-साथ शहरी व अर्द्ध-शहरी, दोनों समूहों में औद्योगिक विकास को गति देगी। अक्सर लागत संबंधी चिंताओं के कारण औपचारिक भर्ती को बढ़ाने में बाधाओं का सामना करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को यह योजना महत्वपूर्ण राहत प्रदान करती है। नियोक्ता-पक्ष के प्रोत्साहन नई भर्ती की सीमांत लागत को कम करते हैं। इससे विस्तार, औपचारिकीकरण और श्रमशक्ति के उन्नयन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिलता है। वैश्विक स्तर पर, वेतन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं रोजगार को बढ़ावा देने में कारगर साबित हुई हैं। जर्मनी जैसे देश अप्रेंटिसशिप और दीर्घकालिक भर्ती के लिए नियोक्ता सब्सिडी प्रदान करते हैं। दक्षिण कोरिया युवा एवं वृद्ध श्रमिकों के नियोक्ताओं को लक्षित वेतन सहायता प्रदान करता है। सिंगापुर कौशल के उन्नयन (अपस्किलिंग) और रोजगार को कायम रखने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में कार्य अवसर कर क्रेडिट (डब्ल्यूओटीसी) की व्यवस्था है, जो वंचित समूहों के व्यक्तियों की भर्ती करने वाले नियोक्ताओं को पुरस्कृत करता है।

## सनातन गुरु परंपरा में स्वामी शिवानंद सरस्वती के परम शिष्य हैं – स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती






भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गुरु पूर्णिमा उस दिव्य परंपरा का उत्सव है, जिसमें हम अपने जीवन को आलोकित करने वाले गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। यह परंपरा केवल शिक्षण तक सीमित नहीं, अपितु आत्मज्ञान और मोक्षमार्ग का प्रकाश है। इसी सनातन गुरु-शिष्य परंपरा में स्वामी शिवानंद सरस्वती जैसे युगद्रष्टा संत के परम शिष्य के रूप में प्रतिष्ठित हैं – स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती। मुंडक उपनिषद् (1.2.12) कहता हैः तद्विज्ञानार्थं स गुरुमेवाभिगच्छेत्। समित्वपनिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम इस श्लोक में उपनिषदों ने स्पष्ट किया है कि ब्रह्मविद्या को जानने के लिए साधक को श्रुति में पारंगत और ब्रह्मनिष्ठ गुरु के शरण में जाना चाहिए। यही परंपरा स्वामी शिवानंद जी और उनके शिष्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी के संबंध में भी दृष्टिगोचर होती है। स्वामी शिवानंद सरस्वती – योग और वेदांत के युगपुरुष थे तथा आध्यात्मिक जीवन, सेवा, साधना और आत्मज्ञान के मार्ग को जनसामान्य के लिए सुलभ बनाया। उन्होंने ह्यदिव्य जीवन मिशनह्ल (ॐ५ल्ली ॅी रङ्की३८) की स्थापना कर विश्वभर में वेदांत, योग और अध्यात्म का प्रचार किया। उनका प्रसिद्ध वाक्य –आज भी साधकों के लिए मूलमंत्र है। उन्हीं के पदचिह्न पर चलने वाले शिष्यों में एक स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती –जीवन के प्रारंभ में गुरु की छाया में तपस्वी जीवन व्यतीत किए, तदुउपरांत स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी ने ऋषिकेश में स्वामी शिवानंद जी की सान्निध्यता में कठोर तप, स्वाध्याय और सेवा से आत्मज्ञान की ऊँचाइयों को छुआ। वे न केवल उनके शिष्य रहे, बल्कि उनके तत्वदर्शन के जीवंत वाहक भी बने। गुरु की कृपा से ही वे बाद में अमेरिका गए और वहाँ भारतीय अध्यात्म, योग और वेदांत दर्शन की ज्योति को विश्वभर में प्रज्वलित की। गुरु आज्ञा का वैश्विक रूपांतरण करते हुए, स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी ने गुरु की ज्ञान को आत्मसात किया तथा उसे वैश्विक धरातल पर प्रस्तुत किया। साठ के दशक में मियामी (फ्लोरिडा, वरअ) में उन्होंने ङ्क पीर्रोंॄ त्रङ्क४ल्र्लाँ३ङ्कल्ल की स्थापना किया और योग, वेदांत दर्शन पर 80 से ज्यादा पुस्तकें लिखा। यह कार्य गुरु-शक्ति की प्रेरणा से ही संभव हुआ। उन्होंने शिवानंद परंपरा की आधुनिक व्याख्या अपने ग्रंथों में किया है –आदि में शिवानंदीय दृष्टिकोण को आधुनिक जीवन से जोड़ा गया है। उन्होंने गुरु के विचारों को केवल दोहराया नहीं, बल्कि उन्हें साधक के जीवन में उतारने योग्य बनाया। गुरु-शिष्य संबंध का आदर्श रूपः गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुदेवो महेश्वरः। गुरु साक्षात परं ब्रह्म तस्मै श्रीगुरवे नमः॥ स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी इस मंत्र को जीवन का आधार मानते हैं। उन्होंने अपने गुरु को साक्षात ब्रह्म रूप में देखा और उन्हीं की प्रेरणा से जीवन समर्पित किया। उनका जीवन यह प्रमाणित करता है कि सच्चा शिष्य वही है जो गुरु के वाक्य को ब्रह्म संकल्प की तरह निभाए। गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी एक सनातन गुरु परंपरा की उस अखंड ज्योति का पूजन है जो स्वामी शिवानंद जी से प्रज्वलित हुई और स्वामी ज्योतिर्मयानंद जी के माध्यम से आज भी संसार को आलोकित कर रही है। वे इस युग में गुरु-भक्ति, सेवा और वेदांत साधना का आदर्श उदाहरण हैं।

## ट्रंप की वापसी और व्यापार युद्ध की वैश्विक आगः दुनिया के लिए चेतावनी की घंटी

**हाल ही में ट्रंप द्वारा कई देशों को भेजे गए पत्रों और उनकी सख्त व्यापार नीति के बयान इस बात का संकेत हैं कि यदि वे फिर से सत्ता में आते हैं, तो अमेरिका सर्वप्रथम की नीति के तहत विश्व व्यापार व्यवस्था को झकझोर देने में वे पीछे नहीं हटेंगे। यह केवल अमेरिकी चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि एक ऐसी सोच है जो पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता, व्यापारिक समझौतों और राजनयिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि वे व्यापार को कोई कूटनीतिक माध्यम नहीं, बल्कि दबाव बनाने का साधन मानते हैं। चीन, मैक्सिको, यूरोपीय संघ, भारत-किसी को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने आयात शुल्क को हथियार बनाकर अपने हित साधे और जबरदस्ती शर्तें मनवाईं। अब एक बार फिर, ट्रंप ने अपने बयानों में यह चेताया है कि यदि अन्य देश अमेरिका के साथ उचित व्यापार समझौते नहीं करते, तो उन्हें भारी शुल्क देना होगा। उनके हालिया पत्रों में स्पष्ट रूप से 10 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की चेतावनी दी गई है। यह सिर्फ धमकी नहीं, बल्कि एक रणनीति है जो वैश्विक व्यापार सहयोग को प्रतिस्पर्धा और भय में बदल देती है।**





डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक

जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, युद्ध और महंगाई जैसे संकटों से जूझ रही है, ऐसे में एक बार फिर अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की वापसी की संभावनाओं के साथ वैश्विक व्यापार युद्ध की आहट सुनाई देने लगी है। हाल ही में ट्रंप द्वारा कई देशों को भेजे गए पत्रों और उनकी सख्त व्यापार नीति के बयान इस बात का संकेत हैं कि यदि वे फिर से सत्ता में आते हैं, तो ह्यअमेरिका सर्वप्रथमह्ल की नीति के तहत विश्व व्यापार व्यवस्था को झकझोर देने में वे पीछे नहीं हटेंगे। यह केवल अमेरिकी चुनावी राजनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि एक ऐसी सोच है जो पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता, व्यापारिक समझौतों और राजनयिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में ही यह स्पष्ट कर दिया था कि वे व्यापार को कोई कूटनीतिक माध्यम नहीं, बल्कि दबाव बनाने का साधन मानते हैं। चीन, मैक्सिको, यूरोपीय संघ, भारत-किसी को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने आयात शुल्क को हथियार बनाकर अपने हित साधे और जबरदस्ती शर्तें मनवाईं। अब एक बार फिर, ट्रंप ने अपने बयानों में यह चेताया है कि यदि अन्य देश अमेरिका के साथ ह्यउचितह्ल व्यापार समझौते नहीं करते, तो उन्हें भारी शुल्क देना होगा। उनके हालिया पत्रों में स्पष्ट रूप से 10 प्रतिशत से 60 प्रतिशत तक शुल्क लगाने की चेतावनी दी गई है। यह सिर्फ धमकी नहीं, बल्कि एक रणनीति है जो वैश्विक व्यापार सहयोग को प्रतिस्पर्धा और भय में बदल देती है। भारत को ट्रंप की इन नीतियों से दोहरे परिणाम मिल सकते हैं। एक ओर, अमेरिका चीन से दूरी बनाकर भारत जैसे देशों की ओर रुख कर सकता है, जिससे भारत को व्यापारिक अवसर मिल सकते हैं। दूसरी ओर, ट्रंप की ह्यकड़ी शर्तों वालीह्ल व्यापार नीति भारत को अमेरिकी दबाव में ला सकती है। भारत पहले भी ट्रंप प्रशासन के दौरान कुछ उत्पादों पर शुल्क बढ़ोतरी का शिकार बन चुका है-जैसे इस्पात और एल्यूमिनियम। यदि ट्रंप फिर सत्ता में लौटते हैं, तो यह दबाव और अधिक हो सकता है। विशेष रूप से औषधि उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी सेवाएं, और वस्त्र उद्योग जैसे क्षेत्रों में भारत को नई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। व्यापार युद्ध किसी एक देश की समस्या नहीं होती-यह पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करता है। जब अमेरिका शुल्क बढ़ाता है, तो बदले में अन्य देश भी प्रत्युत्तर में शुल्क लगाते हैं। इससे वैश्विक आपूर्ति तंत्र टूटता है, महंगाई बढ़ती है, और आर्थिक मंदी का खतरा मंडराता है। 2018-19 के दौरान ट्रंप और चीन के बीच चले व्यापार युद्ध से अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अस्थिरता आई थी। विश्व व्यापार संगठन को भी झटका लगा था, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की वृद्धि दर में गिरावट देखी गई थी। वही स्थिति अब फिर से उत्पन्न हो सकती है। ट्रंप के पत्रों में स्पष्ट रूप से लिखा है- ह्या तो आप व्यापार समझौता करें, या 60 प्रतिशत शुल्क भरें। ह्व यह भाषा किसी सभ्य कूटनीतिक वार्ता की नहीं, बल्कि व्यापारिक दबाव की है। वे अमेरिका को ह्यव्यापार का सर्वश्रेष्ठ केंद्रह्ल समझते हैं और अन्य देशों को केवल ग्राहक। उनकी यह शैली ह्यराजनयिक आतंकवादह्ल जैसी प्रतीत होती है-जहां व्यापार एक हथियार है, और विरोध का अर्थ है दंड। यह नीति न केवल व्यापारिक संतुलन को प्रभावित करती है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों को भी तनावपूर्ण बना सकती है। उनके दृष्टिकोण में दीर्घकालिक सहयोग के लिए कोई स्थान नहीं है, केवल तात्कालिक लाभ सर्वोपरि है। ट्रंप ने उच्च तकनीक उद्योगों और सेमीचालक निर्माण क्षेत्र को भी निशाना बनाया है। वे चाहते हैं कि अमेरिका के बाहर बनने वाले उन्नत तकनीकी उत्पादों पर भारी शुल्क लगाया जाए, ताकि कंपनियाँ अमेरिका में उत्पादन करें। इससे भारत की सूचना प्रौद्योगिकी आधारित कंपनियों को भी झटका लग सकता है, जो अमेरिकी तकनीकी कंपनियों को सेवाएं देती हैं। यदि ट्रंप ने कामकाजी वीजा नीति को फिर से कठोर किया, तो भारतीय तकनीकी विशेषज्ञों को अमेरिका में नौकरी पाने में कठिनाइयाँ होंगी। ट्रंप का ह्यअमेरिका सर्वप्रथमह्ल नारा वैश्वीकरण की भावना के विपरीत है। यह राष्ट्रवाद को व्यापार के केंद्र में रखता है और सहयोग की बजाय प्रतियोगिता को महत्व देता है। लेकिन आज की अंतरसंबंधित विश्व अर्थव्यवस्था में कोई देश अकेले आगे नहीं बढ़ सकता। आज की दुनिया साझेदारी आधारित विकास की मांग करती है-जहां तकनीक, व्यापार और नवाचार एक साथ चलते हैं। ट्रंप की नीति इस ताने-बाने को तोड़ सकती है। ट्रंप की इस नीति से अमेरिका और अन्य देशों के बीच अविश्वास बढ़ सकता है। चीन और रूस पहले से अमेरिका से दूरी बनाए हुए हैं। अब यदि ट्रंप दक्षिण एशियाई और यूरोपीय देशों पर भी इसी प्रकार दबाव डालते हैं, तो एक नया राजनयिक विभाजन देखने को मिल सकता है। यह व्यापार युद्ध धीरे-धीरे एक नया वैश्विक ध्रुवीकरण बन सकता है-जहां देश अलग-अलग समूहों में बंट जाएंगे। भारत को चाहिए कि वह इस व्यापार युद्ध की स्थिति में न तो अमेरिका पर पूरी तरह निर्भर हो, और न ही चीन या रूस की ओर झुके। उसे ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल अभियान को सशक्त बनाते हुए यूरोप, अफ्रीका, और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ वैकल्पिक व्यापारिक संबंध मजबूत करने चाहिए। साथ ही, भारत को विश्व व्यापार संगठन जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर ट्रंप की व्यापार नीति का तर्कसंगत विरोध भी करना चाहिए। अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों का सीधा असर भारत के निर्यात पर पड़ता है। इससे भारत के उत्पाद महंगे हो जाते हैं और उनकी प्रतिस्पर्धा घटती है। भारतीय कंपनियों का मुनाफा कम होता है, जिससे उत्पादन घटता है और नौकरियाँ जाती हैं। वहीं अमेरिका में भी उपभोक्ताओं को वही वस्तुएं अधिक मूल्य पर खरीदनी पड़ती हैं। इस प्रकार यह स्थिति दोनों देशों की आम जनता के लिए घातक होती है। व्यापार युद्ध से केवल उद्योगपति नहीं, बल्कि श्रमिक, किसान, लघु उद्यमी और उपभोक्ता सभी प्रभावित होते हैं। ट्रंप की वापसी और व्यापार युद्ध की धमकी को भारत और विश्व को हल्के में नहीं लेना चाहिए। यह केवल एक व्यक्ति की नीति नहीं, बल्कि एक ऐसी विचारधारा है जो पूरी वैश्विक व्यापारिक संरचना को चुनौती देती है। भारत को दूरदर्शिता से काम लेते हुए, वैकल्पिक साझेदारियाँ, आत्मनिर्भर आर्थिक ढांचा और वैश्विक मंचों पर सक्रिय भागीदारी के द्वारा इस संकट का समाधान खोजना होगा। यदि व्यापार को युद्ध में बदल दिया गया, तो कोई भी राष्ट्र विजेता नहीं बनेगा-केवल दुनिया हारेगी।

## बचपन में दिल का दर्दः क्या हमारी जीवनशैली मासूम धड़कनों की दुश्मन बन गई है

**आज दिल के दौरे सिर्फ बड़ों का ही नहीं, बल्कि मासूम बच्चों का भी पीछा कर रहे हैं। देश के कई हिस्सों से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जहां स्कूल जाते बच्चे अचानक गिर जाते हैं और डॉक्टर उसे ह्लकार्डियक अरेस्टह्व या ह्लसडन हार्ट फेल्योरह्व बता देते हैं। क्या यह केवल संयोग है? या फिर हमारी जीवनशैली ने नन्हे दिलों पर हमला बोल दिया है? पिछले कुछ महीनों में देशभर से कई ऐसी घटनाएं सामने आईं हैं, जो इस खतरे की गंभीरता की पुष्टि करती हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का है, जहां आठ साल की मासूम बच्ची स्कूल गेट पर पहुंचते ही गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। इससे पहले गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र जैसे राज्यों से भी स्कूली बच्चों की हार्ट अटैक से हुई मौत की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इंडियन मेडिकल जर्नल्स के अनुसार, 2021 और 2022 के बीच 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में अचानक कार्डियक अरेस्ट से मौत के मामलों में 35% की वृद्धि दर्ज की गई है।**





प्रियंका सौरभ

लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

जब भी हम हार्ट अटैक शब्द सुनते हैं, हमारे जेहन में पचास-पैंसठ साल का कोई अधेड़ उम्र का व्यक्ति सामने आता है- भागदौड़ भरी ज़िंदगी में उलझा, तनाव और थकान से लदा हुआ। पर आज हकीकत इससे कहीं अधिक डरावनी और चौंकाने वाली है। आज दिल के दौरे सिर्फ बड़ों का ही नहीं, बल्कि मासूम बच्चों का भी पीछा कर रहे हैं। देश के कई हिस्सों से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं, जहां स्कूल जाते बच्चे अचानक गिर जाते हैं और डॉक्टर उसे ह्लकार्डियक अरेस्टह्व या ह्लसडन हार्ट फेल्योरह्व बता देते हैं। क्या यह केवल संयोग है? या फिर हमारी जीवनशैली ने नन्हे दिलों पर हमला बोल दिया है? पिछले कुछ महीनों में देशभर से कई ऐसी घटनाएं सामने आईं हैं, जो इस खतरे की गंभीरता की पुष्टि करती हैं। ताजा मामला मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले का है, जहां आठ साल की मासूम बच्ची स्कूल गेट पर पहुंचते ही गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई। इससे पहले गुजरात, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र जैसे राज्यों से भी स्कूली बच्चों की हार्ट अटैक से हुई मौत की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इंडियन मेडिकल जर्नल्स के अनुसार, 2021 और 2022 के बीच 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों में अचानक कार्डियक अरेस्ट से मौत के मामलों में 35% की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2022 में अकेले भारत में 32, 457 युवाओं की मौत हृदयाघात से हुई। इनमें बड़ी संख्या 10 से 18 वर्ष के बीच के किशोरों की थी। सवाल यह है कि ऐसा हो क्यों रहा है? क्या यह सिर्फ अनुवांशिकता का मामला है? क्या बच्चों में जन्मजात हृदय रोग अचानक सक्रिय हो रहे हैं? या फिर इसके पीछे हमारी बदलती जीवनशैली, खान-पान, स्क्रीन टाइम, मोटापा, मानसिक तनाव और शारीरिक निष्क्रियता का कोई बड़ा योगदान है? विशेषज्ञ कहते हैं कि इसका कारण ह्लमल्टी फैक्टोरियलह्व है-अर्थात यह कई कारकों का मिश्रण है। आज के बच्चे ब्रेड-बर्गर, पिज्जा, कोल्ड ड्रिंक और पैकेज्ड स्नैक्स पर निर्भर हैं। पौष्टिक आहार, जैसे हरी सब्जियाँ, दालें, फल, दूध अब उनके भोजन का हिस्सा नहीं रह गया है। पहले बच्चे गली-मोहल्ले में दौड़ते-खेलते थे। अब मोबाइल और गेमिंग कंसोल्स ने उनका बचपन छीन लिया है। खेल के मैदानों की जगह टैबलेट ने ले ली है। स्कूलों में अत्यधिक होमवर्क, कोचिंग की दौड़, माता-पिता की अपेक्षाएं और हर क्षेत्र में ह्यबेस्टह्ल बनने का दबाव बच्चों में मानसिक तनाव पैदा कर रहा है। यह तनाव शरीर में कोर्टिसोल और अन्य हॉर्मोन को असंतुलित कर देता है, जिससे हृदय पर असर पड़ता है। देर रात तक मोबाइल चलाना, रील्स देखना और ऑनलाइन गेम खेलना बच्चों की नींद को प्रभावित करता है। नींद की कमी सीधे दिल की सेहत से जुड़ी है। बाल हृदय रोग विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों में हार्ट अटैक आमतौर पर ह्लकॉन्जेनिटल हार्ट डिजीजह्व, ह्लकार्डियोमायोपैथीह्व, ह्लइलेक्ट्रिकल डिसऑर्डर्सह्व या ह्लमायोकार्डिटिसह्व के कारण होता है। लेकिन इनका समय पर पता न चलने के कारण बच्चे अचानक मौत का शिकार हो जाते हैं। दुर्भाग्यवश, हमारे देश में बाल स्वास्थ्य की जांच प्रणाली बहुत कमजोर है। अधिकतर स्कूलों में नियमित हेल्थ चेकअप नहीं होते, और माता-पिता भी बच्चों के थकान या सांस फूलने जैसे लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। इस संकट से निपटने के लिए हमें एक बहुआयामी रणनीति अपनानी होगी। सरकार को सभी निजी और सरकारी स्कूलों में हर 6 महीने में हृदय जांच, ईसीजी और सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य करना चाहिए। स्कूलों में ह्यफिट इंडियाह्ल जैसे अभियानों को गंभीरता से लागू किया जाए। बच्चों को योग, प्राणायाम, ध्यान और नियमित शारीरिक व्यायाम के लिए प्रेरित किया जाए। माता-पिता को अपने बच्चों के खान-पान, नींद और स्क्रीन टाइम पर सतर्क निगरानी रखनी होगी। बच्चे की थकान, चिड़चिड़ापन या किसी भी असामान्य शारीरिक लक्षण को गंभीरता से लें। विद्यालयी पाठ्यक्रम में ह्यपोषण शिक्षा को शामिल किया जाए ताकि बच्चे कम उम्र से ही हेल्दी फूड और शरीर के महत्व को समझ सकें। टेलीविजन और डिजिटल मीडिया को केवल उत्पाद बेचने के बजाय समाज को स्वस्थ जीवनशैली के लिए शिक्षित करने की भूमिका निभानी चाहिए। यह विडंबना ही है कि जब भारत ह्लविकसित राष्ट्रह्व बनने की दौड़ में है, तब उसका भविष्य यानी बच्चे हृदय रोगों से जूझ रहे हैं। नीति आयोग, स्वास्थ्य मंत्रालय और शिक्षा मंत्रालय को मिलकर एक समन्वित नीति बनानी चाहिए, ताकि बच्चों की स्क्रीनिंग, हेल्थ एजुकेशन और इमरजेंसी सुविधाएं हर स्कूल में सुनिश्चित हो सकें। यह केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और मानव संसाधन विकास का मामला है। बचपन धड़कनों का त्योहार होता है, न कि जीवन का अंतिम पड़ाव। जब कोई बच्चा दिल के दौरे से दम तोड़ता है, तो केवल एक जीवन नहीं जाता- एक भविष्य, एक सपना और एक परिवार उजड़ जाता है। हमें यह स्वीकारना होगा कि बच्चों का दिल अब पहले जैसा मजबूत नहीं रहा- क्योंकि हमने उसे कमजोर बना दिया है। अब समय आ गया है कि हम सिर्फ ह्यहार्ट डेह्ल पर भाषण न दें, बल्कि हर दिन बच्चों के दिल की चिंता करें। नहीं तो वो दिन दूर नहीं जब स्कूल का बस्ता नहीं, स्ट्रेचर उठा

## विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने दिया नया फामुर्ला - 33550



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

21वीं सदी में बीमारियाँ बदल गई हैं। अब बीमारी का चेहरा सिर्फ संक्रमण या बैक्टीरिया नहीं, बल्कि आदतें बन चुकी है, तंबाकू, शराब और मीठा पेय। यह आदतें धीरे-धीरे शरीर को खा रहा है और मौत की ओर ले जा रहा है। अब विश्व स्वास्थ्य संगठन (हल्ड) ने इस आदत से लड़ने के लिए एक नया फामूर्ला दिया है- ३३५50. यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं है, बल्कि एक वैश्विक स्वास्थ्य क्रांति का बिगुल है। इस पहल का नाम है 3 बाय 35 (335), जिसका उद्देश्य है, 3 हानिकारक उत्पाद- तंबाकू, शराब और मीठे पेय। 2035 तक इन पर हेल्थ टैक्स के जरिए कीमत में कम से कम 50% की वृद्धि। इससे गैर-संचारी रोगों से होने वाली मौतों में भारी कमी का लक्ष्य। हल्ड की माने तो अगर इस फामूर्ले को पूरी तरह अपनाया जाए, तो अगली 5 करोड़ समयपूर्व मौतें रोका जा सकता है। और साथ ही, 1 लाख करोड़ डॉलर की पूंजी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जुटाया जा सकता है। गैर-संचारी रोग वह है, जो संक्रमण से नहीं बल्कि जीवनशैली, भोजन, तनाव, और हानिकारक आदतों से जन्म लेता है। इनमें प्रमुख है- हृदय रोग, डायबिटीज, कैंसर, और फेफड़ों की बीमारियाँ। हल्ड के अनुसार, दुनिया भर में 75% से अधिक मौतें इन रोगों के कारण होती हैं। इनमें से अधिकांश मामलों में तंबाकू, शराब और अधिक चीनी का सेवन मुख्य कारण होता है। हेल्थ टैक्स यानि स्वास्थ्य कर का उद्देश्य केवल राजस्व जुटाना नहीं है, बल्कि जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता देना है। इससे दोहरा लाभ होता है, पहला लाभ यह है कि महंगा होने से लोग कम खरीदते हैं और दूसरा फायदा यह है कि राजस्व में वृद्धि के साथ स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाया जा सके। डब्ल्यूएचओ के डॉ. जेरेमी फैरर का कहना है कि ह्लहेल्थ टैक्स हमारे पास मौजूद सबसे प्रभावशाली उपायों में से एक है। भारत में तंबाकू और शराब पर पहले से ही टैक्स है, लेकिन सिगरेट पर 28% जीएसटी + मुआवजा उपकर, बीड़ी और बिना धुएं वाला तंबाकू (जैसे गुटखा, जर्दा) पर कम टैक्स और मीठे पेयों पर भी टैक्स दर कम है। आश्चर्य की बात यह है कि भारत में तंबाकू उपभोग करने वालों में से दो-तिहाई लोग गुटखा या बीड़ी का उपयोग करते हैं, जिन पर टैक्स बहुत कम है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय है कि भारत की टैक्स नीति अभी भी राजस्व उगाही पर केंद्रित है, न कि जनस्वास्थ्य सुधार पर। डॉ. प्रशांत कुमार सिंह (ICMR, NICPR) का कहना है कि भारत की कर नीति में संभावनाएं हैं, लेकिन एक स्पष्ट और समन्वित स्ट्रक्चर की कमी के कारण यह जनस्वास्थ्य में बदलाव नहीं ला पा रही है। बीड़ी और बिना धुएं वाले तंबाकू पर भी सिगरेट जितना टैक्स होना चाहिए, मीठे पेयों (शुगर-ड्रिंक्स) पर कर में वृद्धि होना चाहिए और शराब पर राज्यों के साथ केंद्र की साझा नीति बनना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) की रिपोर्ट के अनुसार, 2012 से 2022 के बीच 140 देशों ने तंबाकू करों में वृद्धि की है। इससे कीमतों में औसतन 50% वृद्धि हुई है, उपयोग में कमी आई है, राजस्व में वृद्धि हुई है और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हुआ है। फ्रांस में तंबाकू पर भारी टैक्स के कारण युवा धूम्रपान में 40% की कमी आई है और फिलिपींस में टैक्स से जुटे पैसे से यूनिवर्सल हेल्थकेयर फंड बना है। भारत के लिए संदेश है कि जनस्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, सभी हानिकारक उत्पादों को समान रूप से टैक्स के दायरे में लाएं, राज्य और केंद्र मिलकर रणनीति बनाएं और स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाएं, टैक्स के साथ शिक्षा भी जरूरी है। बहस होती रही है कि क्या टैक्स बढ़ाने से गरीबों पर बोझ बढ़ेगा? लेकिन तंबाकू और शराब से गरीब तबका सबसे अधिक प्रभावित होता है, बीमारी की लागत- इलाज, कमाई में कमी, पारिवारिक बोझ, कहीं ज्यादा है। इसलिए टैक्स बढ़ाकर उपयोग कम करना, लंबे समय में आर्थिक रूप से फायदेमंद होगा। मीठे पेयों में कोई पोषण नहीं है, अत्यधिक शुगर जो मोटापा, डायबिटीज और बच्चों में दांत खराब करता है, बच्चों और युवाओं को लत लगती है। हल्ड की सलाह है कि 50% मूल्य वृद्धि करें, स्कूलों में बैन लगाएं और जागरूकता फैलाएं। भारत में गैर-संचारी रोगों का बोझ 60% से अधिक है, स्वास्थ्य खर्च का बड़ा हिस्सा आम जनता की जेब से जाता है, गरीब, ग्रामीण, अशिक्षित वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होता है और हर साल हो रही लाखों मौत, रोकथाम योग्य है नीति-निर्माण में स्वास्थ्य मंत्रालय, वित्त मंत्रालय और उपभोक्ता मामलों का समन्वय जरूरी है, हेल्थ टैक्स से मिले पैसे को जनस्वास्थ्य पर खर्च करना अनिवार्य है और बीमा योजनाओं में इन रोगों की विशेष कवरेज होना चाहिए। जनभागीदारी की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि तंबाकू, शराब और मीठे पेयों से दूरी बनाएं, स्वस्थ विकल्प अपनाएं और फल, नींबू पानी, छाछ, नारियल पानी का सेवन करना चाहिए, बच्चों को शुरूआत से ही इससे दूर रखना चाहिए और लोकल स्तर पर जागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

# प्रभावी तरीके से शनिवारीय जनता दरबार का कराएं आयोजन : जिला पदाधिकारी

## शनिवारीय जनता दरबार का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं

●प्रत्येक आवेदक को जनता दरबार में आवेदन दाखिल करने पर प्राप्ति रसीद देने की प्रणाली करें विकसित

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया(घनश्याम)। जिला स्तर पर आयोजित होने वाले जनता दरबार में प्राप्त हो रहे आवेदनों के विश्लेषण के दौरान ज्ञात हुआ कि आवेदकों के द्वारा अंचल स्तर पर अथवा अनुमंडल स्तर पर आवेदन देने की बजाए सीधे जिला स्तर पर आवेदन दे रहे हैं, जिससे ना केवल आवेदक को परेशानी हो रही है बल्कि उनका अपव्यय भी हो रहा है । उक्त के आलोक में जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने सभी संबंधित पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा/निर्देश जारी किया है। जारी निर्देश में कहा गया है कि भूमि विवाद के मामलों के निवारण हेतु राज्य सरकार के द्वारा शनिवारीय जनता दरबार के आयोजन की प्रणाली विकसित की गई है। इस प्रणाली के तहत प्रत्येक शनिवार को थाना स्तर पर अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष के द्वारा, पाक्षिक रूप से अनुमंडल स्तर पर अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा तथा माह में एक बार जिला स्तर पर भूमि विवाद के मामलों के निष्पादन हेतु बैठक का आयोजन करने का प्रावधान है। इसलिए शनिवारीय जनता दरबार का वृहत प्रचार-प्रसार कराया जाए। साथ ही प्रत्येक आवेदक को शनिवारीय जनता दरबार में आवेदन दाखिल करने पर प्राप्ति रसीद देने की प्रणाली विकसित की जाए। इसी प्रकार से अनुमंडल स्तर पर भी भूमि विवाद संबंधी आवेदनों के लिए प्राप्ति रसीद दिया जाए। अनुमंडल स्तर पर दिए जाने वाले प्राप्ति रसीद में इस तथ्य को अंकित किया जाए कि अंचल स्तर पर उनके द्वारा कब आवेदन दिया गया? ताकि वास्तविकता की जानकारी हो सके। जिला पदाधिकारी द्वारा अपर समाहर्ता, पश्चिम चम्पारण को उक्त कार्य का सतत अनुश्रवण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## अमनौर थानान्तर्गत एटीएम काटकर की गयी चोरी की घटना के घटनास्थल का डीआईजी एवं एसएसपी, सारण द्वारा किया गया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। अमनौर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि अमनौर थानान्तर्गत अमनौर बाजार से 200 मी0 की दूरी पर स्थित एक एटीएम मशीन को अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा गैस कटर से काटकर उसमें रखे 6,66,100 रुपए चोरी कर लेने की घटना कारित की गयी है। इस संबंध में अमनौर थाना कांड सं0-210/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में पुलिस उप-महानिरीक्षक, सारण क्षेत्र, छपरा, वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मढ़ौरा द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित पदाधिकारियों को घटना के सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जाँच, कांड के त्वरित उद्भेदन एवं दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। इस घटना में संलिप्त अपराधियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## पटना जंक्शन पर गहन जाँच के दौरान पकड़े गये 16 अनाधिकृत वेंडर



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर, जयंत कुमार चौधरी के निर्देश पर, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, श्री अभिनव सिद्धार्थ की निगरानी में वाणिज्य विभाग और आर.पी.एफ. के संयुक्त अभियान के तहत पटना जंक्शन भिन्न-भिन्न प्लेटफॉर्म पर, बिना किसी उचित प्राधिकार के,16 अनाधिकृत वेंडर्स को बिक्री करते हुए पकड़ा गया और उनलोगों से रू.4160/- का जुर्माना वसूल की गई। जुमार्ना वसूलने के बाद उन्हें रेलवे एक्ट के तहत कानुनी कार्रवाई के लिए आर.पी.एफ. को सौंप दिया गया। आगे भी रेल परिसर में इस तरह के अनाधिकृत वेंडर्स को रोकने का अभियान जारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### गांव मे घुस कर तेंदुए ने फीर मचाया तांडव, बकरी के गर्दन को धर से काट अलग किया

बगहा। बगहा के रामनगर स्थित गुदगुदी पचांयत के संतपुर बलुहवा में देर रात तेंदुआ ने एक बार फिर बकरे का दबोच ले गया। दरसल इस गांव के आस पास करीब 7 दिन से एक तेंदुए के दिखने के बाद गांव वालो में दहशत का महौल बन गया है ।लेकिन अब तीन दिनो में दो बार तेंदुआ ने घर में घुस बकरी को अपना निशाना बनाने में कामयब रहा।अब तेंदुआ के गांव में घुस कर शिकार करने के बाद लोग और दहशत में हैं ।वहीं चिंउटाहा रेंज के वनकर्मी अभी तक सिर्फ पग मार्क को ही खोज रहे हैं ।बतादें,रात जब लोग खाना बना रहे थे उसी दौरान तेंदुआ दबे पांव आया और एक बकरी को अपना निशाना बना लिया इसके बाद से रात से ही गांव में काफी ज्यादा दहशत ब्याप्त हो चला हैं।

### वनप्रमण्डल 2 के रेंजर का हुआ तबादला

बगहा। कम समय मे अपने कार्य कुशलता,वाक पटुता व मृदुभाषी के रूप में अपनी पहचान बनाने वाले वनप्रमण्डल 2 के वनों के क्षेत्र पदाधिकारी श्रीनिवासन नवीन का अचानक विभागीय स्थानांतरण किया गया है। सूत्रों की माने तो इन्हें पटना हेडक्वार्टर बुला लिया गया है और इनके स्थान पर भागलपुर से वाल्मीकिनगर स्थित वनप्रमण्डल 2 का पदभार ग्रहण करने के लिए अमित कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। बतादें की करीब एक वर्ष पूर्व श्रीनिवासन नवीन को वनप्रमण्डल 2 का प्रभारी बनाया गया था जिन्होंने कार्यकाल के कम समय मे मृदुभाषी, वाकपटुता और कार्य कुशलता से अपनी पहचान बना ली थी। बतादें की वन प्रमंडल 2 वाल्मीकिनगर स्थित बिहार के एकलौते वीटीआर का प्रमुख पर्यटन केंद्र है जहां सैकड़ों की संख्या में पर्यटकों का आवक लगातार लगा रहता है।

### गुरु पूर्णिमा के अवसर पर इस्कॉन सदस्यों ने राम कृष्ण भक्ति के लिए लोगों को परिक्रमा कर जागरूक किया

बगहा। इंडो नेपाल स्थित लवकुश घाट में राधा कृष्ण मंदिर के संगठन इस्कॉन द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुवार की दोपहर रामकृष्ण की धुन पर नृत्य कला का प्रदर्शन करते हुए लव कुश घाट से लेकर गोल चौक तक लोगों को कृष्ण भक्ति को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया। इस संगठन में महिलाएं भी शामिल रही। बतादें कि इस्कॉन को ह्यरे कृष्ण आंदोलन के नाम से जाना जाता है। यह एक हिंदू धार्मिक संगठन है। जो कृष्ण की भक्ति को बढ़ावा देता है। इसकी स्थापना 1966 में भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद ने की थी। इस्कॉन के दुनिया भर में 500 से अधिक प्रमुख केंद्र,मंदिर और ग्रामीण समुदाय है। हिंदू समाज में श्रीमद् भागवत गीता और रामायण जैसे धार्मिक पुस्तकों को उचित मूल्य पर देकर राम और कृष्ण के आदर्शों के बारे में जानकारी देना संस्था का मुख्य काम है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर पूरे दिन रामधून और शाम को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### भारत स्काउट गाइड द्वारा महादलित टोले में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

छपरा।भारत स्काउट और गाइड सारण द्वारा गुरुवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत साढ़ा ढाला महादलित टोले में जागरूकता अभियान चलाया गया। भारत स्काउट और गाइड, सारण के स्वयंसेवकों ने एक-एक घर में जाकर लोगों को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत अपना -अपना फॉर्म बीएलओ के माध्यम से या ऑनलाइन भरने हेतु प्रेरित किया एवं निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जागरूकता पर्चे का वितरण किया। मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में जिला प्रशिक्षक प्रणव,सोनू एवं गाइड खुशी कुमारी,चांदनी कुमारी तथा अन्य स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## मानसून के मौसम में दोन क्षेत्र के लोगों का जीवन हुआ दुश्वार

प्रात : किरण संवाददाता

बगहा। अतिपिछड़ा दुर्गम क्षेत्र दोन के लोगों का जन जीवन मानसून के पहली बरसात से दूभर हो जाता है। बतादें की थरुहट की अघोषित राजधानी हरनाटांड़ से दोन के 22 से 25 गांवों को जोड़ने वाला मुख्य सड़क मार्ग पर ऐसे कई पहाड़ी नदियां है जिन्हें पार कर जाना पड़ता है। मानसून के दिनों इन पूल,पुलिया विहीन सड़क मार्ग पर चलना ग्रामीणों के लिए कठनाइयों का सामना करना कई दुश्वारियों को खड़ा करता है। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र प्रसाद और रामविनय काजी ने बताया कि हम अपने बचपन से ऐसी दुश्वारियों को झेलते आ रहे है ।बरसात के गिरते ही जीवन दुखदाई हो जाती है। अभावग्रस्त ग्रामीणों को मुख्य बाजार जाने के लिए इसी मार्ग का सहारा लेना पड़ता है लेकिन गांव से निकलते ही हरहा नदी मिल जाती है जिसपर कोई पूल वैगरह आजादी के 70 वर्षों बाद भी अबतक नहीं बना है ।आज भी पैदल ही इस नदी को पार करना पड़ता है,साथ ही बाइक,कार,ट्रैक्टर भी नदी के रास्ते मे फंस जीवन को संकट में डाल देता है। बतातें चलें की थारू जनजाति बहुल अतिदुर्गम क्षेत्र दोन के लोग आज भी आजादी के 75 वां गौरवमय विकास की रफ्तार से कोसों दूर है ।विकास की रफ्तार सड़क,रेल व हवाई मार्ग कनेक्टिविटी से पहुंचती है लेकिन समझा जा सकता है कि जहां हवाई व रेल मार्ग की कौन कहे,सड़क मार्ग ही अपने लिए रोना रो रहा है,उस क्षेत्र का विकास की बात बेमानी हो जाती है !

## शुभम बनाए गए सीमा जागरण मंच इकाई का अध्यक्ष, दूसरे अन्य सदस्यों को दी गई जिम्मेदारी

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित चंदेश्वर नाथ शिव मंदिर में बुधवार की शाम सीमा जागरण मंच जिला इकाई के सदस्यों द्वारा संगठन में फेरबदल करते हुए नए सदस्यों को जिम्मेवारी दी गई है। बतादें,इंडो नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए रखने एवं धर्म परिवर्तन पर रोक लगाने जैसे कार्यों को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान वाल्मीकिनगर इकाई सीमा जागरण मंच के लिए नए सदस्यों को जिम्मेवारी भी दी गई है। इस बैठक में वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र में सीमा जागरण मंच के अध्यक्ष शुभम कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष के रूप में शेखर सुमन को मनोनीत किया गया। इस बैठक में सीमा जागरण मंच के जिलाध्यक्ष तापोश टैगोर, वाल्मीकिनगर इकाई के संरक्षक दिनेश कुमार गुप्ता, कृष्णदेव प्रसाद केसरी,बबलू सिंह,मंत्री संजय कुमार यादव,संपर्क प्रमुख प्रेम कुमार शामिल रहे। उपस्थित संगठन के सदस्यों को संबोधित करते हुए सीमा जागरण मंच के संगठन जिला मंत्री गोविंद यादव ने बताया कि सीमा जागरण मंच का मुख्य काम देश विरोधी गतिविधियों पर रोक लगाना एवं धर्म परिवर्तन कराने वालों के विरुद्ध मजबूती से काम करने का है। आजकल हिंदू समाज को दूसरे धर्म में लाने का काम कुछ सामाजिक लोगों के द्वारा किया जा रहा है। उन लोगों को हमें चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करना है। हम किसी भी सूरत में हिंदू और हिंदुत्व को बदलने नहीं देंगे। जो लोग हिंदुओं को बरगलाने का काम कर रहे हैं उन्हें कानून सम्मत दंड दिया जाएगा।

## इंडो नेपाल सीमा पर बिहार पुलिस और एसएसबी जवानों ने साझा गश्ती किया



बगहा। बगहा के इंडो नेपाल सीमा वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज फाटक बांध पर बिहार पुलिस और एसएसबी के जवानों ने साझा गश्ती किया ।बतादें की गश्ती से सीमाई क्षेत्रों में देश विरोधी गतिविधियों और दूसरे सभी तरह के संभावित तस्करी के रोकथाम के लिए किया जा रहा है। गंडक बराज इंडो नेपाल सीमा नोमेन्स लैंड के ऊपर बना हुआ है जो नारायणी गंडक नदी के ऊपर बना है ।यह गंडक बराज दोनों देशों के इस क्षेत्र को आपस मे जोड़ता है। भारतीय सीमा क्षेत्र में वाल्मीकि ब्याग्र जंगल क्षेत्र है जहां प्रचुर मात्रा में वन संपदा पाई जाती है जिसपर अंतर्राष्ट्रीय तस्करों की टेढ़ी नजर बनी रहती है ।साझा गश्ती से इन गलत मंसूबों को कामयाब नहीं होने देने के लिए रूटीन एक्सरसाइज बराबर की जाती रही है। एसएसबी सूत्रों के मुताबिक एएसआई भगवान सिंह और यशवंत सिंह के नेतृत्व में साझा गश्ती किया गया।

## आलोक ने किया जिले का नाम रोशन

### जिले ही नहीं कमिश्नरी का नाम हुआ रोशन

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। भारत स्काउट और गाइड सारण के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) वर्तमान में प्रभारी राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) ने एक बार और किया जिला ही नहीं पूरे सारण कमिश्नरी का नाम रौशन। साढा खेमाजी टोला निवासी शिक्षक त्रिपुरारी शरण सिंहा के बड़े पुत्र आलोक रंजन ने स्काउटिंग की शिक्षक के रूप में सबसे उच्च शिक्षा लीडर ट्रेनर की परीक्षा को पास कर यह योग्यता प्राप्त करने वाले दूसरे व्यक्ति के रूप में उपलब्धि हासिल कर ली है। ज्ञात हो कि आलोक रंजन के पूर्व इस योग्यता को हासिल करने वाले प्रथम व्यक्ति स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह पूर्व जिला सचिव और पूर्व प्राचार्य राजेंद्र कॉलेजिएट थे वो भी कमिश्नरी के इकलौते व्यक्ति के रूप में। आलोक रंजन ने अपनी स्काउटिंग योग्यता की शुरूआत लक्ष्मी नारायण ब्राह्मण उच्च विद्यालय छपरा से स्काउट मास्टर श्री प्रमोद कुमार मिश्रा की देख रेख में प्रारंभ की और डॉ. दीना नाथ मिश्रा, ओमप्रकाश सिन्हा, त्रिवेणी कुंवर, उमा शंकर गिरी, राजेंद्र प्रसाद सिंह, सुरेश सिंह, ज्ञान्ती सिंह, मंजू वर्मा के मार्गदर्शन में सबसे पहले स्काउट से राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त किया। इसके बाद स्काउट मास्टर के रूप में अपनी दूसरी पारी की शुरूआत अपनी एक ओपन यूनिट चंद्रशेखर आजाद ओपन ट्रूप के स्काउट मास्टर के रूप में की और बच्चों को प्रशिक्षण देने के साथ अपनी योग्यता बढ़ाते हुए आज लीडर ट्रेनर की स्काउटिंग शैक्षणिक योग्यता भी हासिल कर ली। इसी दौरान उन्हें 2011 में जिले के जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) का कार्य भार भी राज्य मुख्यालय द्वारा सौंपा गया और उन्होंने उसे बखूबी निभाई भी। जिले बंद पड़े जिला रैली को 2018 में सम्पन्न करने के साथ साथ सारण के स्काउटिंग को विश्व के नजर में भी लाया और राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा नेपाल भूकंप त्रासदी के समय भेजी गई 25 सदस्यीय टीम में 6 रोवर रेंजर को भी भेजा जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व ही नहीं किया अपनी जिम्मेदारी को भी निभाई। इनकी योग्यता की बदौलत दो बार जब पूर्वी चम्पारण की स्काउटिंग संकट में थी तब अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया था। वर्तमान में श्री रंजन राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट) की जिम्मेदारी बखूबी निभा रहे हैं। ये राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय कई कमिटियों के सदस्य के साथ साथ कई विषय के राज्य स्तरीय संयोजक भी भी हैं । आलोक रंजन के लीडर ट्रेनर की योग्यता परीक्षा उत्तीर्ण होने पर पूर्व जिला आयुक्त और प्रशिक्षण आयुक्त रह चुके एवं अवकाश प्राप्त प्रधानाध्यापक ईश्वरी उच्च विद्यालय बसंत डॉ. दीना नाथ मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि यह हमारे जिले के लिए एक मिशाल है कि मन में अगर संकल्प हो तो सब कुछ संभव है चाहे कठिनाइयां कुछ भी क्यों न हो वहीं पूर्व जिला सचिव श्री त्रिवेणी कुंवर ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा है कि आलोक शुरू से ही मेहनती हैं मैने इनके लगन को राष्ट्रपति अवार्ड और हिमालय उड बैज के समय काफी नजदीक से देखा है। वहीं उमाशंकर गिरी ने भी अपनी प्रसन्नता जाहिर की। पूर्व जिला सचिव और कमिश्नरी गाइड रही ज्ञान्ती सिंह ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया।

## उत्तर भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक थे भिखारी ठाकुर: हरिनारायण ठाकुर

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। कवि, लेखक,नाटककार, साहित्यकार लोककवि भिखारी ठाकुर की 54 वीं पुण्यतिथि गुरुवार को शहर के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ हरिनारायण ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि भिखारी ठाकुर उत्तर भारत मे सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक रहें हैं। भोजपुरी के शेक्सपियर कहे जाने वाले भिखारी ठाकुर भोजपुरी साहित्य और संस्कृति में जो अमिट छाप छोड़ गए हैं वह अमर है। वे भोजपुरी जनचेतना के महानायक कहे जाते हैं। जिन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन एक कला साधक के रूप में सामाजिक कुरीतियों को नष्ट करने में लगा दिया। वे अपने नाटक व गीतों के माध्यम से तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था ,उंच-नीच का भेद, स्त्री उत्पीड़न, आदि तत्कालीन रूढ़िवादिता के खिलाफ लोगों को आवाज दिया। आगे चल कर समाज से यह रूढ़िवादिता खत्म हुआ। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि एवं उद्घाटनकर्ता विधान पार्षद डॉ वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि भिखारी ठाकुर वर्तमान में 20 करोड़ से अधिक भोजपुरिया समाज के प्रतीक हैं। भिखारी ठाकुर रचनावली का संपादन करने वाले डॉ यादव ने आगे कहा कि आज के दौर में सामाजिक विसंगतियों को दूर करने हेतु भिखारी ठाकुर प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपनी रचना, गीत, संगीत एवं नाटकों के मध्यक से सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने हेतु जो प्रयास किया वह आज के दौर में सरकार कर रही है। पलायन, स्त्री-शिक्षा, आदि महत्वपूर्ण है। इसके पूर्व सारण जिला अधिकारी अमन समीर ने भिखारी ठाकुर चौक स्थित ठाकुर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस मौके पर डॉ बीएन यादव, डॉ लालबाबू यादव, राजकिशोर प्रसाद ठाकुर, डॉ सुनील प्रसाद, भिखारी ठाकुर के प्रपौत्र राकेश ठाकुर आदि उपस्थित थे। वहीं प्रेक्षगृह में आयोजित पुण्यतिथि कार्यक्रम में गायक रामेश्वर गोप ने विदेशिया एवं भिखारी ठाकुर के मंगलाचरण गीतों से उपस्थित लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सारण जिला नाई संघ एवं लोकसाहित्य एवं सांस्कृतिक महित्सव छपरा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शहर के प्रबुद्ध भोजपुरी प्रेमी शिरकत किये। जिसमे जिला पार्षद अध्यक्षा जयमित्रा देवीं, उपमहापौर रागिनी देवीं, पूर्व प्राचार्य डॉ मृदुल शरण, हरेंद्र सिंह, ब्रजेन्द्र कुमार सिन्हा, ओमप्रकाश गुप्ता, सभापति बैठा, राकेश्वर राय,ब्रजमोहन सिंह,सुधांशु रंजन , केके वैष्णवी , डॉ उमाशंकर साहू आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ लालबाबू यादव ने किया।

## जन सुराज पार्टी के सदस्यों ने किया बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

लहलादपुरः लहलादपुर गांव स्थित वरदान सेवा सदन के सभागार में जन सुराज पार्टी के सदस्यों ने एक बैठक किया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार कुशवाहा ने किया. बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 21 जुलाई को एकमा में जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के आगमन पर लहलादपुर प्रखंड क्षेत्र से व्यापक संख्या में अपनी भागीदारी हो. उस दिन समर्थकों को एकमा ले जाने के लिये 25 बस, 50 चार पहिया वाहन तथा 200 मोटरसाईकिल से हजारों की संख्या में महिला-पुरुष भाग लेंगे. बैठक में पार्टी के भावी उम्मीदवार विकास सिंह, अशरफ रजा खां, शैलेश राम, मोती खां, दीपक गुप्ता, बसंती कुशवाहा, रीता देवी सहित दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया.

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत देंगे बड़ी सौगात, राशि होगी ट्रांसफर

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत बिहार सरकार द्वारा पेंशनधारियों को एक बड़ी सौगात दी जा रही है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कर कमलों से जून माह से बढ़ी हुई पेंशन राशि लाभुकों के खातों में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाएगी। यह आयोजन जिला से लेकर पंचायत एवं वार्ड स्तर तक भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

भिखारी ठाकुर प्रेक्षागृह, छपरा में जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम का लाइव वेबकास्टिंग भी किया जाएगा, जिसे लाभुकगण विभिन्न स्थलों पर देख और सुन सकेंगे। बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि को जून 2025 से 400 प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रतिमाह कर दिया है। यह बढ़ोतरी योजना के अंतर्गत दी जाने वाली सभी छह प्रकार की पेंशनों पर लागू होगी। इसका उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को आर्थिक संबल प्रदान करना है ताकि वे जीवन यापन कर सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका, समाज कल्याण विभाग सहित पंचायत स्तर के सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। जिला भर में कुल 4600 से अधिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें प्रखंड मुख्यालय, नगर निकाय कार्यालय, पंचायत भवन, वार्ड केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र शामिल हैं। कार्यक्रम में पूर्व जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं, विकास मित्रों एवं अन्य फील्ड कर्मियों द्वारा लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री का संदेश एवं योजना से संबंधित पैम्पलेट का वितरण भी किया जा रहा है, ताकि सभी लाभार्थी योजना की जानकारी से भलीभांति अवगत हो सकें। यह आयोजन समाज कल्याण की दिशा में बिहार सरकार की एक और मजबूत पहल के रूप में देखा जा रहा है, जिससे हजारों जरूरतमंद परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

## रिविलगंज में चांदनी प्रकाश की पहल पर भव्य नेत्र जांच शिविर का आयोजन 655 लोगों की जांच, 322 को मुफ्त चश्मा, 45 का होगा नि:शुल्क ऑपरेशन

प्रात : किरण संवाददाता




रिविलगंज । समाजसेवी ई. चांदनी प्रकाश के सामाजिक सरोकारों की कड़ी में रिविलगंज में एक और ऐतिहासिक पहल देखने को मिली। उनके प्रयासों से गौतम ऋषि हाई स्कूल परिसर में निःशुल्क नेत्र जांच सह मोतियाबिंद शिविर का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों जरूरतमंदों ने आंखों की जांच कराई। इस शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ, मस्तीचक के अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के तकनीकी सहयोग से किया गया। शिविर में कुल 655 लोगों की आंखों की जांच की गई, जिनमें से 322 जरूरतमंदों को निःशुल्क चश्मा प्रदान किया गया। वहीं 45 मरीजों में मोतियाबिंद की पहचान हुई, जिनका निःशुल्क ऑपरेशन कराने के लिए विशेष बस के माध्यम से मस्तीचक भेजने की व्यवस्था की गई। शिविर का उद्घाटन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद, जिला भाजपा महामंत्री धर्मेंद्र कु शाह, वरिष्ठ भाजपा नेता रामाकांत सिंह सोलंकी, रिविलगंज 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंहःचौहन, नगर पंचायत के पूर्व चेयर मैन इंदु देवी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेंद्र सिंह,भाई वीरेन्द्र वार्ड पार्षद दीना चौधरी, अनुरंजन सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में ई. चांदनी प्रकाश ने कहा कि सामाजिक जिम्मेदारी के तहत क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक जागरूकता से जुड़े और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद ने कहा कि आज कल लोगो के आँख के बीमारी का शिकायत ज्यादा है ऐसे कैम्प से लोगो को मदद मिलेगा। जिला महामंत्री धर्मेंद्र कुमार साह ने कहा कि लोगो के शरीर मे आँख का योगदान सबसे महत्वपूर्ण होता है समाजसेवी चांदनी प्रकाश ने जनता के हितकारी है। रिविलगंज 20 सूत्री अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा गुरुवार को अखण्ड ज्योति मस्तिचक का संस्था बिहार का प्रसिद्ध आँख का अस्पताल है। इसकी व्यवस्था बहुत अच्छी है ।रिविलगंज में तीसरा कैम्प है मोतियाबिंद का 80 लोगो ने ऑपरेशन हो चुका है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर कु सिंह, वार्ड पार्षद जय प्रकाश चौधरी, विकाश सिंह, शम्भूनाथ पांडेय ,भोला सिंह और युवा स्वयंसेवक मौजूद रहे, जिन्होंने शिविर को सफल बनाने में योगदान दिया। ग्रामीणों ने इस पहल की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए चांदनी प्रकाश के प्रयासों को जनकल्याणकारी बताया। इससे पहले इनई, सिताबदियारा, नैनी, दक्षिणवारी चक्की में कैंप सफल रूप से आयोजित हुआ है..

## विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी विभाग पाटलिपुत्र शाखा छपरा में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया : अरुण पुरोहित



छपरा कार्यालय। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा छपरा ने आर्य कन्या विद्यालय परिसर में गुरु पूर्णिमा उत्सव मनाया। इस अवसर पर केंद्र के संयोजक विश्व मोहन और स्कूल के प्राचार्य ने बच्चों के साथ उनकी माता को भी बुलाया गया बालिकाओं ने अपनी माता के चरण को जल से धोकर पुष्प से पूजन किया । अरुण पुरोहित धर्म प्रचारक ने सभी बच्चों को शपथ दिलाई कि आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर जिनकी माताएं नहीं आई है वह बालिकाएं अपने घर पर जाकर माता-पिता का चरण धोकर स्पर्श करेंगी। प्रतिदिन की शुरूआत माता-पिता के चरण स्पर्श से करेंगी विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार मिश्रा, अधिवक्ता पारसनाथ श्रीवास्तव, योग गुरु सुनील त्यागी, मनोज जी , शिक्षक विकास गुप्ता अरुण पुरोहित धर्म प्रचारकने गुरु की महिमा का व्याख्यान किया। अरुण पुरोहित ने कहा विवेकानंद केंद्र ऊं को अपना गुरु मानता है। गुरु हमें अंधकार से प्रकाश , जीव से ब्रह्म एवं आत्मा को परमात्मा से साक्षात्कार करता है ।शब्द ही ब्रह्म है सबसे पहले ऊं शब्द की उत्पत्ति हुई उसी से संपूर्ण सृष्टि का निर्माण हुआ ऐसा हमारे वेदों में वर्णित है। चार वेद 18 पुराण के रचयिता वेदव्यास जी के जन्म दिवस को हम गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं। उपस्थित माताओं से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चियों को अपनी संस्कृति शास्त्रों एवं महापुरुषों के बारे में बताएं । स्वामी विवेकानंद की पुस्तकों का अध्ययन करने से ही चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण होगा।

## व्यवसायी हरिजी गुप्ता हत्याकांड: पांच को आजीवन कारावास एवं जुर्माना

आरा। एडीजे टू की अदालत ने शहर के चर्चित हरिजी गुप्ता हत्याकांड में आज फैसला सुनाते हुए सभी पांच दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इससे पहले इसी वर्ष 7 जुलाई को इस अदालत ने सभी पांच अभियुक्त अमर कुमार, रितेश महतो, रंजन यादव, रंजन यादव उर्फ बउआ तथा राजू यादव को 302/34, 364/34 तथा 201/34 आईपीसी में दोषी करार दिया था। आईपीसी की धारा 302/34 मेंसभी को आजीवन कारावास एवं पचास हजार रूपए अर्थदंड, 364/34 में 10 वर्ष की कठोर सजा तथा बीस हजार रूपए का अर्थ दंड तथा 201/34 में पांच वर्ष की कठोर सजा तथा दस हजार रूपए का अर्थदंड लगाया गया है।

हरिजी गुप्ता के अपहरण के संबंध में एक मुकदमा आरा नगर थाना में कांड संख्या 930/22 अंकित कराया गया था। हरिजी गुप्ता 2 नवंबर 2022 की शाम को पांच बजे घर से निकले मगर लौट कर घर नहीं पहुंचे तो उनके पुत्र उदय प्रकाश गुप्ता ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई। अपहरण के पीछे हरिजी गुप्ता के अपने हीं किराएदा-रों अमर कुमार तथा नाजो खातून एवं उनके सहयोगियों की संलिप्तता का संदेह जताया गया था।

# गुरूकृपा से ही ज्ञानलाभ सम्भव है: संत देवराहा शिवनाथ

**प्रातः किरण संवाददाता**



परमपूज्य त्रिकालदर्शी, परमसिद्ध, संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज के सान्निध्य में आज बिहिया चौरास्ता के पास रिलायंस पेट्रोल पंप के पीछे संतश्रीदेवराहाशिवनाथधाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन के पूर्व श्रद्धालु भक्तों ने संतश्रीदेवराहाशिवनाथदासजी महाराज की षोडशोपचार विधि से पूजन अर्चन और महाआरती की। इसके बाद त्रिकालदर्शी संतश्रीदेवर ाहाशिवनाथदासजी ने श्रद्धालु भक्तों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि भगवान शिव सच्चे गुरु हैं।सावन मास में ही नहीं अपितु हर समय जीव को अपने गुरु की पूजा अर्चना करनी चाहिए।इससे जीव की आध्यात्मिक उन्नति होती है।वैसे तो आध्यात्मिक जगत में सदगुरू का विशेष महत्व एवम स्थान है।गुरु की कृपा के बिना ईश्वर को पाना असंभव है।जो गुरु से विमुख है वह कभी भी अपने आत्म और ईश्वर को नहीं जान सकता।

गुरु और ईश्वर ब्रह्म तत्व के ही दो रूप या तत्व हैं।गुरुतत्व ईश्वरतत्व से अपेक्षाकृत अधिक महत्वपूर्ण इसीलिए है कि वही ईश्वर तत्व से जीव का साक्षात्कार कराता है।संतो,महात्माओ ने गुरुतत्व की महत्ता को अवर्णीय और अनिर्वचनीय कहा है।इस जगत में कोई ऐसा जीव नहीं जो गुरु से विमुख हो या गुरु के बिना ईश्वरलाभ किया हो।

गुरु के बिना जीव को क्षणिक ईश्वरियानुभती हो सकती है परंतु ईश्वरलाभ नहीं।जैसे लकड़ी के दरवाजे पर पेंट करने से पहले प्राइमर चढ़ाया जाता है और फिर उसके ऊपर पेंट।

ऐसा पेंट दरवाजे के जीवनकाल तक बना रहता है। वहीं दूसरी ओर बिना प्राइमर चढाये यदि पेंट चढ़ाया जाय तो पेंट चढ़ तो जाता है और रंग चटख भी हो जाता है परंतु शीघ्र ही रंग झरकर बेरंग बदरंग हो जाता है।वैसे ही ईश्वरप्राप्ति के लिए सदगुरू की जरूरत है।सद्गुरु जीव को धीरे-धीरे सत्कर्म में प्रवृत्त कर परमात्मा से नजदीकीकरण करा देता है जिससे जीव धन्य हो जाता है।जो जीव गुरु के बताए मार्ग पर चलता है,गुरु को ध्यान में रखकर उठता-बैठता,चलता-फिरता है।

वह शिव को पाता ही नहीं बल्कि स्वयं शिव हो जाता है,जीवम भवेत शिवम।गुरु से विमुख हो कुतर्कों में उलझा जीव जन्म-जन्मांतर तक मारा-मारा फिरता है।कहा भी गया है,गुरु के बिना सीखे योग,छीजे काया,बढ़े रोग। इसके बाद श्रद्धालु भक्तों के द्वारा संकीर्तन की शुरूआत हुई।वहीं इस संकीर्तन में चना केवटिया के मंटु व्यास, सारंगपुर के जीतन व्यास सहित अन्य नामी-गिरामी संकीर्तन मंडली ने श्रद्धालु भक्तों को अपने संकीर्तन से मुग्ध कर दिया।

## गुरु पूर्णिमा केवल शास्त्रों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि आत्मा को जाग्रित कर मोक्ष का मार्ग भी सिखाते हैं: धीरेंद्र

**प्रातः किरण संवाददाता**



कुर्था (अरवल) गुरु पूर्णिमा केवल शास्त्रों का ज्ञान ही नहीं देते, बल्कि आत्मा को जाग्रत कर मोक्ष का मार्ग भी सिखाते हैं। उक्त बातें कुर्था गायत्री शक्ति पीठ में श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा के महत्त्वता को बताते हुए शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि धीरेंद्र नाथ पटेल ने कहे। वही उन्होंने कहा कि गुरु के बिना किसी भी शिष्य की आध्यात्मिक उन्नति अधूरी मानी जाती है। गुरु पूर्णिमा न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह आध्यात्मिक साधना और आत्मचिंतन का अवसर होता है। इस दिन साधु-संत, योगी और साधक विशेष तप और ध्यान करते हैं। वहीं गृहस्थ लोग अपने माता-पिता, शिक्षक या जीवन में मार्गदर्शन देने वाले किसी भी व्यक्ति को गुरु मानकर उनका सम्मान करते हैं। प्राचीन दिन गुरुकुलों, आश्रमों और धार्मिक स्थलों पर गुरु पूजन, यज्ञ, भजन और प्रवचन का आयोजन किया जाता है। शिष्य अपने गुरु को पुष्प, वस्त्र, फल और मिठाई अर्पित कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। यह दिन गुरु और शिष्य के बीच विश्वास और समर्पण के अटूट बंधन को दर्शाती है। यह पूर्णिमा एक अत्यंत पवित्र और श्रद्धा से भरपूर पर्व है। जिसे गुरु के प्रति सम्मान और आभार प्रकट करने के लिए मनाया जाता है। यह त्योहार हर वर्ष आषाढ़ मास की पूर्णिमा को आता है और इसे महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता है कि इसी दिन वेदव्यास जी का जन्म हुआ था। जिन्होंने वेदों का संकलन और विभाजन कर मानवता को ज्ञान का मार्ग दिखाया। इस महान कार्य के कारण वे ह्लआदि गुरुह्व के रूप में पूजे जाते हैं। उनके सम्मान में ही इस दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाने की परंपरा है। इस मौके पर गयाजी शक्ति पीठ के कमलेश प्रसाद सिन्हा,कमलेश प्रसाद,राम स्वरूप बाबु, डा राम विनय सिंह, रविन्द्र कुमार अग्रवाल, गीता देवी, प्रभा देवी, कविता देवी, प्रेम कुमार, पंकज कुमार सहित कई श्रद्धालु शामिल थे।

# लोजपा(रा)ने पंचायत अध्यक्षों को किया सम्मानित



**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। भोजपुर लोजपा रामविलास ने शाहपुर प्रखंड अध्यक्ष दशरथ पासवान की अध्यक्षता में बीस सूत्री भवन सभागार में पंचायत अध्यक्षों के साथ बैठक किया गया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान को लोजपा नेताओं में दशरथ पासवान,विद्यानंद पांडे,उमेश तिवारी,विनोद पासवान ने फूल माला तथा अंग वस्त्र से स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान ने अपने संबोधन में कहा कि सभी पंचायत अध्यक्षों की कड़ी मेहनत से आज पार्टी दिन दूना रात चौगुना बढ़ रही है,संगठन का विस्तार हो रहा है तथा बूथ अध्यक्षों के साथ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट,विजन को गांव गांव तक पहुंचाया जा रहा है।कार्यकताओं की बदौलत ही लोजपा रामविलास का बड़ी बड़ी सभा भी सफल हो रहे है।पार्टी के बूथ अध्यक्ष पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकताओं की देन है कि आरा नव संकल्प महासभा,राजगीर बहुजन भीम समागम और छपरा नव संकल्प महासभा सफल हुए।जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान,प्रखंड अध्यक्ष दशरथ पासवान,विद्यानंद पांडे एवं उमेश तिवारी ने संयुक्त रूप से सभी पंचायत अध्यक्षों को फूल माला एवं अंग वस्त्र से सम्मानित किया। प्रखंड अध्यक्ष दशरथ पासवान ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि हम सभी लोजपा रामविलास के असली सिपाही है और जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान जी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलते है और चलते रहेंगे।कार्यक्रम में विनोद पासवान,तेजनारायण पासवान, शशि कुमार,राहुल चौधरी,उधारी पासवान,उदय पासवान,मुकेश कुमार,शंकर पासवान,शम्भु पासवन ,राजनाथ जी,गौरीशंकर जी आदि दर्जनों पंचायत अध्यक्ष उपस्थित थे

# जिला कॉंग्रेस कमिटी ने संगठनात्मक विस्तार तथा आगामी बिहार विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित किया बैठक

**प्रातः किरण संवाददाता**

आरा। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय शहीद भवन, आरा में एक महत्वपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। यह सभा संगठनात्मक विस्तार तथा आगामी बिहार विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर आयोजित की गई।

सभा का संचालन डॉ. अमित कुमार द्विवेदी, प्रवक्ता, भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. बलिराज ठाकुर ने किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रभारी सचिव, माननीय विधायक श्री देवेंद्र यादव जी (भिलाई, छत्तीसगढ़) की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरूआत में प्रवक्ता डॉ अमित कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में मुख्य अतिथि श्री देवेंद्र यादव को एक कुंटल का फूल-माला पहना कर और अंग वस्त्र के साथ स्वागत किया गया।

श्री देवेंद्र यादव, सचिव, अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं सह प्रभारी, बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला विधानसभा चुनाव न्याय, विकास और संविधान की रक्षा का चुनाव होगा। आज देश और बिहार एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। भाजपा की विभाजनकारी और जनविरोधी नीतियों ने लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर किया है। ऐसे समय में कांग्रेस पार्टी बिहार में अपने संगठन को नई ऊर्जा, नए जोश और जनभागीदारी के साथ मजबूत कर रही है। हमारे कार्यकर्ता गाँव-गाँव, टोला-टोला तक पहुँचकर जनता के बीच कांग्रेस की नीति, नीयत और नेतृत्व का संदेश पहुँचा रहे हैं। आगामी बिहार विधानसभा चुनाव हमारे लिए केवल सत्ता का नहीं, बल्कि समाजिक न्याय, आर्थिक समानता और लोकतांत्रिक मूल्यों की पुनर्स्थापना का अवसर है। हम सभी महागठबंधन दलों के साथ मिलकर एक वैकल्पिक, जनकल्याणकारी और संवेदनशील सरकार देने को संकल्पित हैं। युवा, किसान, महिलाएं और दलित-पिछड़े वर्ग कांग्रेस के भरोसे हैं, और हम उनके विश्वास को कभी टूटने नहीं देंगे। बिहार कांग्रेस एकजुट है, संगठित है, तैयार है और परिवर्तन तय है।

भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जनता का विश्वास ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है, बिहार में बदलाव की बयार चल चुकी है, अब जन-आवाज को सत्ता में पहुँचाना है। भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को पूरी गंभीरता, समर्पण और संगठनात्मक मजबूती के साथ लेने को तैयार है। कांग्रेस का कार्यकर्ता आज सिर्फ नेता नहीं, बल्कि समाज परिवर्तन का सच्चा सिपाही बन चुका है। वर्तमान सरकार की नीतियाँ गरीब, दलित, पिछड़े, किसान और नौजवान विरोधी रही हैं। जनता आज ठगा हुआ महसूस कर रही है। ऐसे समय में कांग्रेस ही एकमात्र ऐसा विकल्प है जो सबको साथ लेकर चलने में विश्वास करती है।माननीय श्री राहुल गांधी जी के नेतृत्व में हम बिहार में नया इतिहास रचने को प्रतिबद्ध हैं। भोजपुर की जनता परिवर्तन चाहती है, और यह परिवर्तन कांग्रेस के माध्यम से ही संभव है। आइए, हम सब मिलकर एक नया, न्यायपूर्ण और समावेशी बिहार बनाने का संकल्प लें।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसजन, प्रखंड एवं पंचायत स्तरीय पदाधिकारीगण, महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल तथा किसान कांग्रेस से जुड़े प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख नेताओं में डॉ अजय कुमार सिंह पूर्व विधान पार्षद, डॉ शशि कुमार सिंह एआईसीसी डेलीगेट, शिवकुमार सिंह, शिवजी उपाध्याय, रजी अहमद, प्रो अरुण सिंह आदि थे।

## बड़हरा की बहू हूं, अगर पार्टी टिकट देती है तो,जीत कर दिखाऊंगी: रीता



आरा। अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव एवं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी, विधायक श्री देवेंद्र यादव (भिलाई, छत्तीसगढ़) का भोजपुर जिले में आगमन पर बड़हरा की बहू सह कांग्रेस नेत्री रीता सिंह द्वारा बामपाली के समीप फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्याओं में महिलाओं ने पार्टी की झंडा लेकर पहुंची थी, वहीं कांग्रेस नेत्री रीता सिंह ने कहा कि अब महिलाएं जागरूक हो चुकी है, और पुरुषों के कंधे में कंधे मिलाकर चल रहे हैं और अपना मिशाल पेश कर रही हैं। वहीं उन्होंने चुनाव लड़ने की बात पर पत्रकारों से कहा कि पार्टी यह निर्णय करेगी कि चुनाव कहां से लड़ना है। अगर पार्टी हमें चुनाव लड़ने के लिए टिकट देती है तो मैं निश्चित तौर पर चुनाव जीतकर दिखाने का काम करूंगी। आगे उन्होंने कहा कि मैं बड़हरा की बहू हूं और बाद हर की जनता हमारे साथ हैं।बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी के स्वागत में सैकड़ो महिलाएं पुरुष कांग्रेस के झंडा लिए पहुंचे थे।

## क्रांतिकारी विचारक मुनि श्री 108 विशल्य सागर महाराज संघ का चातुर्मास के लिए आरा आगमन पर हुई भव्य आगवानी

आरा। नगर में चातुर्मास के लिए पधारे क्रांतिकारी विचारक परम पूज्य मुनि श्री 108 विशल्य सागर महाराज ससंघ का भव्य आगवानी श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा किया गया। प्रातःकाल में श्री जैन बाला विश्राम प्रांगण से मुनिसंघ को आरा नगर में ले जाने के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्तगण पहुंचे वहां से गाजे-बाजे के साथ एक बड़ी शोभायात्रा निकाली गयी जिसमें जैन बाला विश्राम छात्राएं, बच्चें, युवा, पुरुष एवं महिलाएं शामिल थे। भक्तगण जैन प्रतीक वाली अंगवस्त्र धारण कर मुनिश्री का जयकारा लगाते हुए आरा नगर पहुंचे। दोपहर समय में गुरुपूर्णिमा का भव्य कार्यक्रम आयोजित था जिसमें 11 विशिष्ट द्रव्यों से भक्तों द्वारा मुनिश्री का पूजन, प्रक्षालन, शास्त्र भेंट किया गया। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम में समाज के बच्चों के द्वारा अनेकों भक्ति भजन, नृत्य का आयोजन हुआ। मुनिश्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अपने प्रवचन में बोले कि आरा अनेकों अतिशयकारी मंदिरों की नगरी है आरा का नाम मैंने बहुत सुना था वैसा ही मैंने आकर महसूस किया। पंचायती मंदिर के सचिव डॉ आदित्य विजय जैन ने बताया कि किसी नगर में साधु का चातुर्मास होना नगर एवं समाज के सौभाग्य का प्रतीक है हमलोग बहुत ही पुण्यशाली, सौभाग्यशाली है जिन्हें इतने महान गुरु का सानिध्य मिलेगा। संध्या समय में गुरुभक्ति, आरती, भजन, व्यावृत्ति का कार्यक्रम आयोजित हुआ। उक्त अवसर पर श्री दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के पदाधिकारी, सदस्यों के साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तगण शामिल थे।

## भाकपा-माले, ऐपवा और आइसा का जांच टीम पहुंची पीरो, बलात्कार पीड़ित परिजनों से की मुलाकात

आरा( आज भाकपा-माले, ऐपवा और आइसा का जांच टीम पीरो प्रखंड के भुलुकुआ और सहेजनी गांव पहुंची जहां पिछले दिनों 3 जुलाई को दो बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार हुआ है ! भुलुकुआ गांव के रेखा कुमारी (काल्पनिक) की मां मोफ्ती बजार में ब्यूटी पार्लर चलाती हैं रेखा कुमारी तीन बहन और एक भाई है ।रेखा कुमारी के दादाजी ने जांच टीम को बताया की ,रेखा कुमारी की उम्र 13 वर्ष है वह गांव के हीं मध्य विद्यालय में क्लास 6 में पढ़ती थी ।3 जुलाई को स्कूल गई थी टिफिन हुआ और उसी समय 3,4 लड़कों ने लड़की को उठा लिया उसमें एक लड़का भुलुकुआ का था और बाकी आसपास के गांव के थे जिन्होंने सामूहिक बलात्कार किया और चार बजे लड़की को गांव के सिवान पर लाकर छोड़ दिया। जब लड़की घर आइ तो अपने माता-पिता को घटना के बारे में जानकारी दी रात में हीं परिजनों ने थाना पहूंच घटना की जानकारी दी और एफ आइ आर दर्ज करवाया ।

# बड़हरा के लिए निकला राजद का प्रचार रथ
## हर घर तक पहुंचेगा माई बहिन योजना का संदेश

**प्रातः किरण संवाददाता**



आरा। राजद के युवा नेता रामबाबू सिंह ने आज बड़हरा क्षेत्र में राजद प्रचार रथ को रवाना कर जनता के बीच पार्टी की योजनाओं और संकल्पों को पहुंचाने की शुरूआत की। इस प्रचार रथ को युवा राजद के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार, रामबाबू सिंह उर्फ अशोक कुमार सिंह, राजद नेता संजय कुमार मंडल, दुर्गा पासवान, विश्वविद्यालय प्रभारी मो. तहसीन रजा और पप्पू कुमार कौशल ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह प्रचार रथ बड़हरा के हर गाँव, टोला और कस्बे में जाकर लोगों को राजद की प्रमुख योजनाओं और चुनावी संकल्पों से अवगत कराएगा, जिसमें माई बहिन योजना और 500 में गैस सिलेंडर जैसी योजनाएं शामिल हैं। रथ के माध्यम से आम जनता को बताया जाएगा कि राजद सत्ता में आते ही इन योजनाओं को तेजी से लागू करेगा।प्रचार रथ राजद के संकल्पों को प्पर्चे और ऑडियो के जरिए लोगों तक संदेश देगी कि जब बिहार में बनेगी तेजस्वी सरकार, तब राजद का संकल्प है – हर घर तक राहत, हर युवा को रोजगार ! बड़हरा से राजद के युवा नेता अशोक कुमार सिंह उर्फ रामबाबू सिंह के नेतृत्व में ह्लमाई बहिन योजनाह्व, वृद्धजन पेंशन, हर घर बिजली, छात्रों के लिए सुनहरा अवसर, और युवाओं के लिए लाखों नौकरियों जैसी योजनाओं को हर टोले और मोहल्ले तक पहुंचाया जाएगा।

उन्होंने इस मौके पर बताया कि राजद का यह वादा नहीं, संकल्प है ।जो कहेंगे उस बात को पूरा करेंगे !

अब वक्त आ गया है बिहार को नया नेतृत्व देने का, अब वक्त आ गया है तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने का !राजद युवा नेता रामबाबू सिंह ने कहा कि–ह्लहमारा लक्ष्य सिर्फ प्रचार नहीं, घर-घर जाकर जागरूकता फैलाना है। माई बहिन योजना का फॉर्म हर घर में भरवाया जाएगा ताकि सरकार बनते ही माताओं-बहनों के खाते में मदद की राशि पहुंचाई जा सके।जनता के बीच पार्टी की नीतियों को पहुंचाने के इस अनूठे प्रयास से बड़हरा में चुनावी माहौल गरमा गया है। स्थानीय लोग भी रथ को देखकर भारी उत्साह में नजर आए ।

# शुक्रवार को आयोजित होने वाले पेंशन योजना राशि में हुई वृद्धि कार्यक्रम की जानकारी को सफल बनाने हेतु बीईओ ने किए बैठक

**प्रातः किरण संवाददाता**

रक्सौल। शुक्रवार को होने वाले सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गुरुवार को स्थानीय बीआरसी के सभागार में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ब्रजेश कुशवाहा द्वारा ग्राम राजस्व एवं शहरी क्षेत्रों के चिन्हित प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर अहम निर्देश दिए। आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सुबह साढ़े 10 बजे से सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पेंशनधारियों एवं आम लोगों को संबोधित किया जाएगा। चिन्हित कुल 45 विद्यालयों में उक्त कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी। जिसमें यह बताया जाएगा कि पहले मिलने वाले पेंशन को 4 सौ रुपए के बदले अब 11 सौ रुपए मिलेंगे। जिससे काफी सहूलियत होगी। कार्यक्रम के दौरान सभी आगंतुकों को चाय-पानी भी दिया जाएगा।

श्री कुशवाहा ने सख्त निर्देश दिया कि इसमें कोई कोताही नहीं बरतनी है। वही इस बैठक के बाद कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। मौके पर पीएम पोषण योजना प्रखंड साधनसेवी योगेश कुमार, कार्यपालक सहायक उदय कुमार एवं मनीष कुमार सहित संबंधित प्रधानाध्यापक मौजूद थे।

# आरा के कांग्रेस कार्यालय में हुई जमकर मारपीट , वीडियो हुआ वायरल

**प्रातः किरण संवाददाता**



आरा :भोजपुर में कांग्रेस की बैठक में गुरुवार को दो गुट आपस में भिड़ गए। दोनों गुटों के बीच जमकर मारपीट हुई है। घटना में कुछ लोगों के सिर में चोट भी आई है। मारपीट का वीडियो भी सामने आया है। इसमें कांग्रेस नेता मारपीट करते दिख रहे हैं।दरअसल, कठउ के सचिव और बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी छत्तीसगढ़ के भिलाई विधायक देवेंद्र यादव आज भोजपुर पहुंचे थे। देवेंद्र यादव के लिए पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत कार्यक्रम रखा गया था।जैसे ही विधायक देवेंद्र यादव कांग्रेस ऑफिस पहुंचे, कार्यकर्ता जिंदाबाद के नारेबाजी करने लगे। इसी दौरान भीड़ में शामिल दो पक्षों में तू-तू मैं-मैं होने लगी, जो हाथापाई तक पहुंच गई।

### सीनियर लीडर्स ने किया बीच बचाव

हाथापाई होता देख बाकी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बीच बचाव करते हुए दोनों पक्षों को हटाया। इसके बाद कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।

कांग्रेस नेता उपेंद्र कुमार सिंह बक्सर से लौट रहे देवेंद्र यादव को स्वागत करते हुए शहीद भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय लेकर आ रहे थे। इसी बीच, उनके समर्थकों की ओर से नारेबाजी की जा रही थी। इसी दौरान दो पक्ष आपस में भिड़ गए।

### देवेंद्र यादव बोले- ये सब उपद्रवियों ने किया

मारपीट के बाद कांग्रेस ऑफिस में मौजूद छत्तीसगढ़ के भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव ने कहा- ह्यकौन आपस में लड़ा है, किसे चोट लगी है, क्या हुआ है, ये आने वाले समय में पता चलेगा। ये तो तुरंत-तुरंत की बात है।इस हंगामे और मारपीट में कोई कांग्रेस है भी कि नहीं या बाहर से कोई उपद्रवी आकर हंगामा कर रहा है, ये देखना होगा।हमारे जिला कांग्रेस कार्यकताओं और पदाधिकारियों की ओर से बताया गया है कि हंगामा और मारपीट में हमारी पार्टी के कार्यकर्ता नहीं है। बाहर से उपद्रवी आकर हमारे कार्यक्रम में हंगामा कर रहे हैं।ये प्रशासन की नाकामी है। उन्हें हम लोगों को सुरक्षा देनी चाहिए थी। आज कार्यकर्ताओं पर हमला हुआ है, कल को मुझ पर भी हमला हो सकता है। प्रशासन और नीतीश बाबू फेल हैं, हमें कौन बचाएगा, इस पर पुलिस प्रशासन को जवाब देना चाहिए।

घायल कांग्रेस नेता का नाम सुनील कुमार सिंह है। वे नवादा थाना क्षेत्र के नवादा मोहल्ले में रहते हैं। कांग्रेस के सीनियर नेता हैं। सुनील कुमार हिंदू महिला कॉलेज में सहायक क्लर्क हैं। उनके पिता शिवकुमार सिंह भोजपुर कांग्रेस कमेटी भोजपुर के पूर्व उपाध्यक्ष के साथ कांग्रेस के पुराने कद्दावर नेता हैं।

सुनील कुमार ने बताया, ह्यभिलाई के विधायक देवेंद्र यादव को देखने और सुनने के लिए कांग्रेस कार्यालय पहुंचे थे।यहां देवेंद्र के आने के बाद जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे.. आपको बता दे की सुनील कुमार सिंह कांग्रेस नेता ने बताया कि देवेंद्र के आने के बाद जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। इसी बीच दो गुट आपस में भिड़ गए।

दोनों के बीच हाथापाई भी हुई थी। जिसका मैं बीच बचाव करने के लिए गया हुआ था। देवेंद्र यादव के निकलते ही मैं पीछे से आ रहा था। इस दौरान 8-10 लोगों ने मुझे पकड़ लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। पीछे से किसी ने ईंट से हमला कर दिया। मुझे 6 टांके आए हैं।

## आनंद सिंह ने अधिवक्ताओं को जो सम्मान दिया है वो काबिले तारीफ : राम मूर्ति सिंह

डेहरी ओन सोन रोहतास । आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर के प्रांगण में डेहरी अनुमंडल एवं बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी का सम्मान समारोह स्कूल के निदेशक आनंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल जज अर्चना कुमारी, सब रजिस्टर योगेंश कुमार त्रिपाठी ,अंचलाधिकारी संजय कुमार मेहता ,निर्वाचन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह, रोहतास जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम मूर्ति सिंह, स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, तथा नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस सम्मान समारोह में स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम कर आये हुए अतिथियों को मंत्र मुग्ध कर दिया।, सिविल जज अर्चना कुमारी ने बच्चों के इस कार्यक्रम की सराहना की साथ ही निदेशक आनंद सिंह को आये हुए अतिथि और अधिवक्ताओ ने जम कर तारीफ किया वरिष्ठ अधिवक्ता व रोहतास बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राममूर्ति सिंह

ने कहा कि लोग पोलटिकल सभा कर नेताओ को बुलाने का काम करते है लेकिन आर एस के पब्लिक स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने अधिवक्ताओं को बुलाकर जो सम्मान देने का काम किया है इस कि तारीफ की जाए वो भी कम होगा हमारे समाज मे ऐसे महान सोच वाले और ब्यक्तित्व के धनी व्यक्ति को जरूरत है, ताकि समाज मे समानता का भाव आ सके। इस सभा में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने भाग लिया साथ ही बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी तथा

पदाधिकारी व सदस्यों को स्कूल के निदेशक आनंद सिंह ने गुलदस्ता व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष मनोज कुमार अज्ञानी ने कहा कि शिक्षा के इस मंदिर में सम्मान पाना हमारे लिए गौरव की बात है। अधिवक्ताओं ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी निष्ठा से निर्वहन करुंगा। कार्यक्रम का संचालन रवि श्रीवास्तव ने किया।मौके पर आर एस के स्कूल के उप निदेशक रंजन कुमार सिंह, प्राचार्य राज नारायण सिंह, प्रिंसिपल शिक्षक प्राइवेट स्कूल एंड रास्ट्ररत्न एसोसिएसन के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष अरविंद भारती ,डीपीएस स्कूल निदेशक समीर कुमार, सोनराइजिंग स्कूल के निदेशक प्रशांत कुमार वरिष्ठ अधिवक्ता अनुप सिंह,अंगेश सिंह,गोपाल राम,मिथलेश सिन्हा, हरिद्वार सिंह, रामाकांत दूबे, रितेश कुमार, अजय कुमार अमरनाथ यादव, प्रकाश गोस्वामी ,समाजसेवी पंकज गुप्ता, रामनाथ पासवान रवि कुमार, प्रकाश गोस्वामी सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पटेल बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर के प्रतिमा पर 54 वीं पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



आता। पटेल बस पड़ाव स्थित भिखारी ठाकुर के प्रतिमा पर 54 वीं पुण्यतिथि पर पुष्प माल्यार्पण किया गया। संचालन भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान के अध्यक्ष सह श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ने किया।वही कार्यक्रम में उपस्थित दिलराज प्रीतम ने कहा कि जमाने के हर दौर में लोककला की उपयोगिता प्रासंगिक रही है।जनता के हितों को लेकर की गई इसकी शुरूआत अब बाजार का भी एक सशक्त माध्यम बनती जा रही है।आगे उन्होंने गुलामी के दौर में लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की रचनाओं को सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ शुरू किए सांस्कृतिक आंदोलन का कारगर हथियार बताया। साथ ही वर्तमान समय में लोक कला को और समृद्ध करने की आवश्यक्ता बताई। आज भोजपुरी भाषा को सरकारी मान्यता दिलाने से लेकर उसे और सशक्त बनाने की जरूरत है।रणधीर राणा ने कहा कि भिखारी ठाकुर ने भोजपुरी लोक कला के माध्यम से समाज सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने अपने नाटकों और गीतों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों, जैसे-नारी उत्पीड़न,गरीबी, और जातिवाद पर प्रहार किया।उन्होंने भोजपुरी भाषा और संस्कृति को समृद्ध किया और लोकगीतों के माध्यम से समाज को जागरूक किया कार्यक्रम में शामिल लोगों में विजय सिंह, कृष्णा यादव,रणधीर राणा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शुक्रवार, 11 जुलाई 2025



### रक्तसेवा के लिए बमेंद्र को बक्सर में किया गया सम्मानित

औरंगाबाद। औरंगाबाद सहित पूरे देश में रक्तदान जागरूकता एवं रक्तसेवा के लिए औरंगाबाद क्षत्रिय नगर निवासी पथ प्रदर्शक संस्था के संस्थापक सह सचिव रक्तसेवक बमेन्द्र कुमार सिंह को बक्सर में सम्मानित किया गया।पूरे हिन्दुस्तान में रक्तदान के क्षेत्र में क्रांति लाने के उद्देश्य से खुद को रक्तसेवा के प्रति समर्पित कर चुके बमेन्द्र को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर बक्सर में आयोजित राष्ट्रीय रक्तदाता सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

बक्सर की संस्था ब्लड बक्सर द्वारा वैष्णवी होटल में गुरुवार को राष्ट्रीय रक्तदाता सम्मान समारोह आयोजित किया गया था। इस रक्तदाता सम्मेलन में देश के अलग-अलग प्रदेशों सहित बक्सर के स्थानीय रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया।

औरंगाबाद के रक्त सेवक बमेंद्र कुमार सिंह को उक्त कार्यक्रम में रक्तदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाने ,रक्तदान शिविर का आयोजन करने एवं जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। बमेंद्र ने बताया कि रक्तदान ही एक ऐसी सेवा है जो निस्वार्थ रूप से किया जाता है।

## गुरु पूर्णिमा पर्व पर बोधगया मठ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री डॉ. प्रेम कुमार

■ **यह पर्व मानवता को आलोकित करने वाला है। गुरु पूर्णिमा पूर्णता का प्रतीक है और यह पर्व हमें भारतीय संस्कृति की मूल याद दिलाती है - डॉ प्रेम कुमार**



प्रातः किरण संवाददाता

बोधगया।गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आज बोधगया स्थित ऐतिहासिक बोधगया मठ में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें बिहार सरकार के सहकारिता विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए हैं।

मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस अवसर पर बोधगया मठ में विधिवत पूजा-अर्चना की तथा महंत सत्यानंद गिरी , महंत विवेकानंद गिरी एवं महंत त्रिवेणी गिरी ज से आशीर्वाद प्राप्त किया है।

अपने संबोधन में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरु पूर्णिमा को ज्ञान और अध्यात्म का महान पर्व बताते हुए कहा कि यह पर्व मानवता को आलोकित करने वाला है। गुरु पूर्णिमा पूर्णता का प्रतीक है और यह पर्व हमें भारतीय संस्कृति की मूल आत्मा – श्रद्धा, विनम्रता और कृतज्ञता – से जोड़ता है।

मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि गुरु शब्द ह्यगुह्ण अर्थात अंधकार और ह्यरुह्ण अर्थात प्रकाश से बना है, अर्थात जो अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए, वही गुरु है। उन्होंने महर्षि वेदव्यास जी, भगवान महादेव, भगवान बुद्ध, भगवान राम एवं भगवान श्रीकृष्ण जैसे दिव्य गुरुओं का स्मरण करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला है।

उन्होंने मीराबाई, कबीरदास और संत रविदास के गुरु संबंधी उद्धरणों का उल्लेख करते हुए कहा कि गुरु के बिना ज्ञान, मयार्दा और आत्मविकास संभव नहीं है ।इस कार्यक्रम के अंत में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गुरुजनों के श्रीचरणों में कोटि-कोटि वंदन करते हुए कहा:

हे गुरु! आपका उपकार का कैसे चुकाऊं मोल, क्योंकि ज्ञान तो है बड़ा अनमोल, बड़ा अनमोल।इस अवसर पर जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, अधिवक्ता मुकेश शर्मा,, जिला मंत्री मुन्नीलाल, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा शंभू यादव ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष कृष्णा साहू, रौनक सेठ,वसंत परमार, मिथिलेश मांझी,संतोष सिंह,रणजीत सिंह ,वाहिद अली, राजू सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, राजेश चौधरी, संतोष सिंह, बबलू उत्तम, नरेश कौतु, अनिल पासवान, संजय सिंह, पुष्पा सिंह, नीलम मिश्रा, पार्षद विकास चंद्रवंशी, सुधांशु मिश्रा, दिवाकर पाण्डेय, निरंजन कुमार, वेद प्रकाश, शिवा मांझी सहित अन्य मौजूद रहे हैं।

## आपदा से होने वाले घटनाओं से बचाव के लिए जागरूकता रथ रवाना किया: डीएम

**कुर्था के इब्राहिमपुर, पिंजरावां समेत कई गांव में चला जागरूकता अभियान**

प्रातः किरण संवाददाता





अरवल। विभिन्न आपदा जैसे - आगलगी, वज्रपात, डूबने और सर्पदंश की घटनाओं से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा छएऊ वैन एवं फ्लेक्स बैनर के माध्यम से व्यापक जन जागरूकता अभियान प्रारंभ किया गया। जिला प्रशासन अरवल द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण के तहत आगलगी , वज्रपात, डूबना, सर्पदंश इत्यादि घटनाओं से बचाव हेतु एक विशेष जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का संचालन जिला पदाधिकारी अरवल , श्री कुमार गौरव के निदेर्शानुसार किया जा रहा है और बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का सहयोग प्राप्त है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी महोदय कुमार गौरव द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उन्होंने समाहरणालय परिसर से छएऊ वैन को अरवल जिले के पांच प्रखंड - अरवल, कलेर, कुर्था, करपी तथा सोन भद्र बंशी के लिए रवाना किया। इस कार्यक्रम में अपर समाहर्ता श्रीमती सईदा खातून ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। साथ ही अन्य पदाधिकारीगण भी मौजूद थे। एलईडी विभिन्न क्षेत्रों में जाकर वज्रपात, आगलगी ,डूबना , सर्पदंश इत्यादि की घटनाओं से बचाव के उपाय की जानकारी ऑडियो विजुअल माध्यमों द्वारा आम जन को देगी ।इसके अंतर्गत वीडियो क्लिप, संदेश और सचित्र निदेर्शों के माध्यम से लोगों को बताया जाएगा की विभिन्न आपदा के समय क्या करें और क्या ना करें ।साथ ही जगह-जगह पर जागरूकता हेतु दीवार पर चित्र भी बनाए जा रहे हैं । जगह-जगह पर बैनर्स भी लगाए जा रहे हैं इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय श्री कुमार गौरव ने लोगों को आपदा के दौरान सतर्क रहने को कहा यह अभियान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (उ्ऴटअ) अरवल के सहयोग से लगातार चलाया जाएगा । जिला प्रशासन अरवल सभी नागरिकों से अपील करता है कि वह एलईडी वैन एवं वॉलिंटियर्स द्वारा दी जा रही जानकारी को गंभीरता से ले सतर्क रहे एवं दूसरों को भी जागरूक करें ।

## युवा जदयू के द्वारा 13 जुलाई को सुकरोली मैदान में छात्र छात्राओं के लिए सम्मान समारोह आयोजित: रंजीत कुशवाहा

■ **युवा आयोग की गठन के लिए मुख्यमंत्री एवं मंत्री नीतीश पटेल,श्रवण कुमार को आभार व्यक्त किए : सतिश पटेल, रंजीत कुशवाहा**

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।गया के गांधी मंडप में जदयू युवा जिलाध्यक्ष सह उप प्रमुख सतिश कुमार पटेल की अध्यक्षता में एवं जदयू युवा जिला कि पुरी टीम एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष कि बैठक आयोजित हुई है।जिसमें परैया प्रखंड के सुकरोली मैदान में 13 जुलाई को छात्र समागम एवं पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होने आ रहे हैं ।जिसमे मुख्य रूप से जदयू युवा के प्रदेश अध्यक्ष नितीश पटेल एवं बिहार सरकार के लोकप्रिय ग्रामिण विकास विभाग के मंत्री श्रवण कुमार एवं मंत्री नितीश पटेल छात्र छात्राओं के साथ जिविका दिदीयो को सम्मानित करेंगे एवं पुरस्कार वितरण करेंगे। जदयू युवा उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति सदस्य नगर प्रखंड सह अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज जिला अध्यक्ष सह रिटेलर उर्वरक विक्रेता संघ जिला अध्यक्ष ने इन बातों कि जानकारी दी और कहा कि युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह मंत्री नितीश पटेल ने बिहार के विकास पुरुष नितीश कुमार को एक मांग की थी की युवा आयोग का गठन किया जाए जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवा आयोग का गठन करके युवाओं के लंबित मांगों को पुरी की है इस पर रंजीत कुशवाहा ने युवा आयोग के गठन करने पर युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत युवा जदयू के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं बिहार सरकार के लोकप्रिय ग्रामिण विकास विभाग के श्रवण कुमार को दिल से आभार प्रकट किया है।

## युवा आयोग का गठन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है: अरविंद सिंह

➤ **युवा आयोग गठन के लिए चिराग पासवान प्रयत्न शील रहे हैं; उनके प्रयासों से बिहार के मुख्यमंत्री के फैसलों का स्वागत:दिलीप सिंह ,जिलाध्यक्ष**

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।आज गया पार्टी प्रधान कार्यालय पुलिस लाइन सिंगरा स्थान गया में पार्टी के गया जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह संसदीय बोर्ड जिला अध्यक्ष ठाकुर सुमन सिंह राधा स्वामी मीना कुमारी मधु पासवान बबलू सिंह रंजीत कुमार चंद्रवंशी युवा प्रखंड अध्यक्ष अरुण पासवान बथानी प्रखंड अध्यक्ष राजेश यादव सोहन यादव मंटू सिंह सुनील कुमार सिंह आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथी के मौजूदगी में युवा आयोग के गठन होने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मनाई गई है। इस मौके पर अरविंद कुमार सिंह ने कहा की युवा आयोग का गठन बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है इसके लिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान एवं बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति हृदय से आभार प्रकट करता हूं।

वहीं जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान लगातार केंद्र और राज्य में युवा आयोग के गठन के लिए प्रयत्न शील रहे हैं; उनके प्रयासों से बिहार के मुख्यमंत्री के फैसलों का स्वागत करता है बिहार का हर युवा कर रहा है। इधर संसदीय बोर्ड के गया जिला अध्यक्ष ठाकुर सुमन सिंह ने कहा कि बिहार के युवा के लिए हर्ष का विषय एवं उत्सव का दिन है युवा आयोग का गठन का फैसला एक ऐतिहासिक फैसला है। युवाओं के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। इसके लिए युवा हृदय सम्राट हमारे नेता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री माननीय चिराग पासवान एवं बिहार के मुख्यमंत्री माननीय नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट करता हूं।

## केन्द्रीय रक्षा मंत्री का जन्मदिन मनाया गया



■ **केन्द्रीय रक्षा मंत्री मेक इन इंडिया के अंतर्गत उन्होंने रक्षा उपकरणों के स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित किया:मनीष पंकज**

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा आज भारत सरकार के रक्षा मंत्री, पूर्व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व गृह मंत्री राजनाथ सिंह का जन्मदिन सादगी और श्रद्धा के साथ मनाया गया है। इस अवसर पर केक काटकर एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर राजनाथ सिंह के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने राजनाथ सिंह के राजनीतिक जीवन और राष्ट्र सेवा को याद करते हुए उनके कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अफसर पर डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा ने कहा

राजनाथ सिंह को भारतीय राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। उनके निर्णयों में दूरदर्शिता, संतुलन और राष्ट्रहित की झलक स्पष्ट दिखाई देती है। छात्र जीवन से ही वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ गए थे और युवावस्था में ही भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। वे कई बार विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री रह चुके हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने शासन प्रशासन में अनुशासन और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है गृह मंत्री रहते हुए उन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अनेक ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने जैसे ऐतिहासिक कदम में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने आतंकवाद के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति को अपनाया और सुरक्षा बलों को मजबूत समर्थन प्रदान किया है वर्तमान में रक्षा मंत्री के रूप में उनकी भूमिका राष्ट्र की सुरक्षा को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में बेहद प्रशंसनीय रही है। उन्होंने भारत की रक्षा नीति को आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर किया है। मेक इन इंडिया के अंतर्गत उन्होंने रक्षा उपकरणों के स्वदेशी निर्माण को प्रोत्साहित किया है। राफेल जैसे अत्याधुनिक विमानों की खरीद, सीमा पर आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करना, और सैनिकों के कल्याण हेतु नीतिगत निर्णय लेना उनकी प्रमुख उपलब्धियों में से हैं।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि राजनाथ सिंह जैसे सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण नेता देश के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

## गुरुपूर्णिमा के दिन गुरुदेव लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन तूफान सर ने कहा किताबें ही बच्चों का भविष्य

प्रातः किरण संवाददाता



गयाजी। गुरुपूर्णिमा के पावन अवसर पर दक्षिणी गया स्थित श्री कृष्णा पुरी कॉलोनी, रोड नंबर 8, नारायण नगर (नियर जगजीवन कॉलेज गयाजी) में गुरुदेव लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित लोकप्रिय शिक्षक तूफान सर ने फीता काटकर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है ।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए तूफान सर ने कहा कि ह्वलाइब्रेरी केवल एक भवन नहीं, यह ज्ञान का मंदिर है। इसमें किताबों की उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है ताकि बच्चे अध्ययन कर सकें और अपने भविष्य को संवार सकें ।ह्व उन्होंने इस प्रयास को बच्चों की शिक्षा और उन्नति के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।

अवधेश कुमार प्रोपराइटर ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई के लिए जो भी सुविधा हो सके उसे पूरा करने का कोशिश किया हु ।इसमें छात्र छात्रा के लिए अलग व्यवस्था की गई है और सुरक्षा को देखते हुए सीसीटीवी कैमरे भी रखा गया है।

इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में मोहम्मद जावेद सलीम प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, फतेहपुर, महेश प्रसाद सेवानिवृत्त, रश्मि सिन्हा शिक्षिका, देवबाली कुमार जिला अध्यक्ष, पंचायत रोजगार सेवक संघ, गया, दिलीप कुमार शामिल हुए हैं। सभी अतिथियों ने लाइब्रेरी के शुभारंभ पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के बच्चों और युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर बताया है।

गौरतलब है कि यह लाइब्रेरी क्षेत्रीय छात्रों को अध्ययन के लिए एक बेहतर, शांत और संसाधनों से युक्त वातावरण उपलब्ध कराएगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी द्वारा प्लास्टिक थैला हटाकर जुट के थैले का इस्तेमाल करने पर दिया गया जोर

प्रात: किरण संवाददाता





गया जी। आज हमारे आसपास प्लास्टिक की भरमार है जो धरती, वायु, जल के लिए नुकसानदेह है। प्लास्टिक एक न घुलने वाला पदार्थ है जो सैकड़ों वर्षों तक बना रहता है ।इसके निर्माण में तेल पेट्रोलियम आदि का उपयोग किया जाता है ।भोजन समझकर इसे खाने से पशु और जीव जंतु के स्वास्थ्य पर गम्भीर संकट उत्पन्न हो जाता है ।यह कैन्सर रोधी भी है ।इसका उपयोग हम पुर्ण रूप से बंद तो नहीं कर सकते पर कम जरूर कर सकते हैं।

इसी को मद्देनजर रखते हुए इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी की अध्यक्षा सिमा भदानी द्वारा प्लास्टिक थैले को बंद कर जुट के थैले का इस्तेमाल करने की सलाह देते हुए सड़क पे राह चलते लोग, ओटो चालक, ठेले वाले के बीच वितरित किया। इस अभियान में उनका साथ पी पी शोभा कंदवे, आशा मित्तल, सेक्रेटरी मन्दाकिनी जी, कविता लोहानी, कंचन भदानी, अनीता अग्रवाल, आई एस ओ प्रीति कुमारी आदि सदस्यों ने दिया ।इसकी जानकारी क्लब संपादिका शिवानी बर्णवाल के द्वारा ।मिली है।

### गुरु पूर्णिमा के मौके पर विष्णु धाम में महा आरती का आयोजन

औरंगाबाद। औरंगाबाद जिले की सनातनी परंपरा का महान तीर्थ स्थल विष्णु धाम के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा पर्व के मौके पर महाआरती का आयोजन किया गया। विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह के आह्वान पर बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में सर्वप्रथम विष्णुधाम परिसर स्थित भगवान विष्णु एवं सभी मंदिरों के देवी देवताओं की षोडशोपचार विधि से विशेष पूजा अर्चना की गई ।तत्पश्चात भगवान विष्णु के विभिन्न अवतारों से संबंधित आरती का गान किया गया ।गुरु पूर्णिमा के महत्व पर बालकानंद ब्रह्मचारी ने बताया कि सांसारिक जीवन में मानव को श्रेष्ठ मार्ग प्रदान करने में गुरु का स्थान अप्रतिम है। चातुर्मास के व्यतित होने पर जब भगवान विष्णु क्षीरसागर में सोने चले जाते हैं तो इन चार माह में उनके स्थान पर उनके जो कार्य होते हैं वह गुरु तत्व के प्रतिक भगवान शिव है वही संचालन करते हैं। इसलिए गुरु पूर्णिमा के मौके पर भगवान विष्णु धाम में की गई पूजा अर्चना विशेष फलदाई होती है जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि मोक्षदायिनी पुनपुन एवं पुण्यदायिनी बटाने के संगम तट पर अवस्थित विष्णु धाम प्रकृति का अद्भुत स्थल है।

## शांति निकेतन एकेडमी में मनाया गया ग्रीन डे

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।शांति निकेतन एकेडमी के सभी शाखाओं एड्ढपी कॉलोनी, अर्चना हाउस ,कटारी हिल रोड, गोविंदपुरम ,रौना (चाकन्द) में ग्रीन डे का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया शांति निकेतन एकेडमी में पहले से लर्निंग वाई प्लेइंग खेल-खेल के साथ शिक्षा देने के लिए प्रसिद्ध रहा है शिक्षिकाओं के द्वारा बच्चों को इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी जाती है इसलिए एकेडमी समय-समय पर इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के समुचित विकास के लिए करती है इसका उद्देश्य बच्चों में रंगों की पहचान का बोध कराना होता है। एकेडमी की शिक्षिकाओ, नन्हे-मुन्ने बच्चे सभी हरे रंग के परिधान में उपस्थित है। पूरे विद्यालय को हरे रंग की वस्तु से सजाया गया जिसमें हरे रंग के गुब्बारों का भी इस्तेमाल किया गया चारों तरफ हरे रंग की वस्तुओं को इसलिए सजाया गया कि बच्चे कहीं भी इस रंग का आसानी से पहचान सके। शिक्षिकाओं ने बच्चों को हरे रंग के महत्व को समझाया कक्षा प्ले ग्रुप से अनिरुद्ध , आकांक्षा फल- किबी, ब्रोकली कक्षा नर्सरी





से अर्णव राज, शिमला मिर्च, अक्षत तरबूज के वेशभूषा में नजर आय है ` वही कक्षा जूनियर केजी से ऋषभ राजअंगूर, अहमद अली भिंडी कक्षा सीनियर केजी से शानवी रंजन तरबूज सनाया ब्रोकली राजनसी कैटरपिलर के रंग रूप और वेशभूषा में नजर आए ।प्ले ग्रुप के बच्चों ने हरे रंगों की सहायता से अंगूर बनाकर थंब प्रिंटिंग की मदद से रंग भरे। नर्सरी के बच्चों ने तोता बनाकर ईयर बड की मदद से रंग भरे। जूनियर केजी के बच्चों ने पेड़ बनाकर भिंडी की मदद से रंग भरे, सीनियर केजी के बच्चों ने कैटरपिलर बना कर हैंड प्रिंटिंग से रंग भरे। शिक्षिकाओं ने बच्चों को पौधारोपण के बारे में बताया कि हमें अपने घरों में भी पौधा अवश्य लगाना चाहिए जिससे हमारा पर्यावरण के स्वस्थ और सुरक्षित रहेगा ।

इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन हरि प्रपन्न ने बच्चों को बताया कि हरे रंगों का महत्व हमारे जीवन में क्या है और उन्होंने बताया कि हरा रंग हरियाली का प्रतीक है इसलिए बच्चों को इसके महत्व को समझना चाहिए हरि प्रपन्न जी ने बताया कि हरा रंग आंखों के लिए सबसे लाभकारी होता है। इसके साथ ही साथ बच्चों को यह सलाह दिया कि प्रत्येक छात्र अपने घर एवं उसके आसपास अभिभावक की सहायता से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं जिससे हमारा वातावरण हमेशा सुरक्षित रहें तथा चारों तरफ हरियाली का वातावरण बना रहे हैं।

### सूर्य राघव मंदिर बड़ेम में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई

औरंगाबाद। नवीनगर प्रखंड के ग्राम बड़ेम अवस्थित सूर्य पूजा के लिए विख्यात प्राचीन तीर्थ स्थल सुर्य राघव मंदिर के प्रांगण में गुरु पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई।

सूर्य राघव मंदिर बड़ेंम के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में आचार्य आकाश चौबे एवं अन्य आचार्यों के सान्निध्य में वेद मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से विशेष पूजा अर्चना की गई ।मौके पर प्रख्यात शिक्षाविद् प्रोफेसर सुनील बोस की गरिमामई उपस्थिति रही ।संबोधन के क्रम में आचार्यों ने बताया कि गुरु शिष्य परंपरा की प्रतीक स्थल के रूप में सूर्य राघव मंदिर का स्थान सर्वोत्तम है ।देश विदेश चर्चित संत शिरोमणि त्रिदंडी स्वामी जी महाराज प्रणीत इस मंदिर की विशेषता इस तौर पर जानी जाती है कि मंदिर के अंदर गर्भ गृह में जो प्रतिमा स्थापित है वह भगवान भास्कर के गोद में अनादि ब्रह्म परमपिता भगवान श्री राम एवं जगत जननी माता जानकी जी विराजमान है।

## जदयू महानगर अध्यक्ष के अध्यक्षता में प्रभात फैरी का आयोजन

**यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है: राजू वर्णवाल**



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।राज्य निर्वाचन आयोग के मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से जदयू के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष महानगर गया जी राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल स्थानीय प्रबुद्ध व बुद्धिजीवियों एवं जदयू के समर्पित सैकड़ों कार्यकताओं के द्वारा आज तीसरे दिन भी नगर क्षेत्रों में पार्टी कार्यकताओं द्वारा आजाद पार्क से मतदाता जागरूकता का काफिला जीबी रोड,नई गोदाम से होते हुए तुतवाडी. रोड, दुःख हरनी मंदिर व नगर के विभिन्न इलाकों से होते हुए प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। प्रभात फेरी के माध्यम से राजू बर्नवाल एवं महानगर जदयू कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन कराने व अपने मताधिकार के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किए हैं इसके साथ ही उन्होंने बिहार सरकार के विकास कार्यों की जानकारी भी आमजन तक पहुंचायी है, इस अभियान को व्यवस्थित तरीके से संचालित करने के लिए हर तीन वार्ड पर एक टीम बनाई गई थी ।जदयू कार्यकताओं ने सुबह-सुबह प्रभात फेरी निकालकर स्लोगन से जन-जागरूकता फैलाने का कार्य किया, इस अवसर पर जिला कार्यकारिणी के सदस्य तथा जदयू के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया है ।सभी ने जनता से अपील की है वे अपने मताधिकार को लेकर सजग रहें और किसी भी कीमत पर मतदाता सूची से बाहर न रहें. इस कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जदयू महानगर अध्यक्ष राजू वर्णवाल ने कहा, यह सिर्फ एक अभियान नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है. जदयू का संकल्प है कि हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में हो और वे अपने अधिकारों के प्रति पूरी तरह जागरूक रहें. इस कार्यक्रम के माध्यम से जदयू ने न केवल मतदाता जागरूकता को गति दी, बल्कि सरकारी योजनाओं और उपलब्धियों को भी जनमानस तक पहुंचाने का कार्य बखूबी किया है।

उक्त प्रभात फेरी में श्री लालजी प्रसाद, संजय कुमार सिंह उर्फ संजू, एडवोकेट सुनील कुमार, प्रभात राउत, गोपाल प्रसाद जी, शिव शंकर दास, महेंद्र बरनवाल,मानिकचंद गुप्ता, हेबुलू पांडे, अर्जुन राम, अमर सिंह चंद्रवंशी व स्थानीय प्रबुद्ध लोगों की उपस्थिति रही।

## बिहार के युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा: डॉ प्रेम कुमार





प्रातः किरण संवाददाता

गया जी ।भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, जिला गया (पूर्वी) द्वारा जिला अतिथि गृह सभागार में एक धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम बिहार सरकार द्वारा बिहार के युवाओं के लिए ह्ययुवा आयोगह्व गठन जैसे ऐतिहासिक एवं सराहनीय निर्णय के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है ।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ह्वबिहार के युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनाने की दिशा में यह निर्णय मील का पत्थर साबित होगा। इसके लिए हम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई देते हैं, जिनकी दूरदर्शी सोच के कारण यह ऐतिहासिक पहल संभव हो सकी है ।ह्व साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार सरकार द्वारा अब तक 10 लाख लोगों को नौकरी दी गई है वहीं 24 लाख लोगों को रोजगार दिए जा चुके है ।आने वाले समय में 14 लाख लोगों को बिहार सरकार रोजगार देगी साथ ही 2 लाख लोगों को नौकरी ऐसे कुल 50 लाख युवाओं को नौकरी बिहार सरकार देगी। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा युवाओं के लिए चलाई जा रही प्रमुख योजनाएं निम्न हैजीवन कौशल शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम,अंबेडकर विशेष रोजगार योजना। ईएलआई से रोजगार सृजन ,खेलो इंडिया, सेना में नौकरी, प्रधानमंत्री युवा योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टैंड अप इंडिया,युवा भारत योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना सहित कई प्रमुख योजनाएं युवाओं के रोजगार और नौकरी के लिए चलाई जा रही है।

वहीं बिहार की एनडीए सरकार ने भी कुछ प्रमुख योजनाएं युवाओं के लिए चला रही है। मेडल लाओ नौकरी पाओ,मुख्यमंत्री प्रतिज्ञा योजना, 12वीं पास विद्यार्थी को ₹4,000 का स्कॉलरशिप, ग्रेजुएट बच्चों को ₹6,000 का। मुख्यमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना ,मुख्यमंत्री लघु उद्यमी योजना, रोजगार मेला ,खेलो इंडिया,मुख्यमंत्री भिक्षावृत्ति निवारण योजना,मुख्यमंत्री ग्राम सड़क परिवहन योजना,योजनाएं युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए बिहार सरकार चला रही है।

डॉ. प्रेम कुमार ने आगे कहा कि युवा आयोग न केवल युवाओं की समस्याओं को समझने और समाधान प्रदान करने में सहायक होगा, बल्कि उन्हें कौशल विकास, रोजगार और नवाचार के क्षेत्र में भी सशक्त बनाएगा ।इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा, गयाजी (पूर्वी) के कार्यकताओं ने खुशी प्रकट करते हुए बिहार सरकार के इस निर्णय के प्रति आभार व्यक्त किया और इसे युवाओं के भविष्य के लिए सकारात्मक कदम बताया है ।इस कार्यक्रम का अध्यक्षता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमर शेखर ने किया है।

धन्यवाद ज्ञापन आशीष पाठक ने किया है ।इब मौके पर राज पांडेय, शंभू यादव ,रौनक सेठ,धीरू आदित्य वर्धन सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025


# जिलाधिकारी ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का जाना हाल

● मांझी प्रखंड में घर-घर भ्रमण कर मतदाताओं से ली जानकारी

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर द्वारा शुक्रवार को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान से संबंधित चल रहे कार्यों की समीक्षा हेतु मांझी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत मांझी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में घर - घर भ्रमण कर बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों का सत्यापन किया गया। डीएम द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरकर जल्द से जल्द बीएलओ को देने हेतु प्रेरित किया गया। जिलाधिकारी ने मांझी प्रखंड मुख्यालय में चल रहे गणना प्रपत्र को अपलोड करने सम्बन्धी कार्यों का भी निरीक्षण किया। निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी को शेष बचे मतदाताओं से गणना प्रपत्र प्राप्त करने तथा अपलोडिंग सहित सभी कार्यों के दस्तावेजीकरण को लेकर आवश्यक निदेश दिया।



# तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। मेरा युवा भारत, पटना द्वारा आयोजित का आयोजन क्टअफ(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद) पटना के प्रांगण में 03 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन सुर्यकांत कुमार, उपनिदेशक, माय भारत, पटना के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री संजीव चौरसिया, माननीय विधायक, दिघा विधानसभा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री आशुतोष उपाध्याय, निदेशक, आइसीएआर पटना, अंकेश सक्सेना, नुतन लोढ़ा, प्रशिक्षक, प्रीत खनडोर, प्रशिक्षक नवनीत कुमार, प्रवक्ता भाजपा, एवं अन्यगणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। विधायक ने कहा कि युवा हमारे देश के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार में मतदाता सूची में नाम जोड़ने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। हमारे युवाओं को उसमें विशेष रुची लेकर मतदाताओं के नाम छूटे नहीं और गलत मतदाताओं का नाम जुड़े नहीं इस पर विशेष ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार का सर्वांगीण विकास विकास हो रहा है। अपने शुरुआती दौर में युवा केन्द्र के कार्यक्रमों में भाग लेने का मौका प्राप्त हुआ है जो आज भी याद्गार है। युवाओं के विकास के लिए सरकार के द्वारा हर सम्भव कदम उठाए जा रहे हैं। आईसीएआर के एक्टिंग डायरेक्टर ने कहा कि युवाओं की सोच पॉजिटिव होनी चाहिए। युवाओं को चिंता रहित विचार होने पर ही सफलता मिल सकती है, इसलिए हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। विद्यार्थियों को काग चेष्टा, बको ध्यानम, स्वान निद्रा, अल्प हारी, गृह त्यागी तथ्यों वाचः। अध्यक्षीय भाषण में कहां की आज अतिथियों ने मेरे इस कार्यक्रम में भाग लेकर हमें कृतार्थ किया है। इसके लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापन किया। इस कार्यक्रम में पटना जिला के विभिन्न प्रखंडों के युवा मंडलों ने 35 युवा प्रतिभागिता किए। अपर्णा बाला बब्लू कुमार, मिश्रीलाल ने कार्यक्रम में सहयोग किया। मंच का संचालन चंदेश्वर पांडेय, असिस्टेंट सेक्शन आफिसर, राज्य कार्यालय, माय भारत, पटना ने किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का साफ सफाई नदारद

मांझी। मांझी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सफाई कर्मियों द्वारा गुरुवार को साफ सफाई नही किये जाने के कारण गंदगी का अंबार लगा देखकर मरीजों ने नाराजगी प्रकट की। सूचना पाकर सीएचसी पहुंचे मांझी नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पहलवान ने क्षोभ प्रकट किया तथा इसकी शिकायत चिकित्सा प्रभारी डॉ रोहित कुमार से की। बाद में चिकित्सा प्रभारी ने अपने स्तर से परिसर की साफ सफाई कराई जिससे मरीजों ने राहत की सांस ली। इस सम्बंध में पूछे जाने पर डॉ कुमार ने बताया कि सीएस को पत्र भेजकर उन्होंने सफाई कर्मियों की अनुपस्थिति की जानकारी दे दी है। सफाईकर्मियों ने बताया कि पिछले वर्षो से उनके मानदेय का भुगतान कतिपय कारणों से नही हो सका है। इसी वजह से सफाई कर्मी इधर कुछ दिनों से सफाई पर पूरा ध्यान नही दे रहे हैं।

### बुढ़वा गंगा नदी मे स्नान के दौरान दो बालिका डुवने से हुई मौत, खोज बीन जरी

बरियारपुर (मुंगेर) । गुरु पुर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी मे स्नान के दौरान डुवने से दो बालिका के मौत हो गई। इस घटना से परिजनो मे कौहराम मच गया है।पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झोवाबहियार निवासी कुमोद मंडल के बारह वर्षीय पुत्री शोभा कुमारी अपने मामेरी बहन 17 वर्षी गुजा कुमारी पिता रौशन मंडल ग्राम तैलिया बथान जिला खगड़िया से अपने फुफा से मिलने झोवाबहियार आई थी। गुरुवार को गुरु पुर्णिमा के अवसर पर गंगा नदी स्नान करने घर से निकली थी जो स्नान के दौरान गहरे पानी मे चले जाने से वे दोनों के डुवने से मौत हो गया। परिजनों के रो रो के बुरा हाल हो रहा है पड़ोसियों द्वारा इसकी सुचना हरिणमार थाना को दी गई घटनास्थल पर एन डी आर एफ के दल खोज में जुट गई है संवाद भेजें जाने तक खोज बीन जारी है।

### मशरक बंगरा में जांच को गई पुलिस पर हमले की प्राथमिकी दर्ज

मशरक । मशरक थाना क्षेत्र के बंगरा गांव में बुधवार के शाम छेड़खानी मामले के कांड संख्या 306/25 के अनुसंधान करने गई पुलिस टीम पर अचानक परिवार के पुरुष एवम महिला ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। जिसमे पुअनि नंदन कुमार , पीटीसी प्रमोद कुमार दास एवम स्थानीय चौकीदार को चोट आई। जिनकी चिकित्सा मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराई गई। घटना को लेकर पुअनि नंदन कुमार द्वारा मशरक थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है जिसमे कहा गया है कि जैसे प्राथमिकी का अनुसंधान करने पुलिस टीम पहुंची तभी पप्पू यादव पिता अच्छेलाल राय, उनकी पत्नी एवम उनके पुत्र शैलेश कुमार ने गाली गलौज करते हुए हमला बोल दिया इनके साथ गांव के दो तीन अज्ञात लोग भी हमले में शामिल थे। सभी के एक साथ हमला करने से पुलिस बल के साथ मुझे भी चोट आई । मारपीट के क्रम में घड़ी भी टूट गई । हमलावर सभी को जान से मारने की धमकी दे रहे थे। शोर होने पर गांव के लोग दौड़कर पहुंचे तो हमलावर भागने लगे। भागने के क्रम में एक व्यक्ति पप्पू यादव को पुलिस ने पकड़ लिया जिसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जानकारी हो कि इसके पूर्व भी मशरक में पुलिस बल पर हमला की घटना हुई है। कांड संख्या 307/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है। इधर पुलिस से उलझ हमला करने वाले अन्य घर छोड़ फरार बताए जा रहे है।

### स्कूली छात्र को बचाने में बाइक सवार दुर्घटना में घायल, सदर अस्पताल रेफर

मशरक । मशरक से कुरियर लेकर जा रहा बाइक चालक के सामने अचानक एक स्कूली छात्र आ गया, जिसे बचाने के दौरान बाइक दुर्घटना में कुरियर डिलीवर घायल हो गया। घायला बाइक चालक को मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने इलाज किया तथा घायल युवक को बेहतर इलाज हेतु छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल युवक की पहचान मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगौली गांव निवासी चन्द्रेश्वर सिंह का 45वर्षीय अशोक कुमार सिंह के रूप में की गई। जो फ्लीपकार्ड में कर्मी है। वह डिलेवर लेकर मशरक से कोन्ध भगवानपुर गांव बाइक से जा रहा था। इसी बीच फकुली (पानापुर) में बाइक के सामने एक छात्र अचानक आ गया। जिसे बचाने के दौरान बाइक दुर्घटना में घायल हो गया।

### अवैध बालू लोड ट्रक पकड़ा गया, चालक हुआ फरार

मशरक । मशरक थाना रोड मे जांच के दौरान अवैध रूप से बालू लोड एक 10 चक्का ट्रक को पुलिस प्रशासन ने पकड़ा। हलांकि जांच के दौरान ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। इस मामले मे जांच अधिकारी खान निरीक्षक सारण प्रदीप कुमार द्वारा ट्रक मालिक और चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। और ट्रक को मशरक पुलिस के हवाले किया गया।

# पुत्र नहीं रहने के कारण पिता की संपति पर थी पुत्री की नजर, संपति के लालच में कर दी थी पिता हीं हत्या



सहरसा । जिले के पतरघट थाना क्षेत्र अंतर्गत जम्हारा काली स्थान के पास 14 मई 2025 को एक शव बरामद हुआ था। मृतक के भाई ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए सहरसा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष अनुसंधान टीम का गठन किया गया। जहां करीब दो महीने की गहन जांच के बाद पुलिस ने हत्याकांड का उद्भेदन कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक महिला आरोपी पिंकी कुमारी ने स्वीकार किया कि संपत्ति के लालच में उसने अपने पति और एक मित्र के साथ मिलकर साजिश के तहत इस हत्या को अंजाम दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंतोष कुमार, पिता दुखी यादव, संतु कुमार सिंह, पिता तारानंद सिंह, पिंकी कुमारी, पति संतु कुमार सिंह शामिल हैं। इसके साथ ही एक विधि विरुद्ध बालक को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने इस हत्याकांड को योजनाबद्ध षड्यंत्र करार दिया है, जिसका मुख्य उद्देश्य संपत्ति पर कब्जा करना बताया जा रहा है।

# जैंतिया गांव में गंगाराम वेद विद्यालय का हुआ विधिवत शुभारंभ

प्रातः किरण संवाददाता



मांझी। मांझी प्रखंड के जैतिया गांव में गुरुवार को श्रीराम वेद विद्या प्रतिष्ठान द्वारा संचालित बाबा गंगाराम वेद विद्यालय का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर अनेक विद्वान आचार्य, समाजसेवी, ग्रामवासी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। वैदिक यज्ञ, संध्या वंदन, मंगलाचरण और वैदिक विधि से गुरुकुल का उद्घाटन हुआ, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया। विद्यालय के शिक्षकों ने बताया कि यहां वेद, संस्कार, ज्योतिष, कर्मकांड और सनातन संस्कृति की निशुल्क शिक्षा दी जाएगी। हमारा उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा को पुनर्जीवित करना है। हम पारंपरिक गुरुकुल पद्धति के अनुसार शिक्षा प्रदान करेंगे, जिसमें आवासीय सुविधा, भोजन और शिक्षा पूर्णतः निशुल्क होगी। संस्थान के संरक्षक विश्वजीत पाण्डेय ने बताया कि यह गुरुकुल बाबा गंगाराम के नाम पर समर्पित है, जिनकी लोकआस्था और त्याग आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस दौरान गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संस्था द्वारा 10 बच्चों का निःशुल्क उपनयन संस्कार किया गया। हमारा प्रयास है कि बच्चों को सनातन संस्कृति और वेदों की शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी प्रदान की जाए।

# गुरू पूर्णिमा पर निकाली गई कलश शोभायात्रा, अष्टयाम शुरू

उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) । नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 14 रामबाग मुहल्ले में नव स्थापित बजरंग बली मंदिर परिसर से गुरूवार को गुरू पूर्णिमा के अवसर पर कलश शोभायात्रा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सैकड़ों कुवांरी कन्याओं द्वारा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिए। कलश शोभायात्रा का शुभारंभ स्थानीय समाजसेवियों ने संयुक्त रूप से किया। कलशयात्रा मंदिर परिसर से निकलकर रामबाग स्थित कुआं तक पहुंचा। जहां कलश में जलभर मुख्य मार्ग पटेल चौक, चौसा चौक, मुख्य बाजार, बैंक चौक, कालेज चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ स्थानीय पंडित ने कलश पूजा कर स्थल पर स्थापित किया। जहां भक्ति कार्यक्रम शुरू हुआ। यहां पर गुरू पूर्णिमा को लेकर 24 घंटे का रामधुन अष्टयाम शुरू हुआ। ईलाका पूरी तरह भक्तिमय हो गया। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि यहां पर हल वर्ष अषाढ़ माह के पूर्णिमा के अवसर पर ध्वजारोहण किया जाता रहा है। इस बार सार्वजनिक सहयोग से मंदिर का नया निर्माण कार्य हुआ है। मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा स्थापित किया गया है। इस नियति पहली बार अष्टयाम, भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। कई जगह के मंडली भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। यहां पर श्रद्धालुओं के लिए खीर का प्रसाद की व्यवस्था की गई। वहीं दो दिनों तक भंडारा का आयोजन किया गया है। गुरू पूर्णिमा को लेकर मंदिर परिसर का इलाका पूरी तरह भक्तिमय बन गया है।

# श्रावणी मेला को लेकर श्रीढोंढ़नाथ मंदिर तैयार

प्रातः किरण संवाददाता



लहलादपुर । प्रखंड क्षेत्र के दंदासपुर गांव स्थित श्रीढोंढ़नाथ मंदिर एवं मंदिर परिसर में श्रावणी मेला को लेकर तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही है. श्रीढोंढ़नाथ काँवरिया सेवा संघ ने शिवभक्तों तथा कावरियों के निःशुल्क चाय-नास्ता, भोजन, इलाज आदि की व्यवस्था कर ली गयी है. टेंट वैगरह की व्यवस्था होने लगी है. दूकान वैगरह लगने लगी है. बीडीओ नीलेश कुमार, सीओ शम्मी कुमार तथा थानाध्यक्ष टुनटुन कुमार ने काँवरियों की लगने वाली अपार भीड़ को नियंत्रण करने तथा उनके सुरक्षा को लेकर कई बार मुआयना कर लिया है. बताते चलें कि इस बार श्रावण महीना 11 जून शुक्रवार से प्रारम्भ होने वाला है. श्रीढोंढ़नाथ मंदिर में स्थित देवों के देव महादेव का जलाभिषेक करने के लिये लगभग 35किलोमीटर दूर सिमरिया के नाथजी घाट से सरयु नदी का पवित्र गंगाजल कांवर में भरकर काँवरिया आने वाले हैं, जिसमें नेपाल, उड़ीसा, बंगाल, उत्तर प्रदेश के अलावे बिहार राज्य के सिवान, गोपालगंज, मोतिहारी, बेतियाँ आदि-आदि जिले से महिला-पुरुष शिवभक्त कांवर लेकर आते हैं और इसबार भी प्रत्येक वर्ष की भांति शिव भक्तों की अपार भीड़ लगने की संभावना है. खासकर श्रावण के प्रत्येक सोमवार (14, 21 एवं 28 जुलाई तथा 04 अगस्त साथ ही तथा 22 जुलाई त्रयोदशी) को मंदिर में अत्यधिक भीड़ लगने की संभावना है, जिससे निपटने के लिये प्रशासन तथा स्थानीय सहयोगी भी कमर कस चुका है. इस श्रावणी मेला में कुव्यवस्था का आलम यह है कि दूकानदारों से किराया वसूलने वाला ठीकेदार जिन दुकानदार से किराया वसूलता है, उन्हीं दूकानदारों तथा मेलार्थियों के लिये न तो पानी की व्यवस्था किया है और न शौचालय का ही. मंदिर के दक्षिण की ओर मुख्य सड़क से आने वाली रास्ता तथा उत्तर छठ स्थल के समीप वाली सड़क हल्की सी वारिस में कींचड़ में तब्दील हो जाया करती है, जिससे शिवभक्तों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है. . मंदिर परिसर में काँवरिया सेवा संघ के निःशुल्क चाय, नास्ता, भोजन वैगरह के अलावे मंदिर के इर्द-गिर्द या जनता बाजार में एक भी ऐसा भोजनालय नहीं है, जहाँ शिवभक्त बिना लहसुन-प्याज का शुद्ध शाकाहारी भोजन प्राप्त कर सके. मंदिर आने वाली रास्ते के किनारे मांस-मछली की लगने वाली दुकानों से खून के छिंटे उड़कर शिवभक्तों एवं काँवरियों शरीर नापाक होने की पूरी संभावना बनी रहती है, जिसमें जनता बाजार की मुख्य सड़क तो है ही, मुख्य सड़क (चौरसिया पान दूकान) से मंदिर तक जाने वाली रास्ता, गंडकी नदी पर बने पुल के उत्तर सड़क किनारे मुर्गे, बकरी आदि काटे जाते हैं. बरसात के दिनों में शिवभक्तों को छुपने या ठहरने के लिये धर्मशाला नहीं है, एक सरकारी धर्मशाला है भी तो उसे स्थानीय दूकानदार अतिक्रमण किये रहते हैं.

### भिखारी ठाकुर को मिले भारत रत्नः अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक

छपरा कार्यालय। हिमाचल प्रदेश, शिमला के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ने भिखारी ठाकुर के 54 वीं पुण्यतिथि पर अपना संदेश जारी कर उन्हें सरकार से भारत रत्न देने की माँग कीं। सारण निवासी व शिमला के अतिरिक्त डीजीपी जयप्रकाश सिंह ने गुरुवार को पत्र के माध्यम से अपना संदेश जारी कर भोजपुरी में अहम योगदान हेतु भिखारी ठाकुर को भारत के सर्वोच्य नागरिक अलंकार से पुरस्कृत करने की माँग की है। भिखारी ठाकुर के पुण्यतिथि के मौके पर छपरा के भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने शिमला से अपना संदेश भेजा। उन्होंने कहा है कि भिखारी ठाकुर बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे न केवल कवि, नाटककार, साहित्यकार, रंगकर्मी, संगीतकर्मी, नाट्य निर्देशक, अभिनेता थे, बल्कि समाजसुधारक व दार्शनिक भी थे। उन्हें भोजपुरी का शेक्सपियर कहा जाता है। विदेशिया एवं बेटी-बेचवा उनकी कालजयी रचना है। उन्होंने कहा है कि भोजपुरी भाषा मे भिखारी ठाकुर से बड़ा कोई नाम नही है। लेकिन अफसोस है कि ऐसे महान धरोहर को अभी तक राष्ट्रीय स्तर का कोई पुरस्कार या अलंकार नही मिला जिसके वह सच्चे हकदार थे।

# गुरु,शिष्य परंपरा भारतीय जीवन दर्शन की आत्माः प्रो प्रमेंन्द्र कुमार बाजपेई

छपरा कार्यालय। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर इतिहास विभाग ,जय प्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए कुलपति प्रो. प्रमेंन्द्र कुमार बाजपेई ने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय जीवन दर्शन की आत्मा हैं। भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत उच्च और आदरणीय रहा है। गुरु केवल एक शिक्षक नहीं, बल्कि जीवन पथ के मार्गदर्शक, संस्कारों के संवाहक और आत्मबोध के प्रेरक माने जाते हैं। वैदिक काल से लेकर आधुनिक युग तक भारत की शिक्षा और संस्कृति का केंद्रबिंदु गुरु रहा है, जिसने समाज को न केवल ज्ञान दिया, बल्कि विचार और जीवन जीने की कला भी सिखाई। भारतीय परंपरा में कहा गया है आचार्याद्धयं शिष्यं वेदं आदत्ते स चाचार्यत्वं याति। अर्थात गुरु केवल वेद पढ़ाते नहीं, बल्कि उसे जीकर शिष्य को उसकी आत्मा तक पहुँचाते हैं। गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय जीवन दर्शन की आत्मा रही है। संस्कार, श्रद्धा और अनुशासन इस परंपरा की



आधारशिला रहे हैं। ऋषि वशिष्ठ और राम, द्रोणाचार्य और अर्जुन, चाणक्य और चंद्रगुप्त जैसे संबंधों ने केवल ऐतिहासिक घटनाएँ नहीं रचीं, बल्कि मूल्यनिष्ठ नेतृत्व और चरित्र निर्माण के आदर्श प्रस्तुत किए। गुरु का कार्य केवल जानकारी देना नहीं है, बल्कि शिष्य के अंतर्मन को जागृत करना, उसे सही और गलत की पहचान कराना, तथा जीवन के आदर्शों की ओर ले जाना है। इसलिए गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का स्वरूप मानते हुए, भारतीय समाज में ह्यगुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुःह्न जैसे श्लोकों से सम्मानित किया गया। गुरु पूर्णिमा, जो महर्षि वेदव्यास के जन्मदिवस पर मनाई जाती है, इस परंपरा की महत्ता को रेखांकित करती है। यह पर्व हमें गुरु के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर देता है और आत्मचिंतन का भी समय होता है कि क्या हम अपने अंदर के शिष्य को जीवित रख पा रहे हैं? आज जब शिक्षा प्रणाली डिजिटल और यंत्रनिष्ठ होती जा रही है, तब गुरु का स्थान और भी महत्वपूर्ण हो गया है। तकनीक ज्ञान दे सकती है, पर दृष्टि और विवेक केवल एक जीवंत गुरु ही दे सकता है।भारतीय संस्कृति में गुरु न केवल ज्ञानदाता हैं, बल्कि जीवन के सारथी हैं, जो शिष्य को उसकी आत्म-प्राप्ति की ओर अग्रसर करते हैं। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के शोधार्थी एवं निवर्तमान छात्र संघ अध्यक्ष रजनीकांत सिंह ने किया जबकि आभार प्रभाकर कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में प्रो सईद रजा, प्रो सुधीर कुमार सिंह, प्रो कृष्ण कन्हैया, के अतिरिक्त 70 शोधार्थी और विद्यार्थी सम्मिलित हुए।

# यूवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के साथ-साथ सशक्त और सक्षम बनाएगा बिहार युवा आयोग

प्रातः किरण संवाददाता

मुंगेर । जिला जनता दल यू के जिला प्रवक्ता मनोज कुमार रघु ने प्रेस बयान जारी कर राज्य सरकार द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन के निर्णय का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा की यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच और युवाओं के प्रति उनकी प्रतिवर्ता का प्रत्यक्ष प्रमाण है । प्रवक्ता मनोज रघु ने कहा कि बिहार युवा आयोग राज्य के युवाओं को सशक्त आत्मनिर्भर और रोजगार उन्मुख बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है,यह आयोग शिक्षा रोजगार कौशल विकास एवं युवाओं के समग्र कल्याण से जुड़े विषयों पर सरकार को सुझाव देगा और विभिन्न विभागों के साथ संबंध स्थापित कर नीतियों को प्रभावित क्रियान्वयन में सहयोग करेगा। प्रवक्ता रघु ने बताया कि आयोग में एक अध्यक्ष दो उपाध्यक्ष और सात सदस्य होंगे जिनकी अधिकतम उम्र सीमा 45 वर्ष तयकी गई है , यह आयोग राज्य के स्थानीय युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरियों में प्राथमिकता दिलाने, राज्य से बाहर कार्य या अध्यनरत युवाओं के हितों की रक्षा करने ,तथा नशा मुक्ति जैसे सामाजिक सरोकारों पर भी कार्य करेगा, । प्रवक्ता रघु ने कहा कि यह निर्णय बिहार की युवा शक्ति को सही दिशा अवसर और मंच प्रदान करेगा जिससे वे राज्य के विकास में अग्नि भूमिका निभा सके ।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी का यह कदम उनके नेतृत्व की संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता का प्रमाण है जनता दल यूनाइटेड इस निर्णय का अभिनंदन एवं स्वागत करता है और इसे बिहार के सुनहरे भविष्य की आधारशिला मानता है ।

# लायंस क्लब ऑफ छपरा का तीसरा इंस्टॉलेशन कार्यक्रम संपन्न

● डॉ. संदीप कुमार अध्यक्ष, राकेश कुमार मिश्रा दोबारा सचिव निर्वाचित

प्रातः किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा का तीसरा इंस्टॉलेशन समारोह भरत मिलाप चौक के समीप सुपरमार्केट के ऊपर स्थित सभागार में भव्य रूप से आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर के तमाम बुद्धिजीवी, पत्रकार, चिकित्सक व समाजसेवी शामिल रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. गुणवंत कुमार मलिक ने क्लब के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लायंस क्लब ऑफ छपरा ने बीते दो वर्षों में जितना सेवा कार्य किया है, उतना कार्य किसी अन्य क्लब द्वारा नहीं किया गया। उन्होंने नए पदाधिकारियों का उत्साहवर्धन करते हुए समाज सेवा के प्रति उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। इस मौके पर डॉ. एस.के. पांडेय ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और उनकी जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह को क्लब का प्रशासक नियुक्त किया गया। वहीं चार्टर्ड अध्यक्ष सुशील कुमार वर्मा, धनंजय पासवान, सौरभ कुमार पांडेय सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यों को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स में शामिल किया गया। इस अवसर पर डॉ. बबन कुमार सिंह को मेडिकल कैंप चेयरपर्सन, डॉ. मकेश्वर चौधरी को टेल ट्विस्टर व अश्विनी कुमार परमार को पीआरओ नियुक्त किया गया। साथ ही अन्य सदस्यों को विभिन्न समितियों का चेयरपर्सन बनाया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. संदीप कुमार ने अपने कार्यकाल में आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व अध्यक्ष डॉ. विकास कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल में किए गए कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन सदन के समक्ष रखा। सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़ा व धन्यवाद ज्ञापन भी किया। मंच संचालन लायन डॉ. मनोज कुमार वर्मा ने किया। कार्यक्रम में अन्य क्लबों के सदस्य, रोटरी क्लब के सदस्य, शहर के समाजसेवी, पत्रकार व आमंत्रित अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने लायंस क्लब ऑफ छपरा के सामाजिक कार्यों की सराहना की। इस मौके पर विक्की आनंद, जोन चेयरपर्सन डॉ. कामेश्वर राय, डॉ. निशु कुमार, डॉ. अमित रंजन, डॉ. उज्ज्वल कुमार वर्मा, डॉ. मंजय शर्मा, वरुण प्रकाश, कृष्ण जी, अनिल कुमार शर्मा, डॉ. सुनील कुमार शर्मा सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। इसी अवसर पर अभिषेक कुमार व राजू कुमार ने लायंस क्लब ऑफ छपरा की सदस्यता ग्रहण की। दोनों को डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. गुणवंत मलिक व डॉ. एस.के. पांडेय ने पिन पहनाकर सदस्य बनाया। कार्यक्रम के अंत में सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# गरीबनाथ धनौरा से कांवरिया का जत्था बाबा धाम के लिए रवाना



डोरीगंज। श्रावण मास के पवित्र महिना में बाबा बैधनाथ को जलाभिषेक करने के लिए बाबा गरीबनाथ मंदिर धनौरा कोठियाँ से 60 कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। कांवरियों का जत्था माँ अम्बिका भवानी आमी, हरिहरनाथ मंदिर सोनपुर होते हुए सुलतानगंज पहुंचेगी। वहाँ से गंगा स्नान कर जल उठाते हुए बाबा नगरी देवघर में जलाभिषेक कर बासुकीनाथ जाएगी। रास्ते में तारापीठ, राजगीर होते हुए दिनांक 15 जुलाई को वापस आएगी। जत्था का नेतृत्व भाजपा नेता बलेश्वर सिंह कर रहे थे जिसमें कांवरियों के नास्ता खाना का व्यवस्था भी साथ था। नवयुवक कांवरिया संघ धनौरा, कोठियाँ, मुसेपुर, रसलपुर, नरावं, मदनपुर, के दर्जनों व्यवसायी के साथ ग्रामीण भक्त सामिल रहे। जत्था में मौजमपुर पंचायत के सरपंच आदित्य कुमार सिंह,जयप्रकाश सिंह , गजेंद्र सिंह, संतोष सिंह, शिक्षक अवधेश कुमार,म जितेंद्र कुमार सिंह,विजय कुमार सहित 60 लोग कावंर यात्रा में शामिल रहे।

# मिथिला चित्रकला संस्थान, सौरठ में जिलास्तरीय कार्यक्रम होगा आयोजित

मधुबनी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अंतर्गत सभी छः प्रकार की दी जा रही पेंशन की राशि को माह जून 2025 से 400 प्रतिमाह से बढ़ाकर 1100 प्रति माह किया गया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को सहायता और संबल प्रदान करना है ताकि उनके आत्मसम्मान में वृद्धि हो तथा उन्हें गरिमापूर्ण जीवन जीने का अवसर मिले। उक्त बाते जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में सभी बीडीओ,सीडीपीओ सहित जिलास्तरीय पदाधिकारियों से कही। उन्होंने कहा कि 11 जुलाई को माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा सभी छः प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना अन्तर्गत नई दर से पेंशन की राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए जाने के अवसर पर जिला मुख्यालय, प्रखंड मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, नगर निगम/नगर निकाय/ नगर परिषद तथा सभी राजस्व ग्राम स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगे ।जिलाधिकारी ने कार्यक्रम के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका के पदाधिकारियों, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग इत्यादि के जिला स्तर, प्रखंड स्तर एवं पंचायत स्तर के पदाधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी आयोजित कार्यक्रम में संबंधित बीएलओ भी लेंगे भाग,ताकि छुटे हुए लोगों का गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रहण का कार्य भी किया जा सके,इसलिए सभी बीएलओ अनिवार्य रूप उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे ।विदित हो कि पूरे मधुबनी जिले में कुल 6000 जगहों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा माननीय मुख्यमंत्री बिहार के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण लाभुकगण सुनेंगे तथा लाभान्वित होंगे। जिला स्तर पर मधुबनी जिला मुख्यालय स्थित मिथिला चित्रकला संस्थान, सौरठ में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा,जहां जिले की माननीय प्रभारी मंत्री श्रीमती लेशी सिंह भी भाग लेंगी ।सभी प्रखंड मुख्यालय , सभी 386 ग्राम पंचायत, 1116 राजस्व ग्राम के माध्यमिक विद्यालय, सभी 4500 आंगनबाड़ी केंद्र पर भी कार्यक्रम का आयोजन होगा।। प्रत्येक कार्यक्रम स्थल पर पेंशनधारी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम सभी बुनियाद केंद्रों में भी संपन्न किया जायेगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र को दी गयी है ।जिले के संपूर्ण कार्यक्रमों के संपादन हेतु अपर समाहर्ता, मधुबनी को नोडल पदाधिकारी बनाया गया है ।प्रखंड स्तर पर बीडीओ नोडल पदाधिकारी होंगे ।जिला पदाधिकारी,ने कहा कि इसकी पूरी निगरानी एवं मोनिटरिंग के लिये कंट्रोल रूम बनाया गया, जहां से पर्यवेक्षण भी करवाया जाएगा। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता मुकेश रंजन,डीपीआरओ पंचायत राकेश कुमार,डीपीआरओ परिमल कुमार,डीपीएम जीविका आदि उपस्थित थे वहीं सभी बीडीओ, सीओ सहित सभी संबंधित अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।

### कांग्रेस युवाओं को देगी रोजगार

मांझी। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस ने भी युवाओं को लुभानेवाली योजनाओं पर काम शुरू कर दिया है। भारतीय राष्ट्रीय यूथ कांग्रेस के नेता राहुल मिश्रा ने गुरुवार को मांझी के रुद्रा रेस्टुरेंट में पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि 19 जुलाई को बिहार के बेरोजगार युवाओं के लिए युवा कांग्रेस रोजगार मेले का आयोजन करने जा रही है। इस मेले में 150 से अधिक कंपनियां शामिल होंगी। उन्होंने दावा किया कि बिहार के हजारों युवाओं को हाथों हाथ रोजगार मिलेगा। यूथ कांग्रेस के प्रमण्डल प्रभारी परमजीत सिंह पम्मी ने कहा कि यह आयोजन राहुल गांधी के विजन का एक हिस्सा है,जो जयपुर और दिल्ली के सफल रोजगार मेलों के बाद अब बिहार में आयोजित हो रहा है। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विशाल मिश्रा ने बताया कि आवेदकों का रजिस्ट्रेशन पूरी तरह निःशुल्क है और इच्छुक युवा 19 जुलाई को सीधे मेला स्थल पर आकर रोजगार मेले में शामिल हो सकते हैं।

# जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित

मधुबनी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष मे निर्वाचन सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एवं मतदान केन्द्रों का युक्तीकरण कार्यक्रम को लेकर जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए निर्वाचन सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एवं मतदान केन्द्रों का युक्तीकरण कार्यक्रम को लेकर अबतक की प्रगति से संबंधित विस्तार से जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि अपने बीएलए के माध्यम से भी मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को सफल बनवाने में सहयोग अपेक्षित है,ताकि निर्वाचन सूची की शुद्धता में अपेक्षित वृद्धि हो सके ।जिलाधिकारी ने कहा कि मधुबनी जिले में गणना प्रपत्र वितरण,संग्रहण एवं अवलोडिंग का कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है ।सभी विधानसभा क्षेत्रों में बीएलओ एवं बीएलओ सहायक के द्वारा मतदाताओं को प्रपत्र भरने में भी सहयोग भी किया जा रहा है और भरे हुए प्रपत्र का संग्रह भी तेजी से हो रहा है। अभी काफी संख्या में गणना फॉर्म का संग्रहण किया जा चुका है ।उक्त बैठक में बिहार विधान सभा सदस्य समीर महासेठ, बिहार विधान सभा सदस्य अरुण शंकर प्रसाद,उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत शेखर सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के सदस्य उपस्थित थे। हाउस टू हाउस सर्वेक्षणः 25 जून से 26 जुलाई 2025 ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशनः 1 अगस्त 2025 दावे एवं आपत्तिया दाखिल करने की अवधिः 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशनः 30 सितंबर 2025।



# भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड को 6-0 से हराया


**आइंडहोवन, एजेंसी।** भारत-ए पुरुष हॉकी टीम ने मौजूदा यूरोप दौरे के दूसरे मैच में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए आयरलैंड को 6-0 से मात दी। उत्तम सिंह ने एक बार फिर भारत-ए टीम के लिए पहला गोल किया, जिसके बाद कप्तान संजय ने भी गोल दागा। इसके बाद मिडफील्डर मोहम्मद राहिल मोहसिन ने लगातार दो शानदार गोल दागे। वहीं, अमनदीप लाकड़ा और वरुण कुमार ने भी एक-एक गोल किया। भारत-ए ने आयरलैंड को 6-0 से हराकर देश के लिए दूसरी जीत दर्ज की। मैच के बाद कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, आयरलैंड के खिलाफ हमारे दो मैच वाकई शानदार रहे हैं। मैं खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खुश हूं। अब हम फ्रांसीसी टीम से खेलेंगे और उम्मीद है कि हम उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन करेंगे। मंगलवार को, भारत ने हॉकी क्लब



ओरांजे-रूड में आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की थी। उत्तम सिंह ने टीम के लिए पहला गोल किया और बाद में अमनदीप ने टीम की बढ़त को और मजबूत कर दिया। इसके बाद आदित्य लालागे ने लगातार दो गोल दागे। फॉरवर्ड सेल्वम कार्ति और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोरशीट में जगह बनाई। आयरलैंड सिर्फ एक गोल ही कर सका था। भारत अगले दो हफ्तों तक फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगा। यूरोप दौरे पर इन मैच के जरिए खिलाड़ियों की डेप्थ और तैयारी की परीक्षा ली जा रही है। राष्ट्रीय सेटअप भारतीय सीनियर टीम के लिए एक मजबूत प्रतिभा पूल तैयार करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस दौरे के माध्यम से, हॉकी इंडिया का टारगेट भारतीय पुरुष राष्ट्रीय टीम के लिए टैलेंट पूल को मजबूत करना और भारतीय हॉकी के अगले सितारों को अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का एक्सपीरियंस देना है। कप्तान संजय का मानना है कि यह दौरा टीम की ताकत को समझने का एक शानदार मौका है।

## नोवाक जोकोविच 14वीं बार विंबलडन सेमीफाइनल में, विश्व नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा मुकाबला

**लंदन, एजेंसी।** नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पुरुष एकल में रिकॉर्ड 14वीं बार विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में उनका सामना विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर से होगा। अपना 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कवायद में लगे जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में विश्व के 22वें नंबर के



खिलाड़ी फ्लेवियो कोबोली को 6-7 (6), 6-2, 7-5, 6-4 से हराया। सात बार के विंबलडन चैंपियन ने 23 साल के कोबोली के खिलाफ अपने अनुभव का अच?छा प्रदर्शन किया। पहले गेम में शिकस?त झेलने के बावजूद जोकोविक ने हिम्?मत नहीं हारी और कोर्ट पर अपनी शैली का प्रदर्शन करते हुए युवा खिलाड़ी को मात दी। इससे पहले तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर ने शानदार सर्विस और तेज फोरहैंड का इस्तेमाल करते हुए 10वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को 7-6 (2), 6-4, 6-4 से हराया। जोकोविच को सिनर से पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा लेकिन विंबलडन में उन्होंने इटली के इस खिलाड़ी के खिलाफ जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने जीत हासिल की है। जोकोविच ने कहा, ''मैं इस बात को अच्छी तरह से जानता हूं कि इस समय यानिक को हराने के लिए मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच महिला एकल में इगा स्वियाटेक ने 19वीं वरीयता प्राप्त लियुडमिला सैमसोनोवा पर 6-2, 7-5 से जीत के साथ पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। स्वियाटेक फाइनल में जगह बनाने के लिए गैर-वरीयता प्राप्त बेलिंडा बेनसिच से भिड़ेंगी जिन्होंने सातवीं वरीय मीरा एंड्रीवा को 7-6 (3), 7-6 (2) से हराया।

**IPL टिकट घोटाला**

## हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष जगनमोहन गिरफ्तार SRH को ब्लैकमेल करने का आरोप

**हैदराबाद, एजेंसी।** IPL 2025 टिकट घोटाले में हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेजिडेंट ए. जगन मोहन राव को गिरफ्तार किया



गया है। बुधवार को तेलंगाना अपराध जांच विभाग ने उनके साथ चार सीनियर अधिकारी भी हिरासत में लिए गए हैं। गिरफ्तार किए गए अन्य अधिकारी, HCA के कोषाध्यक्ष सी. श्रीनिवास राव, ष्टश्वह्र सुनील कांते, महासचिव राजेंद्र यादव और राव की पत्नी जी. कविता हैं। इन सभी पर सनराइजर्स हैदराबाद को टिकट के लिए ब्लैकमेल करने का आरोप लगा है। BCCI के नियम मुताबिक किसी भी टीम के होम स्टेट स्टेडियम को स्टेडियम की क्षमता का 10त्न पास फ्री मिलता है।

## शुभमन गिल और सचिन की बेटी सारा तेंदुलकर लंदन में युवराज सिंह की डिनर पार्टी में साथ दिखे, फिर उड़ीं डेटिंग की अफवाहें

नई दिल्ली, एजेंसी। लंदन में 8 जुलाई 2025 को पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने अपने YouWeCan फाउंडेशन के लिए एक चैरिटी डिनर का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम में क्रिकेट जगत की कई जानी-मानी हस्तियों ने हिस्सा लिया। इसका उद्देश्य कैंसर जागरुकता और उपचार के लिए धन जुटाना था। इसमें शामिल होने वालों में भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल भी शामिल थे। वह अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचे थे।

**गिल और सारा की तस्वीर और Video Viral -** इस बीच, शुभमन गिल की एक तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। तस्वीर और वीडियो में शुभमन गिल के साथ सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर नजर आ रही हैं। तस्वीर में सारा तेंदुलकर को तिरछी निगाहों से देखते हुए नजर आए। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह तस्वीर उस समय ली गई जब शुभमन गिल डिनर में शामिल हुए और सारा तेंदुलकर पहले से ही वहां मौजूद थीं।





**पहले भी उड़ी थीं दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहें -** इससे शुभमन गिल के साथ उनके रिश्ते को लेकर चल रही अटकलों को फिर बल मिला। इससे पहले भी दोनों के बीच डेटिंग की अफवाहें उड़ी थीं। दरअसल, दोनों सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को फॉलो करते थे। हालांकि, शुभमन और सारा दोनों ने कभी इन अफवाहों पर सार्वजनिक रूप से टिप्पणी नहीं की। दोनों ने सोशल मीडिया पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया, जिससे इन अटकलों पर विराम लग गया। इसके बावजूद चैरिटी डिनर में दोनों की उपस्थिति ने प्रशंसकों के बीच फिर से दिलचस्पी जगा दी है। शुभमन की बहन शहनील गिल को सारा इंस्टाग्राम पर फॉलो करती हैं।

## करुण नायर तीसरे नंबर के खिलाड़ी नहीं हैं, लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले बोले मांजरेकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** करुण नायर ने बड़े उत्साह के साथ भारतीय टीम में वापसी की थी लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ अभी तक उनका बल्ला नहीं चला है। ऐसे में पूर्व भारतीय क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने करुण को तीन नम्बर का खिलाड़ी मानने से इंकार किया है। भारत ने दूसरे टेस्ट में 336 रन से बड़ी



जीत दर्ज करते हुए पांच मैचों की सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ 1-1 से बराबरी की है। मांजरेकर ने कहा, पिछले मैच में कुछ बेहद दिलचस्प चयन हुए थे जिनसे मैं सहमत नहीं था। आखिरकार, एक जीत उन फैसलों पर पर्दा डाल सकती है। मुझे लगा था कि सिर्फ एक मैच के बाद साई सुदर्शन को टीम से बाहर कर दिया जाएगा, क्योंकि वह एक युवा खिलाड़ी हैं और हम भविष्य के लिए उन पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने दूसरी पारी में काफी अच्छा प्रदर्शन किया। मैं उनके साथ रहना चाहता हूं, लेकिन यह टीम प्रबंधन थोड़ा अलग है और वे माहौल के अनुसार बदलाव करने से नहीं डरते। मांजरेकर ने साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर खिलाने की वकालत की और साथ ही करुण नायर की इस जगह पर उपयुक्तता पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा,मैं साई सुदर्शन को तीसरे नंबर पर देखना चाहूंगा। मेरी नजर में करुण नायर तीसरे नंबर के खिलाड़ी नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर सभी बड़े शतक लगा रहे हैं, तो उन्हें एक टेस्ट के बाद बाहर करना अनुचित है। मुझे लगता है कि साई भी इस मौके के हकदार हैं। मांजरेकर ने करुण नायर के चयन और टीम में वापसी के भावनात्मक संदर्भ का हवाला देते हुए उनका समर्थन किया। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूँ कि करुण नायर को उनके चयन और वापसी की कहानी के कारण एक और मौका मिले।

# भारतीय विमेंस टीम पहली बार इंग्लैंड में टी-20 सीरीज जीती

### ● चौथा मुकाबला 6 विकेट से जीता; दीप्ति के 300 इंटरनेशनल विकेट पूरे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार इंग्लैंड की सरजमीं पर टी-20 सीरीज जीत ली है। टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में इंग्लैंड विमेंस टीम को 6 विकेट से हरा दिया है। टीम पांच मैचों की सीरीज में 3-1 से आगे है। 15 रन देकर 2 विकेट लेने वाली राधा यादव को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। वहीं, दीप्ति शर्मा ने विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। पांचवां और आखिरी टी-20 12 जुलाई को एजबेस्टन में खेला जाएगा। उसके बाद तीन मैचों की ODI सीरीज खेली जाएगी।

**स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए -** इंग्लैंड ने बुधवार को खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 126 बनाए। सोफिया डंकली ने सबसे ज्यादा 22 रन की पारी खेली। भारत के लिए राधा यादव और श्री चारणी ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में स्मृति मंधाना (32) और शेफाली वर्मा (31) की पारियों के दम पर भारतीय टीम ने 17 ओवर में 4 विकेट खोकर जीत दर्ज कर ली।



**दीप्ति ने पूरे किए 300 इंटरनेशनल विकेट -** दीप्ति शर्मा ने विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 300 विकेट पूरे कर लिए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी-20 मुकाबले में उन्होंने 1 विकेट लेकर यह उपलब्धि हासिल की। साथ ही दीप्ति अब विमेंस टी-20 इंटरनेशनल में दूसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने 128 मैचों में 145 विकेट अपने नाम किए हैं। दीप्ति से आगे सिर्फ ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट्ट हैं, जिनके नाम 151 विकेट हैं।

**भारत सीरीज में 3-1 से आगे -** भारत ने पहला मुकाबला 97 रन से जीता था। यह इंग्लैंड के खिलाफ विमेंस टीम की टी-20 में अब तक की सबसे बड़ी जीत थी। दूसरे मैच में इंग्लैंड को 24 रन से हार झेलनी पड़ी। इंग्लैंड ने तीसरा मुकाबला 5 रन से जीता था।

## शुभमन गिल के सामने 1595 दिन बाद फिर आया सबसे बड़ा सवाल, लॉर्ड्स में कैसे टूटेगा 35 साल का तिलिस्म?

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल जबरदस्त फॉर्म में है. इंग्लैंड में खेली जा रही टेस्ट सीरीज के पहले 2 मैचों में वो 585 रन बना चुके हैं. अब भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा मुकाबला लॉर्ड्स में चल रहा है. हालांकि, इस मैदान पर उतरने



से पहले शुभमन गिल के सामने 1595 दिन बाद फिर सबसे बड़ा सवाल आ खड़ा हुआ है. पिछले दो टेस्ट में तो उस सवाल से भारतीय कप्तान का पाला नहीं पड़ा, मगर लॉर्ड्स में पड़ने वाला है, उसकी पूरी गारंटी है. हम यहां जिस सवाल की बात कर रहे हैं, उसका ताल्लुक इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से है.

**1595 दिन बाद फिर से सबसे बड़ा सवाल -** लॉर्ड्स टेस्ट से जोफ्रा आर्चर क्रिकेट के लंबे फॉर्मेट में 1595 दिन बाद वापसी करने की. उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट भारत के खिलाफ 25 फरवरी 2021 को खेला था. तब से पूरे 1595 दिन बाद आर्चर फिर से टेस्ट क्रिकेट खेलने मैदान पर उतरने वाले हैं. अब आप सोच रहे होंगे कि आर्चर की वापसी भारतीय कप्तान शुभमन गिल के लिए सवाल कैसे हुई? तो इसका जवाब उन दोनों के बीच के रिकॉर्ड में छिपा है?

**टेस्ट में गिल Vs आर्चर -** जोफ्रा आर्चर ने जो अपना आखिरी टेस्ट भारत के खेला था, उसमें भी उन्होंने शुभमन गिल को आउट किया था. टेस्ट क्रिकेट में अब तक शुभमन गिल ने जोफ्रा आर्चर की 28 गेंदों का सामना किया है, जिसमें वो 2 बार आउट हुए हैं. इस दौरान गिल ने आर्चर के खिलाफ 9 की मामूली औसत से सिर्फ 18 रन बनाए हैं. अब ऐसे रिकॉर्ड के साथ तो लॉर्ड्स में 35 साल से चला आ रहा तिलिस्म टूटने से रहा.

**लॉर्ड्स में कैसे टूटेगा 35 साल का तिलिस्म -** दरअसल, पिछले 35 सालों से लॉर्ड्स के मैदान पर कोई भी भारतीय कप्तान फिफ्टी प्लस स्कोर नहीं बना पाया है. और, यही वो तिलिस्म है, जिसकी हम बात कर रहे हैं. शुभमन गिल के फॉर्म को देखते हुए इस बार उसके टूटने की उम्मीद की जा रही थी, मगर अब जोफ्रा आर्चर के तौर पर 1595 दिन बाद सबसे बड़ा सवाल सामने आकर खड़ा हो गया है. ऐसे में देखना दिलचस्प रहेगा कि गिल और आर्चर की लड़ाई में इतिहास पलटता है या खुद को दोहराता है.

## रणजी हीरो गुरविंद्र टोली अपनी जमा पूंजी से बना रहे क्रिकेट का ड्रीम ग्राउंड, जीवन भर की कमाई लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिरकी से बल्लेबाजों को नचाने वाले पूर्व ऑफ स्पिनर गुरविंद्र सिंह टोली अब ऐसा मैदान के निर्माण में जुटे हैं, जहां भविष्य की ऐसी पौध तैयार हो जो अंतरराष्ट्रीय फलक पर चमक बिखरे। पूर्व रणजी खिलाड़ी इसके लिए पांवटा साहिब के बहराल में क्रिकेट ग्राउंड का अपनी जमा पूंजी से निर्माण करवा रहे हैं।

हिमाचल के पूर्व रणजी क्रिकेटर गुरविंद्र सिंह टोली का सपना देश-प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी तैयार करना है। इसके लिए जीवन भर की जमा पूंजी व भारी कर्ज लेकर खुद ही क्रिकेट मैदान तैयार कर रहे हैं। ये मैदान सितंबर तक पूरी तरह तैयार हो जाएगा।

बता दें कि पांवटा साहिब के बहराल निवासी गुरविंद्र सिंह टोली हिमाचल के सबसे सफल ऑफ स्पिनर रहे हैं। उन्होंने रणजी में 121 विकेट लिए हैं। हिमाचल की विजय हजारे विजेता और उप विजेता रहने वाली टीम के वे सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने पांवटा के एकमात्र नगर परिषद के छोटे से मैदान खेलने की शुरुआत की और रणजी तक की सफलता प्राप्त की। उन्हें बचपन से क्रिकेट का गजब जुनून है जो संन्यास के बाद भी कम नहीं हुआ है। उन्होंने 19 फरवरी 2024 को रणजी से संन्यास लिया। इसके बाद 21 जून से बहराल में क्रिकेट अकादमी शुरू की। शहर में क्रिकेट के मापदंडों अनुसार कोई मैदान नहीं है। इसे देखते हुए उन्होंने बहराल में ही अपनी 5 बीघा भूमि पर मैदान बनाना शुरू किया। इसके बाद आसपास के भूमि मालिकों से लीज पर और भूमि ली। अब जमीन 22 बीघा हो चुकी है। बहराल में क्रिकेट मैदान तैयार किया गया है। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार मैदान की दोनों तरफ बीच से आमने-सामने 70-70 मीटर लंबाई है। स्कवायर बाउंड्री 58 और 60 मीटर है। टर्फ सहित चार पिच लगभग तैयार है। 10 नेट प्रेक्टिस के विकेट तैयार किए जा रहे हैं। मैदान समतल कर तैयार किया गया है। इसमें विशेष घास लगाई जाएगी। सितंबर माह तक मैदान पूरी तरह तैयार होगा।

# लॉर्ड्स के MCC म्यूजियम में सचिन तेंदुलकर की पेंटिंग

**18 साल पुरानी फोटो से बनी पेंटिंग, सचिन बोले- मेरे लिए यह सम्मान का पल**

**लंदन, एजेंसी।** भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरे टेस्ट मैच की शुरुआत से पहले लॉर्ड्स के फेमस मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब म्यूजियम में क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की एक खास पेंटिंग का उद्घाटन किया गया।यह पेंटिंग आर्टिस्ट स्टुअर्ट पियर्सन राइट ने बनाई है, जो एक फोटो के आधार पर तैयार की गई है। यह फोटो उन्होंने सचिन के घर पर करीब 18 साल पहले ली थी। यह पेंटिंग इस साल के अंत तक MCC म्यूजियम में रहेगी, इसके बाद इसे लॉर्ड्स के ऐतिहासिक पवेलियन में लगाया जाएगा।

**यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है- तेंदुलकर -** तेंदुलकर ने इस अवसर पर कहा, यह मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान है। 1983 में जब भारत ने वर्ल्ड कप जीता था, तब मैंने पहली बार लॉर्ड्स को देखा था। मैंने हमारे कप्तान कपिल देव को ट्रॉफी उठाते देखा था, और वहीं से मेरी क्रिकेट यात्रा शुरू हुई थी। आज जब मेरी पेंटिंग लॉर्ड्स के पवेलियन में लगी है, तो लगता है कि मेरी यात्रा अब पूरी हो गई है। अपने करियर को याद करता हूं तो चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। यह पल बेहद खास है।



**मैंने नए तरीके से बनाया- राइट -** कलाकार स्टुअर्ट राइट ने कहा, MCC नहीं चाहता था कि यह पेंटिंग भी पहले जैसी हो, इसलिए मैंने एक नया तरीका अपनाया। मैंने सचिन के चेहरे पर ध्यान केंद्रित किया और उन्हें हीरो की तरह दिखाने के लिए पेंटिंग को बड़ा आकार दिया। उन्होंने आगे कहा कि मैंने हमेशा बैकग्राउंड को साधारण रखा है ताकि ध्यान सिर्फ व्यक्ति पर बना रहे। यह पेंटिंग सचिन तेंदुलकर के लंबे और गौरवशाली करियर के लिए हैं।

**घिसे हुए एल्यूमिनियम से बनाया गया -** पेंटिंग रिलीज में बताया गया कि जैसे-जैसे पेंटिंग पर काम आगे बढ़ा, कलाकार ने इसमें बदलाव किए और आखिर में यह अब्रेसिव एल्युमिनियम (घिसे हुए एल्यूमिनियम) पर तेल चित्र के रूप में तैयार हुई। इसका बैकग्राउंड ऐब्स्ट्रैक्ट है, जो सचिन की पुरानी बैटिंग को दर्शाता है। राइट इससे पहले कपिल देव, बिशन सिंह बेदी और दिलिप वेंगसरकर की भी पेंटिंग बना चुके हैं।

**पिछले 30 सालों से चल रहा प्रोग्राम -** MCC का लॉर्ड्स पोर्टेट प्रोग्राम पिछले 30 सालों से चल रहा है, लेकिन MCC ने 1950 के दशक से ही कला और ऐतिहासिक चीजें इकट्ठा करना शुरू किया था। स्ब्ष्ट म्यूजियम यूरोप का सबसे पुराना स्पोर्ट्स म्यूजियम है। लॉन्ग रूम गैलरी को खेल जगत की सबसे ऐतिहासिक गैलरी माना जाता है। MCC के पास करीब 3,000 तस्वीरें हैं, जिनमें से लगभग 300 पोर्ट्रेट्स हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसवायएल विवाद पर भगवंत मान की सलाह- सिंधु जल समझौता तोड़ ही दिया, चिनाब का पानी लाएं



**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाब के चीफ मिनिस्टर भगवंत मान ने हरियाणा के साथ चल रहे सतलज यमुना लिंक नहर पर विवाद को लेकर मजेदार सुझाव दिया है। उनका कहना है कि नहर के पानी को लेकर विवाद पूरी तरह से खत्म हो सकता है, यदि इसमें चिनाब नदी का पानी डाल दिया जाए। उनका कहना है कि इससे इतना पानी आ जाएगा कि पंजाब, हरियाणा के साथ ही राजस्थान और मध्य प्रदेश तक की जरूरतें पूरी हो सकेंगी। उन्होंने जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की ओर से बुलाई मीटिंग के दौरान यह सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि फिलहाल तो हमारे पास एक बूंद पानी भी अतिरिक्त नहीं है, जो हरियाणा या फिर किसी अन्य राज्य को दिया जाए। उन्होंने कहा कि चिनाब नदी के पानी को पंजाब की ओर डायवर्ट करने का काम तेजी से शुरू करना चाहिए। यह पानी आ जाए तो उसे हरियाणा, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों के साथ साझा किया जा सकेगा। सिंधु जल समझौते के तहत सिंधु रिवर सिस्टम की तीन पश्चिमी नदियों सिंधु, झेलम और चिनाब के पानी पर पाकिस्तान को अधिकार दिया गया है। लेकिन भारत ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से समझौता स्थगित कर दिया है। फिलहाल सतलज-यमुना लिंक नहर को लेकर 5 अगस्त को फिर से मीटिंग का फैसला लिया गया है। इसके अलावा 13 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। माना जा रहा है कि पंजाब सरकार की ओर से चिनाब नदी को डायवर्ट करने की बात सुप्रीम कोर्ट में भी रखी जा सकती है। इस मामले में मध्यस्थता के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जल शक्ति मंत्री को कहा था, लेकिन आपसी सहमति से फिलहाल मसले का हल निकलता नहीं दिख रहा है। इस मीटिंग में भगवंत मान ने मौजूदा स्थिति में तो पानी रिलीज करने से इनकार कर दिया, लेकिन एक नया ही सुझाव देने लगे। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता टूटने से एक अवसर मिला है और चिनाब का पानी यहां लाकर मसले का हल निकाला जा सकता है। इससे पंजाब, हरियाणा समेत देश के कई राज्यों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

### अरुणाचल की सीमा तिब्बत से लगती है, न कि चीन सेः मुख्यमंत्री पेमा खांडू

**इटानगर, एजेंसी।** अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को चीन को करारा जवाब देते हुए कहा कि उनका राज्य चीन नहीं, तिब्बत से 1,200 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। उन्होंने चीन की बार-बार अरुणाचल पर दावा जताने की निंदा करते हुए कहा कि यह ऐतिहासिक और भौगोलिक रूप से गलत और भ्रामक है। दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए खांडू ने यारलुंग त्सांगपो (भारत में ब्रह्मपुत्र) नदी पर दुनिया की सबसे बड़ी बांध परियोजना के रूप में एक पानी बम करार दिया। पेमा खांडू ने कहा, हां, आधिकारिक रूप से अब तिब्बत अब चीन के अधीन है, लेकिन मूल रूप से अरुणाचल प्रदेश की सीमा तिब्बत से लगती है, न कि चीन से। उन्होंने इंटरव्यू के दौरान तुरंत हस्तक्षेप करते हुए कहा कि भारत के किसी भी राज्य की सीधा सीमा चीन से नहीं लगती, बल्कि तिब्बत से लगती थी जिसे 1950 में चीन ने बलपूर्वक कब्जा कर लिया। पेमा खांडू ने चीन द्वारा यारलुंग त्सांगपो नदी पर बनाए जा रहे दुनिया के सबसे बड़े डैम प्रोजेक्ट को पानी का बम बताते हुए गंभीर चेतावनी दी। उन्होंने कहा, चीन किसी अंतरराष्ट्रीय जल संधि का हिस्सा नहीं है और उस पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। यदि उन्होंने अचानक डैम का पानी छोड़ा, तो अरुणाचल की सियांग घाटी पूरी तरह तबाह हो जाएगी। उन्होंने कहा कि आदि जनजाति और अन्य समुदायों पर इसका विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र सरकार के साथ विचार-विमर्श के बाद अरुणाचल ने सियांग अपर मल्टीपर्पस प्रोजेक्ट की रूपरेखा बनाई है।

# पहले डिप्टी सीएम की पार्टी के एमएलए ने स्टाफ को पीटा, अब कैंटीन का लाइसेंस कैंसल

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ ने बासी भोजन परोसे जाने पर मुंबई के जिस विधायक हॉस्टल कैंटीन के एक कर्मचारी को कथित तौर पर थप्पड़ मारा था, अब उस कैंटीन का लाइसेंस कैंसल कर दिया गया है। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने खाने की खराब क्वालिटी के आरोपों पर कैंटीन का लाइसेंस रद्द कर दिया है।

मंगलवार को दाल का खराब क्वालिटी पर शिवसेना विधायक भड़क उठे थे और कैंटीन के स्टाफ पर मुक्कों की बरसात कर दी थी और उसे धक्का भी दिया था। विधायक द्वारा कैंटीन स्टाफ की पिटाई की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना से राज्य में विवाद छिड़ गया है और शिवसेना नेताओं के आचरण पर सवाल उठ रहे हैं।





**एफडीए ने रद्द किया लाइसेंसः** विवादों के बीच, कैंटीन का लाइसेंस रद्द करने का फैसला महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) द्वारा भोजन के नमूने एकत्र करने के कुछ घंटों बाद आया है। विधायक ने आरोप लगाया था कि उन्हें बासी खाना परोसा गया था। उसके बाद एफडीए हरकत में आया है।

**मुख्यमंत्री ने एमएलए के कृत्य को बताया था अनुचितः** बुलढाणा विधायक के इस कृत्य का वीडियो आज वायरल हुआ है, जिसकी मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ-साथ विपक्षी दलों ने भी निंदा की है। इस मामले की गूंज आज विधान मंडल में भी सुनाई दिया। मुख्यमंत्री ने इस कृत्य को गलत करार देते हुए कहा कि इससे सत्ताधारी गठबंधन के सभी विधायकों के बारे में यह गलत संदेश गया है कि वे सत्ता का दुरुपयोग करते हैं। उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने भी अपनी पार्टी के नेता के कृत्य को अनुचित बताया है।

**विधायक के खिलाफ अभी तक नहीं शिकायतः** एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि विधायक के खिलाफ अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। यह घटना 'आकाशवाणी एमएलए' हॉस्टल में हुई और इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो में विधायक गायकवाड़ कैंटीन संचालक को फटकार लगाते हुए, बिल के भुगतान से इनकार करते हुए और 'बिलिंग काउंटर' पर बैठे कर्मचारी को थप्पड़ मारते हुए नजर आ रहे हैं।

**बहस के बाद मारपीटः** इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए गायकवाड़ ने एक क्षेत्रीय समाचार चैनल से कहा, ''मैंने दो-तीन बार पहले भी भोजन की खराब गुणवत्ता की शिकायत की थी। लेकिन इस बार तो भोजन बिल्कुल खराब था। मैं यह मुद्दा विधानसभा के मौजूदा सत्र में जरूर उठाऊंगा।'' सूत्रों के अनुसार, मंगलवार रात को गायकवाड़ ने विधायक हॉस्टल के कैंटीन से खाना मंगवाया था। जब उनके कमरे में दाल और चावल पहुंचा, तो वह बासी और बदबूदार लगा।सूत्रों ने बताया कि इससे नाराज होकर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के विधायक गायकवाड़ सीधे कैंटीन में पहुंचे और उनकी वहां प्रबंधक से तीखी बहस हुई।

## महिलाओं के वीडियो बनाने पर बेंगलुरु में बढ़ा बवाल, हिरासत में आरोपी गुरदीप

**बेंगलुरु, एजेंसी।** इंस्टाग्राम पर महिलाओं की तस्वीरें और रील वायरल करने पर बेंगलुरु में विवाद बढ़ता जा रहा है। महिलाओं के विरोध के बाद पुलिस हरकत में आई है और ऐसे एक चैनल को चलाने के आरोपी गुरदीप सिंह को हिरासत में लिया गया है। 26 साल के गुरदीप पर आरोप है कि उसने बिना परमिशन के महिलाओं की तस्वीरें लीं और फिर उन्हें इंस्टाग्राम पर अपलोड किए। महिलाओं के कई वीडियो भी शेयर किए गए। इन वीडियोज और तस्वीरों को लेकर महिलाओं की आपत्ति है। महिलाओं का कहना है कि आखिर क्यों उनकी परमिशन के बिना तस्वीरें और वीडियो लिए गए और उन्हें वायरल कराया गया। यह उनकी निजता का हनन है।

आरोपी गुरदीप सिंह होटल मैनेजमेंट में ग्रैजुएशन कर चुका है, लेकिन फिलहाल वह बेरोजगार है। उसे बेंगलुरु के केआर पुरम इलाके से पकड़ा गया है, जहां वह अपने भाई के साथ रहता है। सेंट्रल बेंगलुरु में स्थित चर्च स्ट्रीट पर ये वीडियो और फोटो लिए गए हैं। इनमें बेंगलुरु की मशहूर चर्च स्ट्रीट को दिखाने की कोशिश है, लेकिन महिलाओं की आपत्ति है कि आखिर हमारी तस्वीरें और वीडियो कैसे कोई बिना परमिशन के ले सकता है। एक युवती का कहना है कि उसने जब इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें और वीडियो देखीं तो आपत्ति जताई। लेकिन उन्हें हटाया नहीं गया। युवती ने एक पोस्ट में कहा, यह शख्स चर्च स्ट्रीट पर यह कहते हुए घूमता है कि वह यहां का क्राउड दिखा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि वह यहां पर महिलाओं को फॉलो करता है और उनके वीडियो बनाता है। तस्वीरें लेता है। यहां तक कि वह यह सब कुछ छिपकर करता है। आखिर कैसे किसी भी महिला की तस्वीर या फिर वीडियो बिना उसकी परमिशन के शूट की जा सकती हैं और उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड किया जा सकता है। युवती ने कहा कि ऐसे वीडियो और तस्वीरें पोस्ट होने के बाद से उसे सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने भद्दे मेसेज भी भेजे।

## जयपुर सेंट्रल जेल में टॉर्चर की फीसः कैदी को सताने की धमकी देकर मांगे 70 हजार

**जयपुर , एजेंसी।**
जयपुर सेंट्रल जेल, जिसे अपराधियों के लिए सबसे सुरक्षित जेल माना जाता है, अब खुद अपराध की अंधेरी परतों में फंसती नजर आ रही है। राजस्थान एसीबी की एक चौंकाने वाली कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि जेल के अंदर का सिस्टम सिर्फ बंद दरवाजों तक सीमित नहीं है, बल्कि वहां इंसाफ का सौदा भी खुलेआम चल रहा है। एक जेल प्रहरी को कैदी को प्रताड़ित न करने के बदले 70 हजार की रिश्वत मांगते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है।

मामला एक ऐसे गैंगस्टर टाइप आरोपी से जुड़ा है, जो कुछ ही दिन पहले जयपुर सेंट्रल जेल में शिफ्ट हुआ था। इसी कैदी के भाई को जेल प्रहरी जगवीर सिंह ने कॉल कर धमकी दी—अगर पैसे नहीं दिए गए, तो तुम्हारे भाई को अंदर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाएगा। ये कोई सामान्य मांग नहीं थी, बल्कि एक डरावनी डील थी जिसमें रिश्वत इंसाफ की कीमत बन चुकी थी। कैदी के भाई ने डरने के बजाय एसीबी का दरवाजा खटखटाया और पूरे मामले की शिकायत की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होते ही एसीबी ने ट्रैप रचने की रणनीति बनाई और शिकायतकर्ता को 26,000 की पहली किस्त देने को कहा।

ठीक योजना के तहत जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपी को रिश्वत की रकम सौंपी, एसीबी की टीम ने दबिश दी और जेल प्रहरी जगवीर सिंह को रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी के पास से पूरी रिश्वत राशि बरामद हुई। ये गिरफ्तारी केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि जेल के भीतर सक्रिय एक भयावह और भ्रष्ट सिस्टम की पोल खोलती है।

सवाल यह है कि जब जेल प्रहरी ही सुरक्षा और कानून के नाम पर डर का कारोबार करने लगे, तो अंदर कैदी कितना सुरक्षित है? ये रिश्वत किसी मोबाइल या सुविधा के लिए नहीं थी, ये रिश्वत थी टॉर्चर नहीं करने की। यानि जो व्यक्ति पहले ही कोर्ट द्वारा सजा भुगतने जेल भेजा गया है, उसे वहां भी मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना से बचने के लिए पैसे देने पड़ें—ये जेल प्रशासन के लिए सबसे शर्मनाक स्थिति है। डीआईजी जयपुर द्वितीय राहुल कोटोकी ने भी माना कि जेल में किसी भी आरोपी से इस तरह का अमानवीय व्यवहार किया जाना नियमों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने बताया कि जिस कैदी की बात हो रही है, वह फिरौती मांगने जैसे गंभीर अपराध में बंद है, लेकिन उसके साथ जेल में होने वाला कोई भी बर्ताव कानून की सीमाओं में होना चाहिए। एसीबी ने गिरफ्तारी के बाद आरोपी के आवास पर भी छापा मारा।

अनुष्ठानिक कार्यक्रम के साथ महाआरती

# गुरु पूर्णिमा पर सीएम योगी ने किया महायोगी गोरखनाथ का विशेष पूजन

**गोरखपुर, एजेंसी।**
गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का पारंपरिक रूप से विशेष पूजन किया। उन्होंने अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ, दादागुरु महंत दिग्विजयनाथ और योगिराज बाबा गंभीरनाथ समेत नाथपंथ के सभी गुरुओं की श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।





सुबह पांच बजे से शुरू हुए गुरु पूर्णिमा के विशेष अनुष्ठान की पूर्णता सामूहिक महाआरती के साथ हुई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर स्थित सभी देव विग्रहों एवं गुरुओं की प्रतिमाओं का पूजन कर लोकमंगल की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद भी अर्पित किया। मुख्यमंत्री योगी ने देशवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं और गुरु परंपरा के महत्व को रेखांकित किया। आदित्यनाथ जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं, गुरु गोरखनाथ जी तथा नाथपंथ के गुरुजन का दर्शन-पूजन उनकी दिनचर्या का हिस्सा होता है। पर, गुरु पूर्णिमा का अवसर गोरखनाथ मंदिर में विशिष्ट पूजा का होता है। गुरुवार को गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महायोगी गुरु गोरखनाथ सहित मंदिर परिसर में मौजूद सभी देव विग्रहों और नाथपंथ के गुरुओं की प्रतिमाओं के समक्ष विधि विधान के साथ पूजन किया। अनुष्ठानिक कार्यक्रमों के क्रम में उन्होंने सबसे पहले नाथपंथ के आदिगुरु भगवान गोरखनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उनकी पूजा की। योगी परिसर में मौजूद सभी देव-विग्रहों के पास पहुंचे और उनका पूजन किया। उसके बाद वह बारी-बारी से बाबा गंभीरनाथ, अपने दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ और गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ समेत ब्रह्मलीन गुरुओं की समाधि पर गए। सभी का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन कर आशीर्वाद लिया। गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार गुरु गोरखनाथ को रोट का महाप्रसाद भी अर्पित किया गया। पूजा-अर्चना की अनुष्ठानिक प्रक्रिया संपन्न होने के बाद गुरु पूर्णिमा पर होने वाली परंपरागत महाआरती हुई तथा सभी गुरुओं के प्रति आस्था निवेदित की गई।

# अमेरिका से कोविड डेटा चुराने का आरोपी चीनी हैकर इटली में गिरफ्तार

**रोम, एजेंसी।** इटली के अधिकारियों ने मिलान के मालपेंसा एयरपोर्ट पर एक चीनी नागरिक ज़ू जेवेई को अमेरिका के अंतरराष्ट्रीय वारंट के बाद गिरफ्तार किया है.ज़ू जेवेई पर आरोप है कि वह चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय के निर्देश पर अमेरिका में कोविड-19 वैक्सीन रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों को निशाना बनाता था.अमेरिका ने ज़ू जेवेई को टेक्सास में प्रत्यर्पित करने के लिए इटली को औपचारिक अनुरोध भेजा है, जहां वह हैकिंग और पहचान चोरी के आरोपों का सामना करेगा.

इटली के अधिकारियों ने एक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है, जिस पर संयुक्त राज्य अमेरिका ने एक चीनी सरकार द्वारा प्रायोजित हैकिंग समूह का हिस्सा होने का आरोप लगाया है. दावा है कि इस हैकिंग समूह ने 2020 की शुरुआत में जब कोरोना महामारी अपने चरम पर थी, तब चीन की खुफिया एजेंसी के लिए अमेरिका से कोविड-19 वैक्सीन से जुड़े सिक्रेट चुराए थे. इटली के अधिकारियों के अनुसार, अमेरिका द्वारा इस चीनी नागरिक- ज़ू जेवेई के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय वारंट जारी करने के बाद, उसे 3 जुलाई को मिलान के मालपेंसा एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था.

33 साल के जेवेई पर चीन के राज्य सुरक्षा मंत्रालय के इशारे पर अमेरिका स्थित यूनिवर्सिटीज, इम्यूनोलॉजिस्ट और कोविड -19 के वैक्सीन, उपचार और टेस्ट पर रिसर्च करने वाले वायरोलॉजिस्ट को टारगेट करने के लिए काम करने का आरोप लगाया गया है. इस मामले में एक अन्य व्यक्ति झांग यू पर भी इस गतिविधि में भाग लेने का आरोप लगाया गया है, जिसके बारे में माना जाता है कि वह चीन में है. जेवेई को मंगलवार को मिलान के एक कोर्ट में पेश किया गया. अमेरिकी न्याय विभाग ने उसे अमेरिका के टेक्सास में प्रत्यर्पित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जहां वह वायर धोखाधड़ी, पहचान की चोरी और हैकिंग से संबंधित आरोपों का सामना कर रहा है. इटली के न्याय मंत्रालय ने पुष्टि की कि अमेरिका ने जेवेई को अपने देश में लाने के लिए औपचारिक रूप से रोम को प्रत्यर्पण अनुरोध भेजा है. यह चीनी नागरिक हाफनियम नाम के हैकिंग समूह से जुड़ा था, जिस पर 2021 में एक बड़े पैमाने पर जासूसी अभियान में माइक्रोसॉफ्ट ईमेल सॉफ्टवेयर में घु3पैठ करने का आरोप लगाया गया था. वाशिंगटन, डीसी में चीनी दूतावास ने कहा कि उसे जेवेई के मामले की कोई जानकारी नहीं है. लेकिन साथ ही उसने यह भी कहा कि इसी तरह की अफवाहें पहले भी कई बार सामने आई हैं, और चीन पहले ही इस मामले पर अपना स्टैंड बता चुका है. दूतावास के प्रवक्ता लियू पेंग्यू ने सीएनएन को दिए एक बयान में कहा, चीनी वैक्सीन रिसर्च और विकास दुनिया में सबसे उन्नत में से एक है।

## विनाशकारी बाढ़ में अब तक 109 मौतें

**टेक्सास, एजेंसी।**
अमेरिका के न्यू मेक्सिको राज्य में मंगलवार को तेज बारिश के बाद कई इलाकों में अचानक बाढ़ आ गई। बाढ़ का सबसे ज्यादा असर रुडोसो नाम के पहाड़ी गांव में दिखा, जहां बहाव इतना तेज था कि कई घर बह गए और कई लोग फंसे रह गए। राहत-बचाव टीमें लगातार काम में जुटी हैं। अमेरिका के मध्य टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में आई अचानक बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने कहा कि बाढ़ से 109 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 160 से अधिक लोग लापता हैं।

नेशनल वेदर सर्विस ने रुडोसो और उसके आसपास के इलाकों के लिए फ्लैश फ्लड इमरजेंसी जारी की है। ये वही क्षेत्र है, जहां पिछले साल जंगल में आग लगी थी और हजारों एकड़ जंगल जलकर राख हो गया था। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने बताया कि अब तक किसी मौत की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। कई लोगों को बहते पानी और घरों से सुरक्षित बाहर निकाला गया है, लेकिन अब तक यह साफ नहीं है कि कुल कितने लोग लापता हैं। रियो रुडोसो नदी के किनारे बसे इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नदी का जलस्तर मंगलवार दोपहर 3 बजे करीब डेढ़ फीट था, जो एक घंटे से भी कम समय में 20 फीट तक पहुंच गया। इसके बाद पानी का स्तर धीरे-धीरे गिरने लगा, लेकिन तब तक कई घर बह चुके थे और सड़कों पर आवाजाही रुक गई थी। नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी जारी कर कहा- रुडोसो में खतरा बना हुआ है। फ्लैश फ्लड इमरजेंसी जारी है।

# चीन के छात्रों पर जासूसी का आरोप, विश्वविद्यालयों से चाइनीज छात्रवृत्ति को खत्म करने की मांग

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिका की सत्ताधारी पार्टी रिपब्लिकन के कई सांसदों ने विश्वविद्यालयों से चीन समर्थित छात्रवृत्ति कार्यक्रम को खत्म करने की मांग की है। रिपब्लिकन सांसदों का दावा है कि चीनी छात्रवृत्ति कार्यक्रम की आड़ में चीन ने अमेरिकी तकनीक चुराने का कुटिल तंत्र बनाया हुआ है। रिपब्लिकन सांसदों ने सात विश्वविद्यालयों को पत्र लिखा है, जिनमें नोट्रे डेम विश्वविद्यालय, डार्टमाउथ भी शामिल हैं। चीन द्वारा समर्थित छात्रवृत्ति कार्यक्रम के जरिए हर साल सैंकड़ों चीनी छात्र अमेरिकी विश्वविद्यालयों से स्नातक होते हैं। चीनी छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत चीनी छात्रों को अमेरिकी विश्वविद्यालयों से स्नातक होने के बाद चीन वापस जाना होता है और वहां दो साल काम करना होता है। कार्यक्रम के तहत चीन की सरकार अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ने के लिए 50 फीसदी खर्च वहन करती हैं और साथ ही डॉक्ट्रेट की पढ़ाई करने के लिए स्टाइपेड भी देती है। मंगलवार को रिपब्लिकन सांसदों द्वारा भेजे गए पत्र में चीन की इस योजना को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया गया। अमेरिकी कांग्रेस के निचले सदन में रिपब्लिकन सांसद जॉन मूलेनार की अध्यक्षता वाली समिति ने पत्र में लिखा कि सीएससी कार्यक्रम, अमेरिकी और चीनी संस्थानों के बीच एक संयुक्त छात्रवृत्ति कार्यक्रम होने का दावा करता है। हालांकि, वास्तव में यह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा बनाया गया एक प्रौद्योगिकी चुराने का प्रयास है, जो अमेरिकी संस्थानों का शोषण करता है और सीधे तौर पर चीन के सैन्य और वैज्ञानिक विकास को मदद करता है।



**रिपब्लिकन सांसदों ने अमेरिका के सात विश्वविद्यालयों को लिखा पत्रः** जिन सात विश्वविद्यालयों को रिपब्लिकन सांसदों ने पत्र लिखा है, उनमें नोट्रे डेम विश्वविद्यालय, डार्टमाउथ, यूनिवर्सिटी ऑफ टेनेसी, टेंपल यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया के डेविस, इर्विन और रिवरसाइड स्थित कैंपस शामिल हैं। कई विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि उन्होंने चीन की सरकार द्वारा समर्थित छात्रवृत्ति कार्यक्रम को बंद करने की योजना शुरू कर दी है। सांसदों ने विश्वविद्यालयों से चीनी घुसपैठ की जांच करने की भी मांग की है। साथ ही ये भी मांग की गई है कि चीन की छात्रवृत्ति योजना के तहत पढ़ाई करने वाले चीनी छात्र क्या अमेरिकी सरकार की फंडिंग से होने वाले रिसर्च कार्यक्रमों से तो नहीं जुड़े हैं, इसकी भी जांच की जाए। अमेरिका की ट्रंप सरकार पहले ही अमेरिका पढ़ाई के लिए आने वाले चीनी छात्रों की सघन जांच कर रही है। ट्रंप ने चीन की नागरिक-सैन्य रणनीति से जुड़े छात्रों को भी वीजा नहीं देने का फैसला किया है। अहम और संवेदनशील विषयों की पढ़ाई करने वाले चीनी छात्रों का भी वीजा रद्द करने की बात ट्रंप प्रशासन ने कही है। हालांकि कई विश्वविद्यालयों ने चेताया है कि सभी चीनी छात्र जासूसी में शामिल नहीं हैं। गौरतलब है कि चीन से हर साल लाखों छात्र अमेरिका पढ़ाई के लिए जाते हैं। साल 2023-24 में भी 2,70,000 से ज्यादा चीनी छात्र पढ़ाई के लिए अमेरिका पहुंचे और अधिकतर की पढ़ाई का खर्च उनके परिजनों ने उठाया न कि चीन की सरकार ने। कई छात्र अभी भी अमेरिका में रहकर काम कर रहे हैं और कई वापस चीन लौट चुके हैं। रिपब्लिकन सांसदों ने कहा कि उनका उद्देश्य चीन और अमेरिकी विश्वविद्यालयों की साझेदारी को खत्म करना है। कई विश्वविद्यालों ने इस दिशा में कदम उठा भी लिए हैं। बीते साल एक संसदीय रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि अमेरिकी सरकार ने रिसर्च में जो करोड़ों डॉलर खर्च किए, उनसे चीन को फायदा हुआ और खासकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर तकनीक, परमाणु हथियार जैसे क्षेत्रों में चीन की प्रौद्योगिकी बेहतर हुई।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129